www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

04 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 254


भारत में लोकतंत्र सिस्टम नहीं, संस्कार है: मोदी



## केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने गढ़वा में फोर लेन और रांची में एलिवेटेड कॉरिडोर जनता को किया समर्पित

# रांची को आउटर रिंग रोड और इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिलेगी : गडकरी

- राज्य सरकार सहयोग दे, तो कई काम समय पर पूरे हो जायेंगे
- 4.18 किमी लंबे रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर पर सरपट दौड़ी गाड़ियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को रांची के लोगों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने 4.18 किलोमीटर लंबे रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण किया, जिसे 22 महीने में 560 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। इस मौके पर ओटीसी मैदान में आयोजित जनसभा में गडकरी ने कहा कि झारखंड में दो लाख करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं और एक लाख करोड़ की परियोजनाएं इसमें और जुड़ेंगी। यदि राज्य सरकार का सहयोग मिला, तो ये सभी परियोजनाएं समय पर पूरी हो जायेंगी। गडकरी ने कहा कि इस एलिवेटेड कॉरिडोर की वजह से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। साथ ही प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी। मौके पर उन्होंने 6300 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। जनसभा में गडकरी ने कहा कि सालों पहले सीपी सिंह ने मुझे इस रास्ते पर लाकर कहा था कि यहां फ्लाइओवर बनाने की जरूरत है। इसके बाद संजय सेठ लगातार मेरे पीछे लगे रहे। अधिकारियों ने मुझसे कहा कि यह सड़क शहर के बीचोबीच है, इसलिए इस काम को राज्य सरकार या नगर निगम को करना चाहिए। हालांकि बाद में हमने संजय सेठ के दबाव में इस पुल को बनाने का फैसला किया और अब यह बन कर तैयार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने फोन करके दिल्ली से आने में असमर्थता जतायी। उनसे अनुरोध करूंगा कि जमीन अधिग्रहण और फॉरेस्ट क्लीयरेंस देंगे, तो कई काम हो जायेंगे।

जनसभा में गडकरी ने खुलकर रांची के भविष्य और झारखंड के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर अपनी योजनाएं साझा की। संजय सेठ द्वारा फ्लाइओवर के पिलरों पर सोहराई पेंटिंग कराने की मांग पर गडकरी ने सहमति जतायी। (शेष पेज 5 पर)



रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण करते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।

### भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी

नितिन गडकरी ने बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में महुआ माजी और राज्य के मंत्री दीपक बिरुवा भी शामिल हुए। उनके अलावा केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, कई सांसद, विधायक और सरकारी अधिकारी भी इस समारोह में मौजूद रहे।

## केंद्र झारखंड बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध: गडकरी

- पलामू के शंखा से गढ़वा के खजूरी तक फोरलेन सड़क का उद्घाटन किया
- छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा से गुमला शहर के बीच बनने वाली फोर लेन का शिलान्यास किया

विजय प्रताप देव

गढ़वा (आजाद सिपाही)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड के गढ़वा पहुंचकर रेहला फोरलेन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। उन्होंने गढ़वा के लोगों को कुल 2460 करोड़ की सौगात दी। उन्होंने पलामू के शंखा से गढ़वा के खजूरी तक 1,129 करोड़ की लागत से बनायी गयी फोरलेन सड़क आम जनता को समर्पित की। इसके अलावा छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा से गुमला शहर के बीच 32 किलोमीटर लंबी 1,330 करोड़ की लागत से बनने वाली फोर लेन सड़क परियोजना का शिलान्यास किया। इस मौके पर राज्य सरकार में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, सांसद विष्णु दयाल राम सहित कई नेता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि केंद्र झारखंड के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं लागू की जायेंगी। गडकरी ने कहा कि खनिज संसाधनों से समृद्ध झारखंड में राजमार्ग क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास होगा। मैं झारखंड के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। लोगों को राज्य में दो लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के क्रियान्वयन का आश्वासन देता हूं। गडकरी ने कहा कि हमने राज्य में 40,000 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं पूरी की हैं। वर्तमान में हम 70,000 करोड़ की लागत वाली राजमार्ग परियोजनाओं को लागू कर रहे हैं, जबकि 75,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। (शेष पेज 5 पर)

### 6300 करोड़ की इन योजनाओं का किया लोकार्पण

- 1900 करोड़ रुपये की लागत से पलमा से गुमला तक बने फोर लेन सड़क
- 560 करोड़ रुपये की लागत से रांची में रातू रोड पर बने एलिवेटेड कॉरिडोर
- 70 करोड़ की लागत से बने बाराहाट से तुलसीपुर खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर के चौड़ीकरण
- 825 करोड़ की लागत से बने बरही-कोडरमा खंड फोर लेन
- 100 करोड़ की लागत वाली गोड्डा से सुंदरपहाड़ी खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर के चौड़ीकरण
- 20 करोड़ की लागत से गिरिडीह शहर में सड़क के चौड़ीकरण
- 1130 करोड़ की लागत से शंखा से खजुरी तक बने फोर लेन सड़क







सत्यमेव जयते
भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय



'नारी शक्ति के लिए नए अवसर'

सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान,
के क्षेत्रीय केंद्र, रांची के उद्घाटन के अवसर पर
समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

"हमारी माताएं, बहनें, बेटियां, विकसित भारत के संकल्प में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं। बीते 11 वर्षों में हमारी नारी शक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं।"
- श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

रांची केंद्र के खुलने से लाभ:
- देश के पूर्वी क्षेत्र के राज्यों - झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को मिलेगा लाभ और मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं की विशिष्ट प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को किया जाएगा पूरा।
- केंद्र द्वारा बाल मार्गदर्शन एवं परामर्श में एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रम और अग्रिम पंक्ति के कर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
- रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

उद्घाटन समारोह
मुख्य अतिथि
श्रीमती अन्नपूर्णा देवी
माननीय केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय


गरिमामयी उपस्थिति
श्री संजय सेठ
माननीय राज्य मंत्री, रक्षा मंत्रालय
श्रीमती सावित्री ठाकुर
माननीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
श्री नवीन जयसवाल
माननीय विधायक, हटिया
श्री राजेश कच्छप
माननीय विधायक, खिजरी

दिनांक : 4 जुलाई 2025, शुक्रवार
स्थान : सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, झारखंड शहरी नियोजन एवं प्रबंधन संस्थान, एचईसी मुख्यालय के पास, धुर्वा, रांची, झारखंड
CBC 46101/13/0013/2526

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# पलक-पांवड़े बिछा कर गढ़वा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी किया स्वागत



## विधायक सत्येंद्र तिवारी ने गिनायीं जिले की समस्याएं, रखी बड़ी मांगें

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के गढ़वा आगमन पर पूरा जिला अभिभूत रहा। जिले ने पलक-पांवड़े बिछा कर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। गडकरी की जनसभा में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जनसभा के दौरान स्थानीय विधायक सत्येंद्र तिवारी ने जिले की विकासात्मक समस्याओं को जोर-शोर से मंच से उठाया। विधायक ने गढ़वा को देश का एकमात्र ऐसा जिला बताया, जहां आज भी एक भी कल-कारखाना नहीं है और बेरोजगारी चरम पर है। विधायक ने कहा कि गढ़वा देश के 22 आकांक्षी जिलों में शामिल है, लेकिन आज भी बुनियादी सुविधाओं और रोजगार की घोर कमी है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री



से अपील की कि जिले में कोई व्यवसायिक या औद्योगिक इकाई स्थापित की जाये, जिससे यहां के युवाओं को रोजगार मिल सके और पलायन पर अंकुश लगे। विधायक ने कहा कि गढ़वा में सीडी रेशियो मात्र 43% है, जिससे स्पष्ट होता है कि यहां के लोगों को बैंक से लोन तक नहीं मिल पाता। यही कारण है कि गढ़वा का पैसा बाहर के राज्यों में चला जाता है। उन्होंने झारखंड सरकार पर भी वित्तीय कुप्रबंधन और झूठे वादों का आरोप लगाते हुए कहा कि न तो महिलाओं को वादा किये गये 25 सौ रुपये की राशि मिल रही है और न ही वृद्धा और विधवा पेंशन समय पर वितरित हो रही है। विधायक ने गडकरी को गढ़वा बाइपास निर्माण के लिए धन्यवाद देते हुए यह भी कहा कि यह बाइपास पहले केवल एक चुनावी वादा हुआ करता था, लेकिन आपके प्रयासों से यह अब हकीकत बन गया है। उन्होंने आग्रह किया कि गढ़वा के लिए एक दीर्घकालिक औद्योगिक योजना बनायी जाये।

### नितिन गडकरी दलगत भावना से ऊपर उठकर काम करते हैं : राधाकृष्ण किशोर



रांची (आजाद सिपाही)। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि केंद्र सरकार मां है तो झारखंड उनका बच्चा है। इसलिए हम केंद्र से अपनी आवश्यकता अनुसार मांग करेंगे ही। हमें आपके सामने रोना ही होगा और आप हमारी मांग पूरी करेंगे ऐसी पूरी उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बगैर किसी राजनीति दलगत भावना से ऊपर उठकर काम करते हैं। पलामू में फोरलेन सपना था जिसे इन्होंने पूरा कर दिया है। पानी व उद्योग धंधे के लिए यहां पलायन हो रहा है। इस पर काम करने की जरूरत है।

## गढ़वा बाइपास सड़क नहीं, समृद्धि विकास का प्रतीक है : वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** वर्षों से लंबित गढ़वा बाइपास परियोजना के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित समारोह में पलामू के सांसद वीडी राम ने गढ़वा की जनता को ऐतिहासिक सौगात की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सड़क केवल कंक्रीट का ढांचा नहीं है, बल्कि यह समृद्धि, एकता और क्षेत्रीय विकास का प्रतीक है। सांसद ने कहा कि गढ़वा बाइपास के उद्घाटन से वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। यह बाइपास लगभग 22.73 किलोमीटर लंबा है, जिस पर करीब 1129 करोड़ रुपये की लागत आयी है। यह सड़क छह चरणों में बन रही फोरलेन हाइवे परियोजना का चौथा चरण है, जो शंखा से खज तक फैला है। सांसद ने बताया कि यह सड़क झारखंड को उत्तर प्रदेश के वाराणसी और



राज्य की राजधानी रांची से जोड़ेगी, जिससे आवागमन के साथ-साथ व्यापार, शिक्षा और रोजगार के अवसर भी तेजी से बढ़ेंगे। उन्होंने गढ़वा और पलामू की पिछली स्थिति को याद करते हुए कहा कि एक समय था, जब कांडी से बडीहा, जपला से छतरपुर होते हुए गढ़वा और कुटी मोड़ तक कहीं भी ढंग की सड़क नहीं थी। लेकिन अब पूरे क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ रहा है, जिसका श्रेय केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को जाता है। सांसद ने कहा कि बेहतर सड़क नेटवर्क नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास लाने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि अब न केवल सुरक्षा बलों की पहुंच आसान हुई है, बल्कि आम जनता को भी राहत मिल रही है।

सांसद ने मौके पर कई अहम मांगें भी केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखीं, जिनमें गढ़वा से पका ब्रिज तक ग्रीन फील्ड फोरलेन कॉरिडोर, रामानुजगंज से गढ़वा सड़क को फोरलेन में बदलना, एनएच 98 के बड़वा मोड़ से सिलार तक के हिस्से को एनएचएआइ से पूरा कराने का आग्रह, जपला क्षेत्र में सोन नदी पर पुल का निर्माण, रेहला क्षेत्र में इथेनॉल फैक्ट्री की स्थापना आदि शामिल है। सांसद ने बंशीधर धाम के ऐतिहासिक महत्व का भी उल्लेख करते हुए एनएच-39 पर एक भव्य प्रवेश द्वार बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे गढ़वा की सांस्कृतिक पहचान से जोड़ा गया। अंत में सांसद बीडी राम ने कहा, सड़कें केवल कंक्रीट की नहीं होतीं, यह हमारे सपनों, भविष्य और आशाओं की नींव होती हैं।

## खराब मौसम ने गढ़वा में रोका गडकरी का रास्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी खराब मौसम के कारण गढ़वा में कई घंटे तक फंसे रहे। रांची एयरपोर्ट के एटीसी ने खराब मौसम को देखते हुए उनके हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी। इससे उनका रांची जाने का कार्यक्रम बाधित हो गया। बाद में उन्हें गयाजी ले जाया गया, जहां से सेवा विमान से वह शाम को रांची पहुंचे।

### छोटा हेलीकॉप्टर और खराब मौसम बना कारण

जानकारी के अनुसार गडकरी का हेलीकॉप्टर अपेक्षाकृत छोटा

### हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिली

और कम पावर वाला था। मौसम की खराबी के चलते एटीसी ने किसी भी तरह का जोखिम लेने से इनकार कर दिया। तय कार्यक्रम के मुताबिक गडकरी को दोपहर ढाई बजे बजे गढ़वा से उड़ान भरकर रांची पहुंचना था। वहां से वह रेडिसन ब्लू होटल में भोजन करने के बाद एटीसी ग्राउंड जाने वाले थे, जहां से रातू रोड फ्लाइओवर के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेना था। हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिल पाने के कारण गडकरी को गढ़वा में रुकना पड़ा। इसके बाद उनके



हेलीकॉप्टर को गढ़वा से गयाजी ले जाने की तैयारी की गयी। फिर गयाजी एयरपोर्ट से सेवा विमान से गडकरी को रांची ले जाया गया।

रांची रवाना होने में विलंब के कारण मंत्री गढ़वा में ही रुके रहे। इस बीच प्रशासन को उम्मीद थी कि मौसम में सुधार होते ही उड़ान की अनुमति मिल जायेगी और गडकरी गढ़वा से ही रांची के लिए रवाना हो सकेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तब गडकरी पास में आयोजित एक भजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

## प्रशासन रहा अलर्ट मोड में, व्यवस्थाएं चाक-चौबंद

### डीसी और एसपी ने संभाल रखी थी पूरी व्यवस्था की कमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** केंद्रीय सड़क, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के आगमन के दौरान सुबह से ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव और आरक्षी अधीक्षक अमन कुमार ने पूरी व्यवस्था की कमान संभाल रखी थी। सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद थीं। लोगों को किसी किस्म की असुविधा नहीं हो, इसे लेकर भी



प्रशासन सक्रिय रहा। सदर प्रखंड स्थित हूर मैदान में सभी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी थीं। कार्यक्रम स्थल के प्रवेश और निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल, अग्निशमन, चिकित्सा और अस्थायी शौचालय जैसे सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को पूरी तरह निर्बाध बनाया गया। जिला प्रशासन की तरफ से उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा, एसडीपीओ नीरज कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी गढ़वा, भवन प्रमंडल एवं पीएचइडी के कार्यपालक अभियंता सहित कई अन्य पदाधिकारी व्यवस्था बनाने में लगे रहे।

# 40 साल का इंतजार खत्म, अब आंदोलन नहीं सौगात मिलती है : संजय सेठ







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एक फ्लाइओवर नहीं, बल्कि रांची के सपनों की उड़ान है, जो 40 साल के लंबे इंतजार के बाद साकार हुई है।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब जाम ने रांचीवासियों का जीवन मुश्किल कर दिया था। उस समय आंदोलन करना पड़ता था, धरने पर बैठना पड़ता था। लेकिन आज ऐसे मंत्री हमारे पास हैं, जो बिना आंदोलन के ही जनता की जरूरतें समझते हैं और सौगात देते हैं। गडकरी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, देश की तकदीर और तस्वीर बदलने वाले नितिन गडकरी, ऐसे नेता हैं जो पक्ष-विपक्ष दोनों की सुनते भी हैं और देते भी हैं।

उन्होंने रांची के लिए आउटर रिंग रोड की मांग करते हुए कहा कि जैसे रिंग रोड ने शहर को राहत दी, वैसे ही आउटर रिंग रोड से रांची और अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित हो जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने प्रस्ताव दिया कि एलिवेटेड रोड के पिलरों पर पारंपरिक सोहराई पेंटिंग करवाई जाये, जिससे रांची की सांस्कृतिक पहचान भी उभरे। संजय सेठ ने रांची-अनगड़ा-सिल्ली-मुरी सड़क को फोर लेन करने की मांग रखते हुए कहा कि रांची अब लाखों छात्रों और कामकाजी लोगों का गंतव्य बन चुका है। यहां बेहतर और तेज आवागमन बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने मेट्रो की भौगोलिक असंभवता का जिक्र करते हुए इलेक्ट्रिक फ्लैश बसों को एक व्यवहारिक और पर्यावरण अनुकूल विकल्प बताया।

### कार्यक्रम में रही इनकी मौजूदगी

नितिन गडकरी, सड़क-परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री
संजय सेठ, रांची सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री
अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री
बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष
रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री
दीपक बिरुआ, भू-राजस्व मंत्री
आदित्य साहू, राज्यसभा सांसद
प्रदीप वर्मा, राज्यसभा सांसद
दीपक प्रकाश, राज्यसभा सांसद
महुआ माझी, राज्यसभा सांसद
ढुल्लू महतो, सांसद
चंद्र प्रकाश चौधरी, सांसद
रागिनी सिंह, विधायक
सीपी सिंह, विधायक






### योजनाएं शिलान्यास तक सीमति नहीं, उद्घाटन भी होता है : रघुवर दास



रांची (आजाद सिपाही)। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि आज झारखंड को 6300 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात मिली है, जो राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर को नयी गति देगी। यह फ्लाइओवर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की देन है। जब झारखंड में डबल इंजन की सरकार थी, तभी इन परियोजनाओं की नींव रखी गयी थी और आज उसका प्रतिफल मिल रहा है। उन्होंने कहा पहले बड़े महानगरों को ही प्राथमिकता दी जाती थी, लेकिन पिछले 11 वर्षों में झारखंड को भी वही सम्मान और विकास मिल रहा है। अब प्रोजेक्ट केवल शिलान्यास तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समय पर उनका उद्घाटन भी होता है। राज्य में डबल इंजन की सरकार के दौरान 92 पुलों और कई प्रमुख सड़कों का निर्माण हुआ, जिसमें नितिन गडकरी की भूमिका निर्णायक रही है। रांची और गढ़वा की परियोजनाएं भी उसी समय की देन हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.3 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.07 बजे |



# सीएम हेमंत ने दिया निर्देश, दुबई में फंसे झारखंडी कामगार जल्द लौटेंगे स्वदेश





**बकाया पारिश्रमिक का भी हो रहा भुगतान, कंपनी कर रही कामगारों के वतन वापसी की व्यवस्था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद दुबई में फंसे गिरिडीह, हजारीबाग और धनबाद के 15 कामगारों के वतन वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। कामगारों ने वीडियो जारी कर राज्य सरकार से वतन वापसी में सहयोग की अपील की थी। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग और राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को कामगारों के सुरक्षित वतन वापसी एवं बकाये पारिश्रमिक का भुगतान कराने का निर्देश दिया था। सभी 15 कामगार दुबई स्थित मसी कंट्रेक्टिंग एलएलएसी कंपनी में कार्यरत हैं।

**कामगारों ने इन बातों से कराया था अवगत :** कामगारों ने जानकारी दी कि उन्हें पिछले कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। बार-बार अनुरोध के बावजूद कंपनी की ओर से वेतन भुगतान में टालमटोल की जा रही है। कंपनी द्वारा किसी प्रकार का वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिन मकानों में वे रह रहे हैं, वहां मकान का किराया नहीं देने पर पानी की आपूर्ति बंद कर दी गयी है। वे वतन वापसी करना चाहते हैं ।

**जल्द होगी वतन वापसी, बकाया पारिश्रमिक का हुआ भुगतान** मुख्यमंत्री के मिले निर्देश के आलोक में राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा कामगारों को भोजन, पानी एवं आवश्यक दैनिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराने के लिए कंपनी से बकाया वेतन दिलवाने एवं कामगारों के शीघ्र वतन वापसी के लिए विदेश मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय दूतावास, अबूधाबी / दूतावास, दुबई से अनुरोध किया गया। इसके उपरांत 02 जुलाई को कंपनी द्वारा अप्रैल 2025 का वेतन कुल 5,55,242.07 रुपया भुगतान किया गया। कंपनी द्वारा शेष बकाया पारिश्रमिक का भुगतान करने एवं भारत वापसी की व्यवस्था का आश्वाशन कंपनी के प्रतिनिधि एनटी रेड्डी (महाप्रबंधक) ने भारतीय दूतावास के अधिकारियों को दिया है।

## सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान की पहल

# नये क्षेत्रीय केंद्र का आज रांची में उद्घाटन करेंगी अन्नपूर्णा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय शुक्रवार को झारखंड के रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के एक नये क्षेत्रीय केंद्र के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करेगा। संस्थान को पहले एनआइपीसीसीडी के नाम से जाना जाता था। इस नये केंद्र का उद्घाटन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी करेंगी। समारोह में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, खिजरी के विधायक राजेश कच्छप और हटिया निर्वाचन क्षेत्र के विधायक नवीन जायसवाल और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु लड़कियों के साथ बातचीत, अनुभव साझा करना और व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा करने वालों के लिए नौकरी के प्रमाणपत्रों का वितरण भी शामिल होगा। इस कार्यक्रम में संस्थान के नये लोगो का शुभारंभ भी किया जायेगा।

यह नया क्षेत्रीय केंद्र भारत के पूर्वी क्षेत्र में क्षमता निर्माण प्रयासों को विकेंद्रीकृत करने और सेवा वितरण में सुधार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। यह नया क्षेत्रीय केंद्र विशेष रूप से मंत्रालय की प्रमुख पहलों- मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इसमें झारखंड, बिहार, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। यह स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योगदान करने और केंद्रीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। नया क्षेत्रीय केंद्र बाल मार्गदर्शन और परामर्श में उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी प्रदान करेगा और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के नये अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी व व्यवसाय में उलझनों से राहत मिलेगी। लंबित कार्य पूरा करने में व्यस्तता रहेगी।

**वृष** रोजी-रोजगार के हालत सुधरेंगे। बाधायें तो आयेंगी परंतु आप अपनी चतुराई और सूझ-बूझ से उनसे छुटकारा पा लेंगे।

**मिथुन** भाग्योन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, व्यवसाय में लाभ होगा। लाटरी, जुआ, सट्टे में पैसा न लगायें।

**कर्क** संपत्ति संबंधी अनेक समस्याएं उत्पन्न होंगी, आय कम होगी। जिसके कारण बचत कम होने से मन उदास रहेगा।

**सिंह** आप इस समय किसी राजकीय विपत्ति के शिकार हो सकते हैं, व्यावसायिक उलझनें भी बढ़ने की संभावना है।

**कन्या** प्रयास और परिश्रम से सफलता मिलेगी, मनोवांछित कार्य पूरे होंगे, प्रेम-प्रसंगों में सफलता मिलेगी।

**तुला** विवाह आदि उत्सवों की योजना बनेगी, परिवार में शुभ व धार्मिक कार्य होंगे, स्वजन-मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** परिवार में कोई खुशी का अवसर आयेगा। रिश्तेदार और मित्रों से मेल-मिलाप होगा।

**धनु** परिश्रम-प्रयत्न से आय में आशानुकूल वृद्धि होगी, शुभ कार्य की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी, नये-नये लोगों से जान-पहचान बनेगी।

**मकर** दैनिक कार्य सरलता से पूरे होंगे, जिस कार्य के लिए प्रयास करेंगे वह पूरा होने की संभावना है।

**कुंभ** आज आप व्यस्त रहेंगे, लंबित काम निपटायेंगे, स्थितियां धीरे-धीरे सामान्य होती जायेंगी, प्यार में सफलता मिलेगा।

**मीन** समय कष्टकारी है, बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें, अत्यधिक विश्वास घातक हो सकता है।

# गढ़वा में गडकरी का कार्यक्रम महज दिखावा योजनाओं पर पहले से हो रहा था काम : सुप्रियो

**लोकार्पित की गयी परियोजनाओं को राजनीतिक इवेंट मैनेजमेंट बताया**

**राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की लागत पर भी सवाल खड़े किये**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुरुवार को रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के गढ़वा दौरे और उनके उद्घाटन कार्यक्रमों को लेकर गंभीर सवाल उठाये। उन्होंने गडकरी द्वारा लोकार्पित की गयी परियोजनाओं को राजनीतिक इवेंट मैनेजमेंट बताया और दावा किया कि जिन योजनाओं की झंडी दिखायी गयी, उन पर तो पहले से काम जारी था और टोल वसूली भी चालू हो चुकी थी। भट्टाचार्य ने कहा कि जिस बायपास का उद्घाटन गडकरी ने किया, वहां कई दिनों से टोल टैक्स वसूला जा रहा है। उन्होंने पूछा कि जब सड़क पहले से चालू थी तो उद्घाटन का औचित्य क्या रह जाता है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र प्रायोजित कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की लागत पर भी सवाल खड़े किये।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने जिन योजनाओं की लागत 400 करोड़ बतायी है, उनकी वास्तविक लागत 558 करोड़ है। यानी 158 करोड़ अतिरिक्त खर्च किसने किया और क्यों किया, इसका कोई जवाब नहीं दिया गया।

भट्टाचार्य ने झारखंड सरकार द्वारा पूरी की गयी परियोजनाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि रांची का मेकॉन फ्लाइओवर 355 करोड़ में बना जबकि कांटाटोली फ्लाइओवर महज 224 करोड़ में तैयार हुआ। इसके मुकाबले केंद्र की योजनाओं में भारी लागत दिखायी जा रही है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर भी हमला बोला और आरोप लगाया कि उनके शासनकाल में एक फ्लाइओवर में 150 करोड़ की बर्बादी हुई थी।

भट्टाचार्य ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गडकरी को पत्र लिखकर निजी कारणों से कार्यक्रम की तिथि आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था, लेकिन केंद्र ने इसे अनदेखा कर दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर कार्यक्रम को राजनीतिक मंच नहीं माना जा रहा था, तो फिर केवल बीजेपी के सांसद, विधायक और पूर्व जनप्रतिनिधियों को मंच पर क्यों जगह दी गयी, जबकि क्षेत्रीय विधायक को बुलाया तक नहीं गया। भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड के संसाधनों पर हो रहे इस तरह के खर्च और पक्षपातपूर्ण राजनीति का हिसाब अब जनता लेगी और भाजपा को इसका जवाब देना होगा।

# रेल हादसा : बिना ड्राइवर के दौड़ी मालगाड़ी दूसरी मालगाड़ी से जा टकरायी, 14 बोगियां हुईं बेपटरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिले के बरहड़वा प्रखंड स्थित बिंदुवासिनी रैक लोडिंग साइट पर गुरुवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा हो गया। एक मालगाड़ी की 14 बोगियां बिना चालक और बिना ब्रेक के तेज रफ्तार से दौड़ती हुई दूसरी खड़ी मालगाड़ी से जा टकरायीं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक के बाद एक बोगियां पटरी से उतरकर नीचे गिर गयीं। सभी बोगियों में गिट्टी लोड थी। इस हादसे में रेलवे को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

**कैसे हुआ हादसा?**

बरहड़वा रैक लोडिंग यार्ड में एक मालगाड़ी का रैक लोड होकर खड़ा था। अचानक यह रैक बिना किसी सिग्नल या चालक के नियंत्रण के अपने स्थान से लुढ़कने लगा। तेज रफ्तार में यह दूसरी खड़ी मालगाड़ी से टकरा गया। हादसे का वीडियो सामने आया है, जिसमें बोगियां एक-दूसरे पर चढ़ती और पटरी से नीचे गिरती दिख रही हैं। इस घटना से यार्ड में अफरातफरी मच गयी।

**14 बकरियों की मौत, मानव हानि टली :** हादसे के दौरान सौभाग्य से कोई मानव हानि नहीं हुई। हालांकि, सुबह-सुबह स्थानीय लोग अपनी बकरियों को रेलवे पटरी के किनारे चराने के लिए छोड़ गये थे। तेज रफ्तार बोगियों की चपेट में आने से 14 बकरियों की मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अगर उस समय कोई व्यक्ति वहां मौजूद होता, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

रेलवे को भारी नुकसान

हादसे में रेलवे को भारी आर्थिक क्षति हुई है। मालदा डिविजन और साहिबगंज से क्रेन और अन्य मशीनें मंगवाकर बेपटरी बोगियों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गयी है। मालदा डिविजन के पीआरओ प्रणय कुमार ने बताया, 'डीआरएम सहित वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। जांच के बाद शाम तक नुकसान का आकलन हो पायेगा।

**जांच शुरू, दोषियों पर कार्रवाई की बात :** रेलवे प्रशासन ने इस हादसे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रैक के लुढ़कने का कारण तकनीकी खराबी या मानवीय चूक हो सकती है। अधिकारियों का कहना है कि जांच में दोषी पाये जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**प्रत्यक्षदर्शियों में दहशत :** घटना को लाइव देखने वाले स्थानीय लोग दहशत में हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, 'यह हादसा इतना भयानक था कि देखकर रोंगटे खड़े हो गये। गनीमत रही कि लोगों की जान बच गयी।

# उत्तम यादव गिरोह के 9 अपराधियों को पुलिस ने दबोचा, सड़क पर करायी परेड

**श्री ज्वेलर्स जेवर दुकान पर की थी फायरिंग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के श्री ज्वेलर्स ज्वेलरी शॉप पर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले 9 अपराधियों को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने 9 अपराधियों को सड़क पर परेड भी करायी और न्यायालय पहुंचाया। गत 22 जून को श्री ज्वेलर्स के बाहर एक बाइक पर सवार दो अपराधियों ने 7 राउंड फायरिंग कर संचालक को निशाना बनाया था। गोली चलाने के बाद दोनों अपराधी भाग गये थे। घटना के 10 दिनों के बाद हजारीबाग पुलिस को सफलता मिली और घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों के साथ 9 को धर दबोचा। सभी उत्तम यादव गिरोह के सदस्य हैं और उसके लिए ही काम करते हैं।

हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि बुधवार को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी उत्तम यादव गिरोह के सक्रिय सदस्य एक काले रंग की पल्सर पर हथियार के साथ दो लड़का एवं एक ग्रांड विटारा कार में 5-6 साथियों संग किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए हजारीबाग शहर के संत कोलंबस कॉलेज रोड में घूम रहे हैं। सूचना पर एसडीपीओ अमित आनंद के नेतृत्व में एक टीम बना कर विशेष छापेमारी शुरू की गयी। टीम ने चेकिंग शुरू की। इस बीच एक काले रंग की पल्सर बाइक जिसपर दो लोग बैठे थे एवं पल्सर के पीछे एक ग्रांड विटारा कार आते दिखी। रोकने के इशारा करने पर बाइक और कार पर सवार सभी भागने लगे। पुलिस ने 7 लोगों को खदेड़कर पकड़ा। पुलिस के पूछताछ पर इनलोगों ने बताया कि हम सभी कुख्यात अपराधी उत्तम यादव के गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं और उत्तम यादव के इशारे पर हत्या, रंगदारी, लूट, फायरिंग जैसे घटना को अंजाम देते हैं। उत्तम यादव के इशारे पर ही 22 जून को शहर के श्री ज्वेलर्स में फायरिंग किया था। इन्हीं की निशानदेही पर नीतीश कुमार और बादल कुमार सिंह को रांची से दबोचा गया। श्री ज्वेलर्स पर शक्ति गिरी उर्फ साइको टाइगर ने फायरिंग किया था, जबकि मनीष यादव बाइक चला रहा था।

छापेमारी दल में एसडीपीओ अमित आनंद, सदर थाना प्रभारी सुभाष सिंह, पेलावल इंस्पेक्टर बिनोद कुमार यादव, दारू इंस्पेक्टर शाहीद राजा, गिद्दी प्रभारी राणा भानू प्रताप सिंह, कटकम दाग प्रभारी पंकज कुमार, कटकमसांडी प्रभारी राजभल्लभ कुमार, चौपारण प्रभारी अनुपम प्रकाश, पुअनि निशांत केरकेट्टा, मुकेश कुमार सिंह के अलावा तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तों में ये हैं शामिल**

शक्ति गिरी उर्फ साइको पिता मनोज गिरी, ग्राम पत्थलगढ़ा, मनीष यादव पिता उमेश यादव ग्राम भेलवाडीह, मुकेश कुमार सोनी पिता बिनोद प्रसाद बाजार टांड़, राहुल कुमार वर्मा, पिता सुनील कुमार वर्मा ग्राम इचाक, शुभम अग्रवाल पिता राजेश प्रसाद ग्राम केसरी चौक, गोलू कुमार, पिता रामचंद्र सिंह, ग्राम इचाक, रवि रौशन कुमार पिता गणेश नारायण साहू ग्राम सतारा, सभी जिला चतरा और नीतीश कुमार पिता रामचंद्र यादव ग्राम बरकट्ठा, बादल कुमार सिंह पिता मनोज कुमार सिंह ग्राम सोहरा थाना चौपारण दोनों जिला हजारीबाग शामिल हैं।

# राज्यपाल ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गुरुवार को राज्यपाल संतोष गंगवार ने रांची के दीपाटोली स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। हॉकी जगत का यह दिग्गज खिलाड़ी इन दिनों अस्वस्थ होने के कारण अस्पताल में भर्ती हैं। राज्यपाल ने अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों से विमल लकड़ा के उपचार और स्वास्थ्य की प्रगति को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि विमल लकड़ा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश और झारखंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनका योगदान खेल जगत के लिए अमूल्य है। राज्यपाल ने विमल लकड़ा के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि राज्य के लोग उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं और उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को हर संभव चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: ईएलएसबी-25-लोको_ईक्यूपी_क्लीन-07/टीएन, दिनांक 02.07.2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च.स्टा.), बोकारो स्टील सिटी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सूचना संख्या: ईएलएसबी-25-लोको_ईक्यूपी_क्लीन-07 के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक लोको शेड, बोकारो में लोकोमोटिव और लोको इक्विपमेंट की सफाई और विविध रखरखाव। **अवधि:** 24 माह। **अनुमानित मूल्य:** रु.3,53,87,866.76, **बयाना राशि:** रु. 3,26,900/-, **निविदा प्रपत्र की लागत:** रु.11,800/-, निविदा कागजात आईआरईपीएस वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 28.07.2025 को 11.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय:** दिनांक 28.07.2025 को 11.00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि/समय:** दिनांक 28.07.2025 को 11.00 बजे (निविदा बंद होने के तुरंत बाद)। सभी भरोसेमंद, अनुभवी और इच्छुक निविदाकार इस कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। (PR-353)

## देवघर प्रशासन ने जारी की प्रसाद सामग्री की दरें

देवघर (आजाद सिपाही)। झारखंड के देवघर जिले में राजकीय श्रावणी मेला 11 जुलाई 2025 से शुरू हो रहा है। यह मेल 9 अगस्त तक चलेगा। ऐसे में श्रावणी मेला को सफल बनाने को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आगंतुक श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने कई जरूरी दिशा-निर्देश जारी किये हैं। प्रसाद सामग्रियों की गुणवत्ता व कीमतों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य जिला प्रशासन ने चूड़ा, ईलायची दाना और पेड़ा की कीमत निर्धारित कर दी हैं। ऐसे में जिला प्रशासन ने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिये हैं कि निर्धारित दर से अधिक राशि कोई भी नहीं वसूलेगा। अगर कोई दुकानदार ऐसा करते पकड़ जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा चूड़ा, ईलायची दाना और पेड़ा के गुणवत्ता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

**इस प्रकार है प्रसाद की निर्धारित दरें:** रायपुर चुड़ा की कीमत 5000 से 5500 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गयी है, जो कि 80 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से है। वहीं वर्द्धमान चुड़ा की कीमत 4800 से 5500 रुपये प्रति क्विंटल है, जिसका प्रति किलोग्राम मूल्य 60 रुपये है।

**SBI भारतीय स्टेट बैंक**

**क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, हजारीबाग, झारखण्ड**

**एस बी आई मुख्य शाखा भवन, द्वितीय तल, रवीन्द्र पथ, हजारीबाग - 825301**

**निविदा सूचना**

भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, हजारीबाग, को हजारीबाग **जिलान्तर्गत कैनरी हिल** रोड, हजारीबाग में नई शाखा खोलने हेतु उपयुक्त परिसर की आवश्यकता है। ऐसे मकान मालिक/पावर ऑफ अटॉर्नी धारक से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जिनके पास प्रस्तावित मकान, जेनरेटर रूम, ए टी एम रूम और पार्किंग क्षेत्र के लिए पर्याप्त स्थान एवं छत के ऊपर अनुयोजना हेतु टावर आदि लगाने की सुविधा उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति निविदा पत्र (पार्ट-ए और पार्ट - बी) तथा संबन्धित नियम एवं शर्तों से जुड़ी विस्तृत जानकारी बैंक के वैबसाइट www.sbi.co.in -> SBI IN THE NEWS-> PROCUREMENTS NEWS से **04.07.2025 - 10.07.2025** तक आप डाउनलोड कर सकते हैं या अधोहस्ताक्षरी के उपरोक्त कार्यालय से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं एवं **10.07.2025** अपराहन 3 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के उपरोक्त कार्यालय में जमा करा सकते हैं।

| क्रमांक | प्रस्तावित स्थान | अनुमानित जगह की आवश्यकता |
|---|---|---|
| 1. | कैनरी हिल रोड (जिला- हजारीबाग) | 2000-2500 वर्गफीट |

**नोट:** दिनांक 12.02.2025 को प्रकाशित कैनरी हिल रोड शाखा से संबन्धित निविदा रद्द की जाती है।

**नोट:** बैंक बिना कारण बताए किसी या सभी प्रस्तावों को अस्वीकार या रद्द करने का या इस सूचना के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों से अलग किसी अन्य परिसर के चयन का अधिकार सुरक्षित रखती है।

**स्थान : हजारीबाग**

**दिनांक : 04.07.2025**

**ह./- क्षेत्रीय प्रबन्धक**

**क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, हजारीबाग**

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# तीन सड़क हादसे, एक की मौत और तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिला में बीती रात से गुरुवार की सुबह तक तीन अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग घायल हो गये। कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी में गुरुवार की सुबह कोडरमा से बिहार की ओर जा रही ऐश लोड एक हाईवा पलट गयी, जिससे हाईवा चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान नालंदा (बिहार) निवासी 35 वर्षीय मुकेश यादव (पिता बच्चू यादव) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि कोडरमा घाटी में एक हाईवा पलट गयी है और ड्राइवर की मौत हो चुकी है, जिसके पश्चात कोडरमा पुलिस को घटनास्थल पर भेज कर मृतक चालक के शव को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिल रही है कि उक्त हाईवा का ब्रेक फेल हो जाने के कारण वह सड़क किनारे पेड़ से जा टकरायी है। इधर तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक और गुमो सतपुलिया के समीप दो अलग-अलग सड़क हादसे में कार-सवार बाल-बाल बच गये। बीती रात महाराणा प्रताप चौक पर एक भयानक सड़क हादसा हुआ। वहीं गुरुवार की अहले सुबह तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो के समीप भी सड़क हादसा हुआ। दोनों घटना सड़क पर विचरने वाले पशु की वजह से हुई है। महाराणा प्रताप चौक पर हुई घटना की जानकारी देते हुए कार सवार किशोर अग्रवाल ने बताया कि वे झुमरीतिलैया के जवाहर मार्केट की ओर से दूध लेकर अपनी बेटी के साथ अपने कार से झलपो स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच महाराणा प्रताप चौक के समीप एनएच 20 पर कुछ गौ वंश अचानक से कार के सामने आ गये, जिससे बचने के लिए जब उन्होंने ब्रेक लगानी चाही तो कार गौ वंशों से जा टकराई और 3-4 बार पलटी मार कर सड़क किनारे बने डिवाइडर से टकरा गयी, जिससे गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी और कार में बैठी उनकी बेटी घायल हो गयी। इन्हें भी हल्की चोटें आई हैं। वहीं कार से टक्कर होने के कारण दो गौ वंशों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। गुरुवार की सुबह पटना से अपने कार में सवार होकर बरही मोटर पार्ट्स लाने जा रहे कार सवार की झुमरीतिलैया के गुमो के समीप एनएच 20 पर अचानक से गौ वंशों के दौड़ जाने के कारण कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें एक गाय की मौके पर ही मौत हो गयी। कार चालक ने बताया कि वे अपने चार अन्य मित्रों के साथ पटना से बरही जा रहे थे कि इसी बीच झुमरीतिलैया शहर पार करने के क्रम में एनएच 20 पर अचानक से एक गाय दौड़ गयी, जिससे हमारी कार उससे टकराई और कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। हालांकि हमलोग किसी प्रकार से बच गये। बताते चलें कि एनएच 20 पर सड़क किनारे बैरिकेटिंग नहीं होने के कारण पशु सड़को पर विचरते रहते हैं, जिसके कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

# कामाख्या नारायण सिंह बने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश के प्रदेश महासचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** उतरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ कोडरमा के संरक्षक कामाख्या नारायण सिंह को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने इस आशय का पत्र जारी किया है। उल्लेखनीय है कि गत दिनों रांची में आयोजित अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह को यह मनोनयन पत्र जारी किया गया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि समाज के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखते हुए इन्हें दायित्व दिया गया है। इनके नेतृत्व में महासभा झारखंड प्रदेश में अपनी जड़ें और भी अधिक मजबूत कर पाने में सक्षम हो पायेगा। कामाख्या नारायण सिंह को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश महासचिव मनोनीत किए जाने पर उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष रामलखन सिंह और महासचिव शिवलाल सिंह सहित सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कामाख्या नारायण सिंह को बधाई दी है और उनके मनोनयन के लिए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर के प्रति आभार जताया है। बधाई देने वालों में प्रदीप सिंह, रामचन्द्र सिंह, बिरेन्द्र सिंह, नारायण सिंह व विजय सिंह, विजय सिंह, भोला सिंह, रामसेवक सिंह, नीलकंठ सिंह, रामनाथ सिंह, राज नायायण सिंह एवं सचिव के रूप में आलोक सिंह, दिनेश सिंह, शिवशंकर सिंह व सागर प्रताप सिंह, प्रो राजेश सिंह व उमेश सिंह, बिरेन्द्र सिंह, बिनय सिंह, रामप्रसाद सिंह, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, विनोद सिंह, दिलीप सिंह, राजकुमार सिंह सिंह सहित उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ के सभी लोग शामिल हैं।

## उपायुक्त ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया



कोडरमा(आजाद सिपाही)। जिला की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपायुक्त ऋतुराज ने सदर अस्पताल कोडरमा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, मैटरनिटी वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, जनरल वार्ड, जांच घर, फार्मेसी कक्ष समेत विभिन्न कक्षों की व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। उपायुक्त ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए निर्देश दिया कि सभी वार्ड और शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाये। उन्होंने खास तौर पर कहा कि शौचालयों की विशेष सफाई दिन में कम-से-कम दो से तीन बार होनी चाहिए। अस्पताल की साफ सफाई, ब्लीचिंग का छिड़काव नियमित रूप से करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त आईसीयू वार्ड का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सभी उपकरणों की कार्यशीलता की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल की प्रयोगशाला में उपलब्ध जांच सुविधाओं की जानकारी ली। इसके साथ साथ उन्होंने भर्ती मरीजों को दी जाने वाली सुविधा का भी अवलोकन किया।

## मादक पदार्थों की तस्करी रोकेगा रेलवे आरपीएफ के सुरक्षा आयुक्त ने तैयार किया रोडमैप

झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के धनबाद वरीय मंडल कमांडेट अनुराग मीणा ने अब मादक पदार्थों की तस्करी रोकने का रोडमैप तैयार किया है। 26 जून को मादक पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस से अभियान शुरू हुआ। इसके पीछे मकसद ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा को बेहतर करने के साथ युवाओं को इससे दूर रखना है। आरपीएफ टीमें स्टेशनों और ट्रेनों पर सजगता से काम करेंगी। धनबाद के मुख्य सुरक्षा आयुक्त अनुराग मीणा ने स्लोगन नशा आपको नर्क की ओर ले जाता है, लेकिन स्वर्ग का छलावा देकर से जागरूकता लाने की पहल की है। उन्होंने बताया कि स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल मादक पदार्थों के दुरुपयोग से होने वाले गंभीर परिणाम यात्रियों को बतायेगा। सबसे अधिक नशे से प्रभावित युवा और छात्र हैं। स्कूल-कालेजों एवं हास्टलों में घटनाएं बढ़ रही हैं। रेलवे ट्रैक किनारे झुग्गी-झोपड़ी, सड़क के आसपास रहने वाले बच्चे भी गरीबी की वजह से नशे की तस्करी करने वाले गिरोहों का शिकार बन जाते हैं। इन्हें जागरूक करने के लिए टीमें अभियान चलाएंगी।

**इन चुनौतियों से निपटेंगे**

ट्रेनों में जांच के साथ प्लेटफार्मों पर रखे सामान, पार्सल की निगरानी होगी। अनारक्षित कोच, स्लीपर कोच और पार्सल वैन पर नजर रखी जायेगी। तस्करों के तंत्र को तोड़ने के लिए उनके हर कदम का ब्योरा जुटाएंगे। आरपीएफ के साथ राजकीय रेलवे पुलिस यानी जीआरपी की गश्त बढ़ाकर प्रभावी नियंत्रण कराएंगे। आरपीएफ के जवान प्रतिदिन यात्री व माल ढुलाई में मादक पदार्थों को लेकर सक्रिय रहते हैं। डाग स्क्वाड भी लगाये गये हैं। रेलवे कर्मियों से समन्वय बनाकर मादक पदार्थ माफिया का नेटवर्क तोड़ेंगे। सीसीटीवी कैमरों से स्टेशनों की निगरानी और सुदृढ़ होगी।

# शांति और भाइचारगी के साथ मोहर्रम मनाने को लेकर मुस्लिम अंजुमन कमेटी और ठाकुर मोहल्ला की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** मोहर्रम का पर्व शांति एवं सौहार्द पूर्वक मनाने को लेकर बड़कागांव मध्य पंचायत अंतर्गत मुस्लिम मुहल्ला मस्जिद के समीप इमामबाडा के पास ठाकुर मुहल्ला समाज और मुस्लिम मुहल्ला अंजुमन कमेटी की बैठक हुई। बैठक में बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर एवं मुखिया मो तकरीमुल्लाह उपस्थित रहें। दोनों समाज के लोग एक - दूसरे को गले मिलते हुए एक- दूसरे के त्यौहार को मनाने एवं सहयोग करने का वादा किया। आपसी छोटे-मोटे मामलों को बैठकर सुलझाने की बात कही गयी। मुस्लिम मोहल्ला अंजुमन कमेटी की ओर से ठाकुर मोहल्ला समाज के सदस्यों को शांति का प्रतीक सफेद अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। साथ ही मोहर्रम त्यौहार को मनाने के लिए ठाकुर मोहल्ला समाज के सदस्यों को आमंत्रित भी किया गया। मौके पर मुखिया मो तकरीमुल्लाह खान, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, ठाकुर मोहल्ला समाज के अध्यक्ष सुभाष ठाकुर, सदर अख्तर हुसैन,पप्पू खान, रामचरित्र ठाकुर, मेवा लाल नाग, सरोज सोनी, नंदकिशोर राणा, सेक्रेट्री शहजाद आलम, महिपाल सोनी, मजहर मालिक, नवीन ठाकुर, मोहम्मद गुड्डू, रौशन ठाकुर, महंगू ठाकुर, पप्पू राणा,रोहित खान, गोविंद ठाकुर, मुकेश ठाकुर, विक्रम ठाकुर, हकीम अंसारी, साहिल मलिक, राजा खान, मो रसीद, मो नौशाद,सूरज ठाकुर, टिंकू ठाकुर, वीनू ठाकुर, शशि ठाकुर के अलावा दोनों समुदाय के कई सदस्य उपस्थित थे।

# खैरातरी में जमीन और लाखों की फसल नदी में बह गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव के कांड़तरी पंचायत के ग्राम खैरातरी के किसानों का खैरातरी नदी के किनारे दर्जनों एकड़ में लगे मकई , धान का बिचड़ा, भिंडी , कच्चू कांदा एवं ओल के फसल जमीन सहित नदी की तेज बहाव के कारण बह गया, जिससे लाखों रुपये की छती हुई है। कृषक देवदत्त महतो ने बताया कि 18 - 19 जून को भारी बारिश के कारण हहारो नदी के अंतर्गत आने वाली खैरातरी नदी में काफी जलस्तर बढ़ गया था। इस कारण नदी के किनारे खेतों में लगाये गये फसल बह गये। इस संबंध में अंचलाधिकारी, विधायक और सांसद को लिखित आवेदन देकर मुआवजा की मांग की गयी है। किसानों ने नदी के किनारे गार्डवाल निर्माण करने की भी मांग की गयी है।

**इन किसानों का फसल फसल बहा**

देवदत्त महतो के अनुसार सुधु महतो, राजपाल महतो, हरिनाथ महतो, चेतलाल महतो, शिवनाथ महतो ,केदार महतो ,बरजू महतो, हरदयाल महतो, इंद्र महतो ,संजय महतो, भुनेश्वर प्रसाद ,महावीर महतो, नारायण महतो, बैजनाथ महतो ,तुलसी महतो, प्यारी महतो, प्रभु महतो ,पचल महतो, भगल महतो, जंगल महतो ,रति महतो, पुखन महतो, लखन महतो ,मनोहर महतो, कामेश्वर महतो, बालेश्वर महतो का फसल बाह गया और जमीन भी नष्ट हो गयी।

## होमगार्ड को पीएफ और सेवानिवृत्ति लाभ देने की एक और बाधा दूर

कोडरमा(आजाद सिपाही )। कोडरमा में होमगार्ड जवानों को भविष्य निधि (ईपीएफ) और सेवानिवृत्ति लाभ देने की प्रक्रिया तेज हो गयी है। गृह विभाग को रिपोर्ट सौंप दी गयी है, जिसमें बताया गया है कि बिहार के समान होमगार्ड को पीएफ और सेवानिवृत्ति लाभ देने की एक और बाधा दूर हो गयी है। होमगार्ड मुख्यालय ने दोनों लाभ देने के लिए तैयार किया मंतव्य गृह विभाग को सौंप दिया है। रिपोर्ट में बिहार राज्य की तर्ज पर होमगार्ड जवानों को भविष्य निधि (ईपीएफ) और सेवानिवृत्ति लाभ देने की बात कही गयी है। गृह विभाग के सहमति के बाद इसे सीधे कैबिनेट में भेजा जायेगा। मालूम हो कि होमगार्ड को इसी वर्ष सामान काम का समान वेतन का लाभ मिला है, लेकिन इसमें कहीं भी भविष्य निधि और सेवानिवृत के उपरांत दिये जानेवाले लाभ को शामिल नहीं किया गया था। इसको लेकर राज्य भर के होमगार्ड आंदोलनरत थे। अंततः आंदोलन रंग लाया। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि होमगार्ड को ईपीएफ के माध्यम से भविष्य निधि और सेवानिवृत्ति संबंधी प्रस्तावित लाभ दिया जा सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि इससे राज्य के अन्य कर्मियों पर किसी भी प्रकार का नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसी रिपोर्ट में मुख्यालय ने देशभर में कौन-कौन से राज्य होमगार्ड को भविष्य निधि और सेवानिवृत्ति लाभ दे रहे हैं, यह भी स्पष्ट किया गया है। बिहार में सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त 1.50 लाख होमगार्ड पुलिस उपमहानिरीक्षक की ओर से गृह विभाग को भेजी गयी रिपोर्ट में बताया गया कि बिहार में वर्ष 2021 से जवानों को भविष्यनिधि का लाभ मिल रहा था। साथ ही होमगार्ड विभाग के 20 वर्षों की सेवा में 10 वर्षों का सेवा दिवस पूरा करने पर, 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति के उपरांत एकमुश्त 1.50 लाख रुपये देने का प्रावधान है। बिहार की तर्ज पर ही झारखंड में भी जवानों को दोनों ही लाभ दिया जा सकता है। कहा गया है कि यह लाभ होमगार्ड की नियमावली में बगैर संशोधन दिया जा सकता है। जल्द कैबिनेट में पास करे सरकार एसोसिएशन झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के कोडरमा जिला के अध्यक्ष रंजीत कुमार बताते हैं कि जवानों की मेहनत रंग लायी है। सरकार से मांग है कि जल्द ही तैयार प्रस्ताव को कैबिनेट से पास कर जवानों को इसका लाभ प्रदान करे। उन्होंने कहा कि राज्य भर मे 22 हजार लगभग होमगार्ड जवान को मिलेगा इसका लाभ कोडरमा जिला मे वर्तमान मे 388 होमगार्ड जवान कार्यरत हैं। कोडरमा में 420 नये जवान बहाल हुए जो 3 महीने की ट्रेनिंग मे हजारीबाग और रांची के लिए रवाना हुए है। इसमे 138 महिला जवान भी शामिल है। कोडरमा जिला में 1088 रुपये मानदेय प्रतिदिन जवानों को मिलता है, जब जिस दिन वो ड्यूटी करते है।

## भारत गौरव ट्रेन से दक्षिण भारत की 12 दिवसीय दिव्य यात्रा की बुकिंग शुरू



झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)। दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर भ्रमण करने के उद्देश्य से चर्चित भारत गौरव एक्सप्रेस चलने का फैसला लिया गया है, जो बिहार और झारखंड सहित अनेक राज्यों के लोगों को दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों तक ले जायेगी। भागलपुर स्टेशन से इस भारत गौरव एक्सप्रेस की शुरूआत होगी और 12 दिवसीय यात्रा के तहत यात्रियों को तिरूपति, रामेश्वर, मदुरई, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन के दर्शन करवायेगी। आईआरसीटीसी की इस विशेष पर्यटक ट्रेन के द्वारा भक्तों को दक्षिण भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों और पवित्र स्थानों पर दिव्य उपस्थिति का अनुभव करने और आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। इस ट्रेन में भागलपुर, जसीडिह, मधुपुर, बराकर, धनबाद, बोकारो, मुरी, रांची, राउरकेला, झारसुगुडा, चाम्पा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग सहित कई बोर्डिंग और डिबोर्डिंग पॉइंट शामिल हैं। इस भारत गौरव ट्रेन में स्लीपर क्लास (इकोनॉमी) की 640 सीटों की व्यवस्था की गई है जबकि तृतीय वातानुकूलित श्रेणी में 70 सीटें हैं। भारत गौरव यात्रा की टिकट लेने वाले यात्रियों को रेल यात्रा के साथ-साथ सड़क यात्रा, भोजन (चाय, नाश्ता, लंच, डिनर), डबल/ट्रिपल शेयरिंग के आधार पर आरामदायक और साफ आवास (इकोनॉमी के लिए नॉन-एसी; स्टैंडर्ड और कम्फर्ट क्लास के लिए एसी),बसों द्वारा स्थानांतरण और दर्शनीय स्थलों की यात्रा, ऑनबोर्ड टूर एस्कॉर्ट, हाउसकीपिंग, सुरक्षा और पैरामेडिकल स्टाफ की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। यह यात्रा आराम और सुरक्षा के साथ कई तीर्थों के दर्शन और आध्यात्मिक पूर्ति प्राप्त करने का एक अद्वितीय मौका प्रदान करती है - वो भी किफायती कीमत पर। बिहार झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों के जो लोग इस यात्रा के भागीदार बनना चाहते हैं वह कोलकाता और रांची कार्यालय या अधिकृत एजेंटों के माध्यम से भी बुकिंग कर सकते हैं। यह जानकारी पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी।

# डीएवी कोडरमा में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर बच्चों ने दिखायी जागरूकता

आजाद सिपाही संवाददाता




**झुमरीतिलैया।** 3 जुलाई को डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया,कोडरमा में प्रार्थना सभा में अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरुक कर प्लास्टिक के उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने दिखाया कि हमें पर्यावरण के प्रति सदैव संवेदनशील रहना चाहिए तथा लोगों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। बच्चों ने प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े के थैले और पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का उपयोग करने का संकल्प लिया। बच्चों ने प्लास्टिक बैग के उपयोग से होने वाले हानिकारक पहलुओं को दिखाते हुए पोस्टर बनाए। छठी कक्षा की शैल कुमारी ने सुविचार, आठवीं कक्षा की दृष्णा कश्यप ने हिंदी में कविता एवं आराध्या सिंह ने अंग्रेजी में अपने वक्तव्य के द्वारा बतलाया कि हमें प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। प्लास्टिक के उपयोग से हम सभी वातावरण को असंतुलित कर विकट समस्या पैदा कर रहे हैं। आठवीं कक्षा की ईशू कुमारी, साक्षी कुमारी, समृद्धि वर्मा, सभ्यता सिंह,ऋषभ सिंह ,अभिनव एवं उपांशु ने लघु नाटक प्रस्तुत कर सभी बच्चों को प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने तथा इसके रोकथाम में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस प्रतिवर्ष 3 जुलाई को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक बैग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना तथा उन्हें प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रोत्साहित करना होता है। मंच का संचालन आठवीं कक्षा की आकृती सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीता जेठवा, अभिषेक एवं अंजली ने बच्चों का दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन किया।

# वन विभाग की टीम ने हाथियों को महोदी जंगल की ओर भगाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव वन क्षेत्र के पदाधिकारी एवं वन कर्मियों की सूझबूझ से हाथियों की झुंड को गंगादोहर से विभिन्न गांव होते हुए महुदी जंगल की ओर खदेड़ा गया। इस दौरान किसानों के फसल को आंशिक रूप से नष्ट किया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के जाने के क्रम में कुछ धान के बिचड़े नुकसान हुआ, लेकिन वन कर्मियों की सकारात्मक प्रयास से बड़ा नुकसान होने से बचा लिया गया । प्रभारी फॉरेस्टर अजय यादव ने बताया कि हाथियों के झुंड को बड़े चालाकी से गंगादोहर ,सोनपुरा और महुदी गांव होते हुए महुदी जंगल की ओर भगा दिया गया। हाथियों को जंगलों की ओर भगाने में वन विभाग के रेंजर कमलेश सिंह के नेतृत्व में प्रभारी फॉरेस्टर अजय यादव , मुनाल भास्कर, प्रभात लकड़ा, बेचन महतो, जगन्नाथ राजवाड़ा, नजीर हुसैन, टीवटी टीम में सरजू महतो, सुखदेव महतो, करण महतो, शिवदयाल महतो ,संजय महतो, अशोक महतो ने मुख्य भूमिका निभाई।

# मोहर्रम को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**चलकुशा ।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में मुहर्रम त्यौहार को लेकर बीडीओ सह सीओ अमृता सिंह कि अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई है। बैठक में मोहर्रम त्यौहार को लेकर विशेष रूप से बिजली, पानी, स्वास्थ्य अन्य विभाग से संबंधित चर्चा कि गई। वहीं चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में 6 जुलाई 2025 को दोपहर 2 बजे से लेकर 6 बजे शाम तक बिजली पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। बींस सुत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी ने सभी अखाड़ों के लोगों से कहा कि मोहर्रम त्यौहार शांति पूर्ण तरीके से भाई चारगी के साथ मनाएं। बींस सुत्री उपाध्यक्ष मोइन उद्दीन ने कहा कि मसकेडीह चौक पर विशेष कर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैम्प जुलूस के दिन लगाई जाए। जिससे लोगों को समय पर उपचार मिल सके। बीडीओ ने लोगों से कहा कि त्यौहार के दिन सड़क पर लोग पानी का निकासी ना करें। सभी चौक चौराहों एवं जूलूस में प्रसाशन पुरी तरह मुस्तैद रहेगी । एवं लोगों से सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह ना फैलाए.प्रसाशन सोशल मीडिया पर भी नजर बनाए हुए हैं। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर ए एस आई स्टीफन हेमरम मुखिया सुखदेव यादव, कुमार अंशु, विक्रमादित्य सिंह, रामजीत रजक,शमीम अंसारी,समशेर आलम एवं काफी संख्या में अखाड़े के लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### रांची को आउटर रिंग रोड...

कार्यक्रम के दौरान संजय सेठ ने आउटर रिंग रोड की मांग की, जिस पर गडकरी ने भरोसा दिलाया कि इसका डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) जल्द तैयार कर निर्माण की दिशा में कदम उठाया जायेगा। गडकरी ने पब्लिक ट्रांसपोर्ट को अपग्रेड करने की आवश्यकता को भी स्वीकार किया और बताया कि जल्द ही रांची जैसे शहरों में अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसें लायी जायेंगी जिनमें एग्जीक्यूटिव चेयर, चाय-पानी की व्यवस्था और आधुनिक सुविधाएं होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि ये बसें डीजल बसों की तुलना में 30% सस्ती चलेंगी, जिससे यातायात आसान और किफायती होगा।

**आने वाले दिनों में भारत की सड़कें अमेरिका से भी बेहतर होंगी:** उन्होंने कहा कि भारत को अगर पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है, तो उसका इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका से बेहतर होना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने सात वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। अभी हमारी लॉजिस्टिक कॉस्ट 10% है, लेकिन जल्द ही इसे 9% के नीचे लायेंगे। केंद्रीय मंत्री ने वादा किया कि आने वाले दो वर्षों में भारत की सड़कें अमेरिका से भी बेहतर होंगी। हर जगह जो ट्रैफिक जाम था, अब समय की बचत होगी और देश की रफ्तार भी बढ़ेगी।

**4.18 किमी लंबा है रातु रोड एलिवेटेड कॉरिडोर :** राजधानी रांची के लोगों को सोमवार को एक बड़ी सौगात मिली, जब केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने रातु रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन किया। नागाबाबा खटाल के पास नारियल फोड़कर और लाल फीता काट कर इस बहुप्रतीक्षित फ्लाइओवर को जनता को समर्पित किया गया। रांची के ओटीसी मैदान में उद्घाटन समारोह के लिए विशेष मंच तैयार किया गया था। उद्घाटन के चंद मिनटों के भीतर ही हजारों की संख्या में गाड़ियां फ्लाइओवर पर दौड़ने लगीं, जिससे थोड़ी देर के लिए ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गयी। लोगों का उत्साह चरम पर था, क्योंकि वे लंबे समय से इस फ्लाइओवर का इंतजार कर रहे थे। यह एलिवेटेड कॉरिडोर कुल 4.18 किलोमीटर लंबा है और इसे 101 पिलरों पर टिकाया गया है। एलिवेटेड रोड को अत्याधुनिक तकनीक से लैस किया गया है, जिसमें साउंडप्रूफ और बुलेटप्रूफ ग्लास लगाये गये हैं ताकि ध्वनि प्रदूषण से राहत मिल सके। साथ ही 100 से अधिक स्ट्रीट लाइट इसे रात में भी चमकदार बनायेंगी। इस एलिवेटेड रोड के चालू हो जाने से रांची के रातु रोड, इटकी, पिस्का और नगड़ी जैसे इलाकों के लोगों को जाम से राहत मिलेगी।

### केंद्र झारखंड बुनियादी ढांचे...

उन्होंने कहा कि 36 हजार करोड़ रुपये की लागत से वाराणसी-रांची-कोलकाता हरित गलियारे (ग्रीनफील्ड कॉरिडोर) का काम मार्च 2028 तक पूरा हो जायेगा जबकि जनवरी, 2028 तक 12,800 करोड़ रुपये की लागत से रांची-वाराणसी आर्थिक गलियारा बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली-कोलकाता के बीच 31,700 करोड़ रुपये की लागत से छह लेन वाली कॉरिडोर परियोजना का काम जून 2026 तक पूरा हो जायेगा।

**चुनाव के बाद विकास की राजनीति होनी चाहिए:** गडकरी ने कहा कि चुनाव तक राजनीति होनी चाहिए, लेकिन चुनाव के बाद विकास की राजनीति होनी चाहिए। उन्होंने राज्य की झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार द्वारा उठाये गये लोकलुभावन कदमों की ओर इशारा किया। उन्होंने झारखंड सरकार से राज्य में भूमि अधिग्रहण, वन विभाग से मंजूरी और अन्य मुद्दों से संबंधित बाधाओं को दूर करने का भी आग्रह किया।


**झारखंड सहित अन्य राज्यों के बीच बेहतर संपर्क होगा:** मंत्री ने कहा कि हम झारखंड और बिहार सहित अन्य राज्यों के बीच बेहतर संपर्क सुनिश्चित करेंगे। गडकरी ने कहा कि राज्य में 2014 में 2,600 किलोमीटर का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क था, जो अब 4,470 किलोमीटर हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के 19 आकांक्षी जिले अब राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से जुड़ चुके हैं। मंत्री ने गढ़वा में शंख से खजूरी तक 1,130 करोड़ रुपये की लागत से बने 23 किलोमीटर लंबे चार लेन वाले राजमार्ग का उद्घाटन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़-झारखंड अंतरराज्यीय सीमा से गुमला तक राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के 32 किलोमीटर लंबे हिस्से को चार लेन बनाने के लिए 1,330 करोड़ रुपये की परियोजना की आधारशिला भी रखी।

## प्रशिक्षण एवं प्रत्यक्षण कार्यक्रम संपन्न



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** नापो खुर्द पंचायत के इंद्रा मोड़ स्थित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत अनुसूचित जनजाति उपयोगी योजना को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रत्यक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम केंद्रीय वर्षा आधारित उपजाउ भूमि चावल अनुसंधान केन्द्र क्रश ( भाकृअनुप - केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान कटक, उड़ीसा ) के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़कागांव पूर्वी जिला पार्षद सदस्य गीता देवी ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर क्रश के प्रमुख वैज्ञानिको की विशेष उपस्थिति रही। जिनमें मुख्य रूप से डॉ एसएम प्रसाद, डॉ एस भगत, डॉ बीसी वर्मा, डॉ प्रिय मेघा मौजूद थे।

## मजदूरों को शोषण मुक्त कराना ही इंटक का लक्ष्य : कुमार महेश सिंह



**मांडू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पुंडी परियोजना में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का गुरुवार को शाखा अध्यक्ष यासीन अंसारी अध्यक्षता में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रों के मजदूर वर्ग के लोग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीजनल सेक्रेट्री कुमार महेश सिंह के नेतृत्व में आस्था रखते हुए करीब 25 लोगों ने इंटक कि सदस्यता ग्रहण किया। सभी नये सदस्यों को माला पहनाकर रीजनल सेकेट्री कुमार महेश सिंह ने स्वागत करते हुए कहा आप लोगों ने इंटक पर विश्वास जताया है। इसके लिए आपको इंटक परिवार आप लोगों को हरसंभव मदद करने का काम करेगी। मजदूरों को शोषण मुक्त कराना ही इंटक का लक्ष्य है।कहा कि मजदूरों को एक जुट कर शोषण मुक्त मजदूर समाज स्थापित करना इंटक का लक्ष्य है। इसे पूरा करने में सारे मजदूर इंटक का साथ देंगें।साथ ही उन्होंने संगठन मजबूती, सदस्यता बढ़ोतरी, कार्यकर्ता सम्मान एवं 9 जुलाई की हड़ताल पर अपनी बात रखी। उन्होंने कुजू क्षेत्र के तमाम कामगारों से इस हड़ताल को सफल बनाने की अपील की। साथ ही परियोजना में जल्द उत्पादन शुरू करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने किया ।इस बैठक में तारकेश्वर साव,रोहन महतो, अफजल मियां, इनामुल, राजेश यादव, राजकुमार (तोपा शाखा अध्यक्ष), संतोष कुमार, सुदेश उरांव, सोमू, शशि उपाध्याय, संजय कुमार धीरेन्द्र कुमार सिंह, एवं पुण्डी परियोजना के कई कामगार मजदूर उपस्थित हुए।

# पीवीयूएनएल प्लांट बिना माइनिंग चालान के ढो रहा खनिज, डीसी ने दी चेतावनी

**खनन विभाग लगा चुका है प्लांट पर 1.47 करोड़ का जुर्माना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड की बेहद महत्वाकांक्षी पावर प्लांट पीवीयूएनएल रामगढ़ जिले के पतरातू में स्थित है। इतनी बड़ी कंपनी को जिला प्रशासन के द्वारा स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। लेकिन यह कंपनी खनन विभाग को ही चूना लगाने में जुट गयी है। सबसे बड़ी बात यह है कि पीवीयूएनएल प्रबंधन माइनिंग चालान का उपयोग ना कर राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व की चोरी कर रहा है। खनन विभाग के द्वारा यह चोरी पकड़ी भी गयी और भारी जुर्माना भी लगाया गया है। रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने पीवीयूएनएल के कार्यपालक पदाधिकारी को चेतावनी दी है। जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा डीसी को जब राजस्व की चोरी के बारे में बताया गया तो उन्होंने इसे बेहद गंभीरता से लिया।



**1.47 करोड़ का वसूला गया जुर्माना, चेतावनी नोटिस जारी**

**डीसी फैज अक अहमद मुमताज को बताया गया कि वर्ष 2025 में अभी तक पीवीयूएनएल के द्वारा बिना परिवहन चालान के बालू, पत्थर चिप्स, बोल्डर आदि खनिजों का उपयोग किया जा रहा था। बगैर खनिज परिवहन चालान के उपयोग में लाए गए खनिज के बावत 1.47 करोड़ रूपए जुर्माना राशि की वसूली की गयी है। डीसी के निर्देश पर प्लांट के कार्यपालक पदाधिकारी को चेतावनी नोटिस भी जारी किया गया है।**

**दूसरे अनुज्ञप्ति धारी से भी वसूला गया 16 लाख**

जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा डीसी को जानकारी दी गयी कि वर्ष 2025 में अभी तक पीवीयूएनएल को छोड़ दिया जाये, तो 16 लाख रुपये का जुर्माना अन्य खनन पट्टेधारी एवं अनुज्ञप्ति धारी से वसूला गया है। पीवीयूएनएल को लगाये गये जुर्माने को अगर जोड़ दिया जाये तो कुल वसूली गयी फाइन की रकम 1.63 करोड रुपये हो जायेगी।


**CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"एक मिनीरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
Fuelling Sustainable Growth

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।


## युवक ने पत्नी को ट्रेन से दिया धक्का



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के किरीगढ़ा गांव के रेलवे लाइन के समीप पोल संख्या 124/2- 124/4 के बीच नाले के पास युवती खुशबू घायल अवस्था में बीते रात से पड़ी थी। गुरुवार को सुबह पतरातू के एक रेलवे कर्मी आकाश पासवान ने घायल अवस्था में पड़ी युवती को देखा। उसके बाद उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए आरपीएफ को सूचना दी। और ग्रामीणों के मदद से घायल युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू लाया गया जहां पर डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक इलाज करने के बाद खुशबू को रामगढ़ सदर भेज दिया गया। घायल युवती ने बताया कि उसके पति शंकर कुमार ने बनारस बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन से धक्का देकर गिरा दिया। ट्रेन में उसके पति शंकर कुमार का दोस्त राहुल भी साथ में था। खुशबू ने 1 साल पहले शंकर से लव मैरिज किया था। खुशबू पिता -राज कुमार गौड़ उत्तर प्रदेश देवरिया जिला के गौड़ाचौरा गांव की निवासी है। वही उसका पति शंकर गोरखपुर का निवासी है। आरपीएफ सब इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने इंस्टाग्राम के माध्यम से खुशबू के परिजनों को इस घटना की जानकारी दे दी है। बताया जाता है कि खुशबू के पति शंकर ने ट्रेन से धक्का देकर हत्या कि योजना को दुर्घटना का रूप देने का कोशिश किया गया।

# पंचतत्व में विलीन हुए समाजसेवी भरत कपूर, कई सांसद-विधायक हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो पेयजल स्वच्छता एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार के छोटे भाई भरत कपूर उम्र (46 वर्षीय) का गुरुवार को अंतिम दाह संस्कार दामोदर नदी के श्मशान घाट पर किया गया। वे अपने पीछे धर्मपत्नी कंचन देवी, पुत्र आदित्य कुमार पुत्री रितिका कुमारी सहित पूरा भरापूरा परिवार छोड़ गये अलविदा हो गये। गुरुवार को 8 बजे सुबह मृतक के पैतृक गांव चितरपुर प्रखंड के बोरोबिंग पंचायत अंतर्गत मुरुबंदा गांव से शव यात्रा निकाली गयी, जिसमे झारखंड प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। श्रद्धांजलि दी गयी और मृतक के शव की अंतिम विदाई हुई। श्मशान घाट पर पुत्र आदित्य कुमार ने अपने मृतक पिता को मुखाग्नि दिया और रो पड़े। मृतक अपने पंचायत क्षेत्र में सांस्कृतिक और कला मंच से जुड़े हुए थे



सामाजिक व्यक्ति थे, गांव में होने वाले विशेष धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे उनके निधन से जुआ वर्ग को काफी क्षति हुआ है। समाज के विकास में अपनी बेहतरीन पहचान बनी थी। कुछ दिनों पूर्व किडनी बीमारी से ग्रसित हो गये थे पूर्व में मृतक का इलाज हुआ था और वे स्वस्थ हो गये थे परंतु अचानक तबियत बिगड़ जाने के कारण हैदराबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया और इलाज के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया गया था। हैदराबाद अस्पताल से मृतक के शव को हवाई जहाज से रांची एयरपोर्ट लाया गया था और मुरुबंदा गांव में शव को देर शाम लाया गया। अंतिम दाह संस्कार में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों लोग हुए शामिल इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, रामगढ़ विधायक ममता देवी, झामुमो केंद्रीय नेता सुप्रिया भट्टाचार्य, दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता हसन अंसारी, मंगल महतो, केंद्रीय सदस्य अमृतलाल मुंडा, नप उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, सहित सैकड़ो लोग अंतिम दाह संस्कार में शामिल हुए।

## बरहे में सर्पदंश से बच्चे की मौत

**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के विकास के दावों की पोल खोलते हुए एक हृदयविदारक घटना सामने आयी है। चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के योगीयारा पंचायत अंतर्गत बरहे गांव में सड़क के अभाव में सर्पदंश से एक नौनिहाल बच्चे ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। जर्जर सड़कों के कारण समय पर अस्पताल न पहुंच पाने से बच्चे की जान चली गयी, जिसने ग्रामीण इलाकों की स्वास्थ्य सेवाओं और आधारभूत संरचना की कमी को एक बार फिर उजागर किया है। बताया जा रहा है कि रात्रि में सो रहे बच्चे को एक जहरीले कॉमन करैत सांप ने डस लिया। सांप के काटने के बाद परिजन बच्चे को तुरंत मुख्यालय स्थित अस्पताल ले जाना चाहते थे, लेकिन गांव से मुख्यालय तक आने वाली सड़क की जर्जर हालत ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। सड़क पर इतने गहरे गड्ढे और कीचड़ था कि वाहन चलाना मुश्किल हो गया, जिससे अस्पताल पहुंचने में देरी हो गयी और मासूम ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

## बीआरएल दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकाली भव्य कलशयात्रा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बीआरएल डैम साइड कॉलोनी, रांचीरोड स्थित नागेश्वरी मां भवानी दुर्गा मंदिर का पहली वार्षिकोत्सव पर गुरुवार को टूटी झरना मंदिर से भव्य कलशयात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर टूटी झरना नद तट पर पंडित अरविंद मिश्रा द्वारा यजमान बने उपेन्द्र सिंह सपत्नीक पुष्पा सिंह को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजार्चना कराया गया। वहीं, बतौर मुख्य अतिथि के रूप से मौजूद निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो ने कलशधारियों को कलश में शुद्ध जल भरकर विदा किया। तत्पश्चात गाजे बाजे के बीच 151 कलशधारी विभिन्न देवी देवताओं का जयघोष नारों के बीच साण्डी, रामानगर होते हुए कलशधारी डैम मंदिर पहुंचे और सभी कलशों को मंदिर प्रांगण में रखकर पूजार्चना की। आयोजक समिति सदस्य नरेश प्रसाद साहू और उपेन्द्र सिंह ने बताया कि चार जुलाई को भव्य भंडारा के साथ समापन किया जाएगा। कलशयात्रा में आजसू युवा नेता पीयूष चौधरी, अमित सिन्हा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नरेश साहू, शंकर मिश्रा, शुभम कुमार साहू, पवन साहू, अजय सिंह, विवेकानंद पाण्डेय, अरुण दुबे, अरुण महतो, लखन प्रसाद, जीतलाल शर्मा, आरके पांडेय, बिनोद सिन्हा, विक्रम सिंह, दिलीप सिंह, मृणाल राठौर, कृष्णा सिंह, प्रदीप ठाकुर, प्रदीप प्रसाद साहू, रंजीत सिंह, चंद्रशेखर पांडेय, गणेश झा, राहुल शर्मा, मोहर सिंह, राधा वल्लभ प्रजापति, कौशल किशोर, राहुल विश्वकर्मा, अभिमन्यु कुमार समेत महिला पुरुष धर्मप्रेमी शामिल रहे।

## भाजपा झारखंड की अस्मिता एवं एकता को समाप्त करना चाहती है : निलेश ज्ञानेश




**चतरा (आजाद सिपाही)।** भाजपा झारखंड के अस्मिता एवं एकता को समाप्त करना चाहती है। भाजपा के नेता कभी हिंदू-मुस्लिम के नाम पर, तो कभी आदिवासी और गैर-आदिवासी के नाम पर लोगों को लड़वाते रहते हैं। भाजपा आदिवासियों की विरोधी पार्टी है। यही कारण है कि आज प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सरना धर्म कोड लागू नहीं होने दे रहे हैं। झामुमो के जिलाध्यक्ष निलेश ज्ञानेश ने स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में अपना उदगार व्यक्त करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति पूर्व से ही फूट डालो शासन करो की रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा है कि झारखंड में भाजपा अपना जनाधार पूरी तरह खो चुका है। सबसे खराब स्थिति संथाल में है। जहां भाजपा नेता अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा षड्यंत्र कर सरकार को बदनाम करने का हमेशा प्रयास करने में लगी हुई हैं, लेकिन झामुमों कार्यकर्त्ता किसी भी सूरत में उन्हें सफल नहीं होने देंगें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के विकास, एकता और प्रदेशवासियों की अस्मिता की रक्षा हेतु पूरी तरह दृढ़ संकल्पित हैं। झामुमो जिलाध्यक्ष ने गोड्डा के भोगनाडीह में विगत 30 जून को हूल दिवस के दौरान हुए हुड़दंग पर अपनी राय रखते हुए कहा कि भोगनाडीह में हथियार के बल पर घटना को अंजाम दिलाकर शांति व्यवस्था भंग करते हुए प्रदेश की अस्मिता और एकता को तोड़ने का प्रयास किया गया। पुलिस की सतर्कता के कारण भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता अपने मंसूबे पर कामयाब नहीं हो पाये। प्रेस कांन्फ्रेंस में जिला उपाध्यक्ष असलम अंसारी, जिला सचिव चन्द्रदेव प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष नितेश कुमार राणा, अमरदीप प्रसाद साहू, सदर प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र राम, युवा नेता राहुल यादव, रुपेश यादव, मो अजहर, बब्लु केशरी समेत दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## कालीचरण सिंह के आग्रह पर चंदवा टोरी ओवरब्रिज को मिली मंजूरी



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह ने आज केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से गढ़वा में मुलाकात कर चंदवा टोरी आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) की बहुप्रतीक्षित मांग के संबंध में जनभावना से अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ने मौके पर ही सांसद के आग्रह पर सहमति जताते हुए योजना की मंजूरी की घोषणा कर दी। सांसद कालीचरण सिंह लोकसभा चुनाव से ही टोरी रेल क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। आज उनका प्रयास सफल हुआ। सांसद कालीचरण सिंह ने इस घोषणा के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया।

# 24 घंटे बाद भी नहीं उठा फैक्ट्री की ठेकाकर्मी महिला का शव, धरना जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** बुढ़ाखाप (करमा) स्थित आलोक स्टील फैक्ट्री में कार्यरत ठेका महिलाकर्मी की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद ग्रामीण, परिजन समेत जेएलकेएम समर्थक मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर शव के साथ फैक्ट्री गेट के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे है। पुलिस अगुवाई में प्रबंधन के साथ गुरुवार की दोपहर में हुई पहली वार्ता विफल के बाद ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। समाचार लिखे जाने तक 24 घंटे से ग्रामीण शव के साथ अपनी मांगो को लेकर फैक्ट्री गेट पर अड़े हुए है। वहीं, शव को खराब होने से बचाव के लिए मार्चरी फ्रीजर में रखा गया। जानकारी के अनुसार, बुढ़ाखाप, करमा निवासी आशो देवी (57वर्ष) पति रामेश्वर महतो आलोक स्टील फैक्ट्री में बतौर ठेका महिला मजदूर थी। आशो देवी को सोमवार की दोपहर कार्य के दौरान अचानक उन्हें सीने में दर्द शुरू हुआ। घटना की सूचना पर फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया।

इधर, मामले की जानकारी पर परिजनों और ग्रामीणों द्वारा उन्हें गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए रांचीरोड स्थित दी होप अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार को महिला आशो देवी ने दम तोड़ दिया। आशो देवी की मौत की सूचना के बाद परिजन, ग्रामीण एवं जेएलकेएम समर्थक आश्रित परिवार को मुआवजा और नौकरी दिलाने की मांग करते हुए शव के साथ बुधवार की शाम करीब छह बजे फैक्ट्री गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये। वहीं, कुजू पुलिस की अगुवाई में परिजन और प्रबंधन के बीच हुई पहली त्रिपक्षीय वार्ता बेनतीजा रहा। इधर, परिजनों द्वारा 30 लाख रुपए मुआवजा, आश्रित परिवार को दो नौकरी और पेंशन की मांग की गयी है। धरना में जेएलकेएम के मांडू विस पूर्व प्रत्याशी बिहारी महतो, रूपा महतो, लीलावती देवी, सुलेखा देवी, ममता देवी, बबीता देवी, बबीता कुमारी, गुड्डी देवी, रवि कुमार महतो, अनिल महतो, निखिल महतो, पिंटू कुमार महतो, सत्येंद्र महतो, तुलेश्वर महतो, सुरेंद्र महतो, प्रीति महतो, पनेश्वर महतो, गुड्डी देवी, सीता देवी, पूजा यादव, देवानंद महतो, आनंद महतो, प्रभुदयाल महतो समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

# रोटरी क्लब रामगढ़ सेंट्रल ने जीते जिला स्तरीय कई पुरस्कार

**रोटरी क्लब रामगढ सेंट्रल समाज सेवा, और मानवता के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है:पवन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रोटरी क्लब रामगढ़ सेंट्रल ने हाल ही में आयोजित रोटरी जिला 3250 अवॉर्ड समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन पवन अग्रवाल के नेतृत्व में क्लब ने पूरे ज़िले का मान बढ़ाया। क्लब को 'बेस्ट क्लब और 'टीम 11 चैंपियन क्लब (60 से अधिक सदस्य)' का खिताब मिला। यह सम्मान क्लब की वृद्धि,



सदस्य योगदान और सक्रियता के लिए दिया गया। उल्लेखनीय पुरस्कार 'सर्वाइकल कैंसर प्रिवेंशन अवॉर्ड' रहा, जो एचपीवी वैक्सीनेशन परियोजना के सफल संचालन के लिए मिला। इस पहल से सैकड़ों किशोरियों को लाभ मिला है। इसके अतिरिक्त क्लब को 100 प्रतिशत फाउंडेशन गिविंग क्लब और 100 प्रतिशत एवं 25 डॉलर गिविंग क्लब के रूप में भी सम्मानित किया गया। क्लब द्वारा नेपाल के काठमांडू में आयोजित ईजीटीएस (असिस्टेंट गवर्नर ट्रेनिंग सेमिनार) 'रु-बा-रु' को जिले का सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन पवन अग्रवाल को 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष' के रूप में भी नवाजा गया। साथ ही क्लब के कई सदस्यों को नेतृत्व, सेवा, समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनमें नेत्रदान एवं कॉर्निया ट्रांसप्लांट, ट्रस्टी योगदान, ज़िला स्तरीय नेतृत्व, और कार्यक्रमों में उत्कृष्ट मेजबानी शामिल है। रोटरी क्लब रामगढ़ सेंट्रल समाज सेवा, नेतृत्व और मानवता के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक




**चतरा (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम पर्व शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त कीर्तिश्री ने की। उपायुक्त ने कहा कि मुहर्रम का पर्व आपसी सद्भाव, संयम और त्याग का प्रतीक है। जिले में इसका शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ तैयार है तथा आमजन को हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। सभी समुदायों से अपेक्षा है कि वे आपसी समन्वय और सहयोग की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शांति और सौहार्द बनाए रखेंगे। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि मुहर्रम के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जायेगी। कहा कि कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जायेगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील किया है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# लड़ाई पर मिला साथ

पहलगाम आतंकी हमले पर क्वाड के सदस्य देशों का संयुक्त बयान भारत की आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता की कोशिशों को मजबूती देता है। शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) के सम्मेलन में जो हुआ था, उसे देखते हुए यह बयान भारत के लिए कूटनीतिक जीत है और पाकिस्तान के लिए झटका।

**सफल रहा भारत :** ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्वाड-भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान के विदेश मंत्रियों की यह पहली बैठक थी। मीटिंग के पहले भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उम्मीद जतायी थी कि आतंकवाद को लेकर भारत के रुख को क्वाड के सदस्य देश समझेंगे। उन्होंने दुनिया से आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की अपील की थी। संयुक्त बयान इसी भावना को दर्शाता है।

**पाकिस्तान पर दबाव :** क्वाड के साझा बयान में भले ही पाकिस्तान का नाम न हो, लेकिन सीधा संदेश उसी के लिए है। भारत पहले ही सारे सबूत सामने रख चुका है, जो बताते हैं कि पहलगाम के पीछे पाकिस्तान का हाथ था - वहीं साजिश रची गयी और वहीं से आतंकी आये। अब बयान में साजिशकर्ताओं, हमलावरों और फंडिंग करने वालों को सजा दिलाने की मांग की गयी है - साथ ही संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से आह्वान किया गया है कि वे जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत मिल कर काम करें। यानी, क्वाड भी मान रहा है कि पहलगाम की साजिश विदेशी जमीन पर रची गयी और इससे भारत का पक्ष मजबूत होता है।

> **क्वाड के साझा बयान में भले ही पाकिस्तान का नाम न हो, लेकिन सीधा संदेश उसी के लिए है। भारत पहले ही सारे सबूत सामने रख चुका है, जो बताते हैं कि पहलगाम के पीछे पाकिस्तान का हाथ था - वहीं साजिश रची गयी और वहीं से आतंकी आये।**

**अमेरिकी रुख :** यह बयान इसलिए भी अहम है, क्योंकि इस मंच का एक सदस्य देश अमेरिका है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और बाद में भी वॉशिंगटन ने मामले को जिस तरह लिया था, उससे भारत में सही संदेश नहीं गया। ट्रंप प्रशासन ने नयी दिल्ली और इस्लामाबाद को एक तराजू में रख कर बात की थी, जबकि भारत का साफ कहना है कि आतंकवाद के प्रायोजक और पीड़ित को एक नजर से नहीं देखा जाना चाहिए। चूंकि क्वाड के बयान में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भी सहमति है, तो माना जा सकता है कि शायद अमेरिका का रुख अब बदला हो।

**एससीओ का जवाब:** कुछ दिनों पहले हुई शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन की मीटिंग में संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका था। भारत का प्रस्ताव था कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले को संयुक्त बयान में शामिल किया जाये, तब चीन और पाकिस्तान ने मिल कर इसका विरोध किया। लेकिन, चीन हर जगह पाकिस्तान को नहीं बचा सकता। क्वाड की वजह से उस पर पहले ही दबाव है, जो अब और बढ़ेगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत @2047 के विजन से निर्देशित, मंत्रालय ने लाभ को अंतिम छोर तक त्वरित, पारदर्शी और कुशल तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए अपने कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी को व्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है। हम अक्सर कहते हैं: सशक्त महिलाएं, सशक्त भारत। और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुंच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुंच से होनी चाहिए। आज, यह पहुंच तेजी से डिजिटल होती जा रही है।**

# परिवर्तन को समर्थ बनाना : महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक



अन्नपूर्णा देवी

सशक्तिकरण की शुरुआत पहुंच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुंच से होती है। बीते दशक में अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुंच को नये सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत @2047 के विजन से निर्देशित, मंत्रालय ने लाभ को अंतिम छोर तक त्वरित, पारदर्शी और कुशल तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए अपने कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी को व्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है।

हम अक्सर कहते हैं: सशक्त महिलाएं, सशक्त भारत। और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुंच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुंच से होनी चाहिए। आज, यह पहुंच तेजी से डिजिटल होती जा रही है। जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है -ऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदायी शासन पर जोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है। मंत्रालय ने देखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए-पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुंच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्वकर्ता और अमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें। जैसा कि प्रधानमंत्री ने बहुत सटीक रूप से कहा है, मैं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने के साधन के रूप में तथा आशा और अवसर के बीच की दूरी को पाटने वाले उपकरण के रूप में देखता हूं। इस लोकाचार ने मैनुअल प्रक्रियाओं से लेकर रियल-टाइम डैशबोर्ड तक, असंबद्ध योजनाओं से लेकर एकीकृत प्लेटफार्मों तक हमारे परिवर्तन का मार्गदर्शन किया है। इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है।

> **मंत्रालय ने देखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए-पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुंच को मजबूत किया है।**



भारत भर में 2 लाख से ज्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरुपित यह कार्यक्रम बाल्यावस्था देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है।

पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालयी शिक्षा सेवाओं की ज्यादा प्रभावी प्रदायगी संभव बनाते हुए इन केंद्रों को स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नये-नये लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्पादन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। एक दशक पहले, आइसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरूआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है।

10.14 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं- जिनमें गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियां शामिल हैं। यह प्लेटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों की नये सिरे से परिकल्पना कर, शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए- पोषण ट्रैकर महत्वपूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है।

लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच पोषण भी पढाई भी का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है।

पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथा लीकेज कम करने के लिए एक फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले।

प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह मंत्रालय पोषण से बढ़ कर, महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉश अधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है - जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है।

इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है - जो अब लगभग हर जिले में चालू है। ये कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है। एक दशक पहले, मातृत्व लाभ की निगरानी करना मुश्किल था और इसमें देरी होती थी। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाइ) की शुरुआत की है - जो मातृ कल्याण की दिशा में बहुत बड़ा बदलाव है। पीएमएमवीवाइ नियम, 2022 के तहत, गर्भवती महिलाओं को उनके पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपये की राशि मिलती है । मिशन शक्ति के तहत, अगर दूसरा बच्चा लड़की है, तो - बेटियों के लिए सकारात्मक सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देते हुए लाभ की राशि 6,000 रुपये तक बढ़ जाती है। कागज रहित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से वितरित, शुरूआत से अब तक 4 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों तक 1,9000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुंच चुकी है। पीएमएमवीवाइ - आधार-आधारित प्रमाणीकरण, मोबाइल-आधारित पंजीकरण, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सहायता और रियल-टाइम डैशबोर्ड का लाभ उठाते हुए एक पूर्णतः डिजिटल कार्यक्रम है। एक समर्पित शिकायत निवारण मॉड्यूल तथा पारदर्शिता, विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाला नागरिकों से संबंधित पोर्टल है - जो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

ये लक्षित प्रयास ठोस नतीजे दे रहे हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) की स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एच एम आइएस) की नवीनतम रिपोर्ट से पता चलता है कि जन्म के समय लिंगानुपात (एसआरबी) 918 (2014-15) से बढ़कर 930 (2023-24) हो गया है, जिसमें 12 अंकों का शुद्ध सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। मातृ मृत्यु दर 130 प्रति 1000 जन्म (2014-16) से घटकर 97 प्रति 1000 जन्म (2018-20) हो गई है - जो हमारी सरकार के पिछले एक दशक के निरंतर प्रयासों के सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करता है। प्रत्येक बच्चा पोषित, सुरक्षित और संरक्षित वातावरण का हकदार है। हाल के वर्षों में, डिजिटल परिवर्तन ने बाल संरक्षण और कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किशोर न्याय अधिनियम के तहत, मंत्रालय ने केयरिंग्स पोर्टल (बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना एवं मार्गदर्शन प्रणाली) के माध्यम से गोद लेने के इकोसिस्टम को मजबूत किया है। यह डिजिटल इंटरफेस एक अधिक पारदर्शी, सुलभ और कुशल गोद लेने की प्रक्रिया सुनिश्चित करता है।

डिजिटलीकरण ने बाल देखभाल संस्थानों, पालन-पोषण केंद्रों और जेजे अधिनियम के तहत वैधानिक सहायता संरचनाओं की निगरानी में भी सुधार किया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा विकसित प्लेटफॉर्म बाल अधिकारों के उल्लंघन पर सक्रिय रूप से नजर रख रहे हैं। इस बीच, मिशन वात्सल्य डैशबोर्ड विभिन्न बाल कल्याण हितधारकों के बीच अभिसरण और समन्वय को मजबूत करता है। यह नया भारत है - जहां शासन प्रौद्योगिकी से मिलता है, और जहां नीति उद्देश्य से मिलती है। पिछले दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने न केवल डिजिटल परिवर्तन को अपनाया है - बल्कि इसका समर्थन भी किया है। जैसे-जैसे हम अमृत काल में आगे बढ़ रहे हैं, मंत्रालय प्रत्येक महिला और प्रत्येक बच्चे का राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनना सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़कर नेतृत्व करना जारी रखेगा। प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता और लक्षित कार्रवाई के माध्यम से, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जहाँ सशक्तिकरण महज नारा भर नहीं है - बल्कि प्रत्येक भारतीय के लिए वास्तविकता है।

**(लेखिका : केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### आदित्यपुर पुलिस ने अवैध कारोबार के खिलाफ चलाया अभियान

# ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** आदित्यपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए ब्राउन शुगर कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को घटना की जानकारी देते हुए एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने बताया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी मुस्लिम बस्ती एच रोड निवासी तैयब अंसारी अपने घर से बड़े पैमाने पर ब्राउन शुगर का कारोबार चला रहा है। जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर पुलिस ने एक विशेष दल का गठन कर छापेमारी की। जहां तैयब अंसारी को ब्राउन शुगर खरीद बिक्री के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के पास से 8 ग्राम ब्राउन शुगर बरामत किया गया। एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने बताया आदित्यपुर क्षेत्र में लगभग 95 प्रतिशत से अधिक ब्राउन शुगर के कारोबार को खत्म कर दिया गया। शेष बचे हुए लोग चोरी-छिपे इस अवैध कारोबार को चला रहे हैं, जिनके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ ने चेतावनी दी ड्रग्स के धंधे को संरक्षण देने या बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# श्रीश्री मानस सत्संग समिति की बैठक




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। श्री श्री मानस सत्संग समिति, जो पिछले 20 वर्षों से सावन मास के दूसरे सोमवार को भव्य सुंदरकांड पाठ और भोग वितरण कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है। बाराद्वारी में आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 21 जुलाई को होने वाले सुंदरकांड पाठ और भोग वितरण की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।मौके पर सभी सदस्यों को कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक के अंत में भगवान शिव के जयघोष ह्यहर हर महादेवह्ण के साथ सभा सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मनोज मिश्रा, संतोष सिंह, ओमेश सिन्हा, प्रदीप, सुमित, मनीष, सुमन, संजय दास, मिंटू, अनिल प्रसाद, विजय शर्मा उपस्थित रहे।**

# आजादी के बाद पहली बार पोटका प्रखंड के रांगामाटिया से जोजोगोड़ा तक बनेगी पक्की सड़क : संजीव सरदार विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के हेंसल आमदा पंचायत अंतर्गत दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र रांगामाटिया से जोजोगोड़ा होते हुए पोड़सागोड़ा तक अब पक्की सड़क का सपना साकार होने जा रहा है।पोटका विधायक संजीव सरदार के पहल पर आजादी के बाद पहली बार इस इलाके को पक्की सड़क की सौगात मिलने जा रही है। गुरुवार को स्थानीय विधायक संजीव सरदार ने नारियल फोड़कर विधिवत रूप से इस बहुप्रतीक्षित सड़क परियोजना का शिलान्यास किया। विधायक श्री सरदार ने कहा सीएम हेमंत सोरेन की अबुआ सरकार हर गांव तक विकास की रोशनी पहुंचा रही है। करीब 5.06 करोड़ की लागत से बनने वाली इस 5 किमी लंबी सड़क का निर्माण कार्य मोरबल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड करेगी। सड़क निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम में पार्षद सविता सरदार, मुखिया अर्धेंदु सरदार, ग्राम प्रधान बलराम सरदार, पूर्व पार्षद हीरामणी मुर्मू समेत बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।मौके पर उपस्तित सभी ग्रामीणों ने हेमंत सरकार और विधायक की विकासपरक सोच की सराहना करते हुए धन्यवाद दी।

# पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने मुसाबनी क्षेत्र का किया दौरा, समस्याओं से हुए अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुसाबनी।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत में के प्रतिनिधि मंडल मुसाबनी प्रखंड के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। गुरुवार को उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। श्री दुबे का काफिला सबसे पहले मुसाबनी बाजार पहुंचा, जहां उन्होंने बिलीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाया। दुकानदारों ने उन्हें बाजार परिसर में कचरे के ढेर की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने अंचलाधिकारी से वार्ता कर तत्काल कचरा हटवाने का निर्देश दिया। वहीं गुलमोहर स्कूल की प्रिंसिपल ने भी समस्याएं रखीं, जिसे सुनकर दुबे ने स्कूल परिसर में बिलीचिंग पाउडर उपलब्ध कराया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नलिनी सिन्हा, मो. इरफान, मो. असगर, जुनेद, समीर, सोनू, सबनम परवीन समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के समर्थन में नेताओं ने दिया सामूहिक इस्तीफा



**रांची/जमशेदपुर। लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड में अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गयी है। गुरुवार को पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू को अचानक निष्कासित करना राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचायक है। श्री गुप्ता ने कहा श्री साहू के निष्कासन से कार्यकर्ताओं में रोष है और सभी मर्माहत हैं। सुनील साहू के समर्थन में प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं ने सामूहिक रूप से त्यागपत्र दे दिया है। त्यागपत्र देनेवालों में चतरा से कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही, प्रदेश महासचिव अशोक कुमार डोम, प्रदेश सचिव शम्भु प्रजापति, हजारीबाग से प्रधान महासचिव कुंज बिहारी साव और प्रदेश सचिव राम विलास साव, बोकारो से प्रदेश उपाध्यक्ष जोधन नायक, पलामू से प्रदेश महासचिव अशोक प्रसाद साहू, धनबाद से प्रदेश सचिव अशोक साव, गढ़वा से कार्यसमिति सदस्य प्रदीप गुप्ता, चतरा जिलाध्यक्ष मुरारी साव, लातेहार जिलाध्यक्ष बलराम प्रसाद साहू, गिरिडीह जिलाध्यक्ष शिव शंकर साहू, हजारीबाग जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार साहू, चाईबासा जिलाध्यक्ष शशिकांत ठाकुर, बोकारो जिलाध्यक्ष संतोष साव समेत प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य नंदलाल साव और तारीक साव शामिल हैं। नेताओं ने कहा वे सुनील साहू के साथ हैं और नेतृत्व के इस निर्णय का विरोध करते हैं।**

# एनएसयू के तीन विद्यार्थियों का डॉ रेड्डी में टेरीटरी मैनेजर पद पर चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय (एनएसयू) में फामेर्सी विभाग के अंतिम वर्ष में तीन विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट में बड़ी सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बैचर्स ऑफ फामेर्सी सत्र 2021-2025 के प्रियंका रॉय, दीपा सोनी और स्नेहा कुमारी का चयन प्रतिष्ठित मेडिकल लैबोरेट्री और डायग्नोस्टिक कंपनी डॉ रेड्डी में टेरेट्री मैनेजर के पद पर किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को झारखंड स्थित विभिन्न शहरों में 4.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर नियुक्त किया जायेगा। प्लेसमेंट सेल के पदाधिकारियों ने बताया वर्तमान समय में रोजगार के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को तकनीक आधारित कौशल और अंतरराष्ट्रीय स्तर के संचार कौशल को विकसित करना जरूरी है। विश्वविद्यालय द्वारा सॉफ्ट स्किल, इन्साइड आउटसाइड लर्निंग प्रोग्राम और मल्टी स्टेज इंटर्नशिप जैसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को तैयार किया जा रहा है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने खुशी जाहिर की।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in
07

## बोलेरो में अचानक लगी आग, चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। शहर के धुरकी मोड़ के समीप गुरुवार की अहले सुबह एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। हुआ यूं कि धुरकी मोड़ के समीप बोलेरो में अचानक आग लग गयी। हालांकि चालक की सूझबूझ के कारण कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ। सिर्फ बोलेरो गाड़ी ही धूं धूं कर जल गयी। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि खरसोता से दवा कराकर सवारी वाहन सोनडीहा (सगमा) की ओर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में वाहन से अचानक धुंआ उठने लगा। ड्राईवर उमेश कुमार पासवान ने सतर्कता दिखाते हुये तुरंत गाड़ी को रोक दिया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया। इसी बीच गाड़ी में तेजी से आग फैल गयी। जिससे बोलेरो में सवार लोगों के बीच अफरा तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी। अग्निशमन दल के पहुंचने तक बोलेरो पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी। फायर बिग्रेड मौके पर आकर आग बुझाया लेकिन गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी।

## मनरेगा की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित कर्मियों पर कार्रवाई, समय पर योजनाएं पूर्ण करने का निर्देश



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बीडीओ की अध्यक्षता में मनरेगा से संबंधित गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बीपीओ श्री सोनू, कंप्यूटर ऑपरेटर श्रीकांत, लेखपाल धीरज सहित सभी रोजगार सेवक उपस्थित रहे, जबकि चार रोजगार सेवक और एक कनीय अभियंता विशाल अनुपस्थित पाये गये। बीडीओ ने अनुपस्थित कर्मियों का वेतन स्थगित करते हुए उप विकास आयुक्त से अनुशासनात्मक कार्रवाई का अनुरोध किया। बैठक में मनरेगा अंतर्गत संचालित आम बागवानी योजनाओं को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि जिन लाभुकों के पास सिंचाई की सुविधा नहीं है, उनकी योजनाओं को ऑनगोइंग नहीं किया जाये। समीक्षा में 100 दिनों का रोजगार अधिक से अधिक मजदूरों को देने पर बल दिया गया।

## निर्धारित मार्ग से ही निकालें जुलूस: रोहित रंजन



रंका (आजाद सिपाही)। मुहर्रम की त्योहार को लेकर रंका थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों, अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में आने वाले मुहर्रम की त्योहार को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि डीजे साउंड का प्रयोग वर्जित रहेगा और किसी भी प्रकार कि भड़काऊ गीत बजाने की अनुमति नहीं रहेगी। जुलूस में कहा गया कि बिजली तारों से दूरी बनाये रखेंगे और जुलूस केवल निर्धारित मार्ग से ही निकाले जाएं, ताकि कोई अव्यवस्था उत्पन्न न हो। इस मौके पर एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों, अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी, उत्तम पांडेय, किशोर कुमार शौंडिक,सुल्पानी सिंह, सुरेश पांडेय, शोएब खलिफा, डॉ इस्लाम, डॉ इकरामुद्दीन, मुखिया हासिम अंसारी, असमुद्दीन बीडीसी, कलाम अंसारी सहित काफी संख्या में हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## 55 वर्षीय पारा शिक्षक की हुई मौत



मृतक पारा शिक्षक की फाइल फोटो।

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल क्षेत्र परती कुशवानी पंचायत के अच्छीया टोला निवासी सहायक अध्यापक विद्या यादव की गुरुवार करीब 2 बजे मौत हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय विद्या यादव परती कुशवानी पंचायत के अमवाडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत थे। वह लंबे समय से ब्लड कैंसर से पीड़ित थे उनका इलाज रांची रिम्स से चल रहा था। उनकी स्वास्थ्य अचानक खराब होने के वजह से उनकी मृत्यु हो गया। फिलहाल वें घर पर ही थे। उनका अंतिम संस्कार सोन नदी के तट पर किया गया। अंतिम संस्कार में झामुमो के वरिष्ट नेता मुक्तेश्वर पांडे, प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, संगठन सचिव संजय वर्मा, सुरेश प्रसाद, विनोद सिंह, पूर्व उप प्रमुख सह बीडीसी प्रतिनिधि दीन दयाल गुप्ता, शिव शाह, कमलेश यादव, दीपक वर्मा, दीपक यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## शिवरी निवासी व्यक्ति की ब्रेन हेमरेज से मौत



मृतक कुलदीप साव का फाइल फोटो।

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ग्राम शिवरी निवासी कुलदीप साव उम्र 58 वर्ष की ब्रेन हेमरेज से हो गयी। मृतक बिहार के कल्याण पुर बंजारी सिमेंट फैक्ट्री में कार्यरत थे। एक सप्ताह पूर्व उनका ब्रेन हेमरेज हो गया था तथा नारायण होस्पिटल सासाराम में इलाज हो रहा था। 2 जुलाई को रात्रि 11 बजे उनकी मौत हो गयी। शव सुबह में उनके पैतृक गांव शिवरी लाया गया तथा सोन नदी में अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों के अनुसार 18 माह और उनका नौकरी बचा हुआ था। 18 माह के बाद वो रिटायर होते।

# भगवान जगन्नाथ की घुरती रथयात्रा आज

**ठाकुरबाड़ी मंदिर में विराजेंगे अपने कक्ष में**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** भगवान जगन्नाथ की घुरती रथयात्रा शुक्रवार को भैया बलभद्र और बहन सुभद्राजी के साथ सम्पन्न होगी। भगवान जगन्नाथ मौसीबाड़ी से लौटकर अपने मूल स्थान ठाकुरबाड़ी मंदिर स्थित अपने कक्ष में विराजमान होंगे। बीते आठ दिनों से भगवान मौसीबाड़ी में बिराजे हुए थे, जहां भक्तों के लिए सुलभ दर्शन की व्यवस्था थी। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर लगी रही और भगवान की विशेष सेवा से भक्तगण अभिभूत रहे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राजपुरोहित पंडित बालेश्वर दूबे द्वारा प्रतिदिन सुबह, दोपहर और शाम को पूजन, विविध व्यंजनों सहित महाप्रसाद अर्पण, आरती और पुष्पांजलि की जाती रही। परंपरानुसार श्रीमद्भागवत महापुराण का सांगोपांग पाठ मौसीबाड़ी परिसर को गुंजायमान करता रहा। शुक्रवार को दोपहर श्रीमद्भागवत पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात हवन और भगवान को विशेष महाप्रसाद अर्पित किया जायेगा। इसके उपरांत गाजे-बाजे, शंख ध्वनि और जयघोष के बीच राजपुरोहितों द्वारा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्राजी के विग्रह को रथ में विराजमान कराकर ठाकुरबाड़ी मंदिर वापस लाया जायेगा, जहां वे अपने कक्ष में पुनः स्थापित किये जायेंगे।

## निर्माणाधीन सड़क कीचड़ में तब्दील, ग्रामीण परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड के अरसली उत्तरी पंचायत भवन से लेकर नंदू राम के घर तक निर्माणाधीन सड़क इन दिनों ग्रामीणों के लिए मुसीबत का कारण बन गयी है। बारिश के चलते सड़क की हालत और भी खराब हो गयी है, जिससे यह पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गयी है। इस स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर सवाल उठाते हुए कहा है, कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब है और इसे जल्द कीचड़मुक्त कर चलने लायक बनाया जाये। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण की गति बेहद धीमी है। ग्रामीणों जयराम पासवान, अरुण गुप्ता, उमेश चंद्रवंशी, रामकेश प्रजापति, गुलाम अंसारी, अजय प्रजापति, सुदर्शन प्रजापति, संजय प्रजापति का कहना है, कि ठेकेदार द्वारा सड़क कीचड़नुमा कर दिया गया है, इससे राहगीरों, वाहन चालकों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग से मोहर्रम के अवसर पर ताजिया भी जाया करता है। अरसली मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष जावेद अंसारी ने बताया कि मोहर्रम का पर्व समीप है, लेकिन सड़क कीचड़ से भरी पड़ी है, जिससे ताजिया का जुलूस निकालना कठिन हो जायेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क को दुरुस्त किया जाये ताकि लोगों को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके और मुहर्रम का पर्व भी शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।

## मेराल पूर्वी के मुखिया ने की समीक्षात्मक बैठक, कहा
# सभी के सहयोग से पंचायत को नंबर वन बनायेंगे

**पंचायत में पूर्ण शराबबंदी के लिए थाना पुलिस के साथ गस्ती निकालने का लिया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो ने पंचायत सचिवालय भवन में मासिक समीक्षा बैठक की, जिसमें पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया आदि शामिल हुए। बैठक में मासिक कार्यों की जानकारी ली गयी। मुखिया ने कहा कि कार्यों के प्रगति के लिए वे सतत प्रयत्नशील हैं। आप सभी के सहयोग से पंचायत को नंबर वन बनाना है। पंचायत में पूर्ण शराबबंदी को लेकर वार्ड सदस्यों द्वारा जानकारी दिया गया कि कुछ हठी लोगों द्वारा चोरी छुपे शराब बनाने तथा बेचने के धंधा में लगे हैं। जिस पर सर्वसम्मति से थाना पुलिस के सहयोग से गस्ती दल निकालने का निर्णय लिया गया। साथ ही सरकारी विद्यालय जिसमें 13 वर्ष से अधिक उम्र की बच्चियों पढ़ती हैं, वहां स्वास्थ्य विभाग से भस्मक लगवाने का निर्णय लिया गया। संजय नगर में बसे मुसहर और घासी परिवार को वोटर आईडी बनाने के बाद आधार कार्ड बनवाकर सरकारी लाभ दिलवाने तथा उनके बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूल में करने पर चर्चा हुई। चरका पत्थर आंगनवाड़ी केंद्र के पास जल जमाव की समस्या पर मुखिया रामसागर महतो ने कहा कि वह अपने निजी खर्चे से वहां मिट्टी की भरायी कर देंगे। इसी तरह पूर्वारा टोला प्राथमिक विद्यालय में जल जमाव के निदान के लिए अंचल अमीन से जमीन की मापी कराकर सरकारी जमीन में कच्चा नाली बनवाने की जानकारी दी गयी।

## 64वीं सुब्रतो कप अंडर-17 बालिका वर्ग जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता
# बालिका वर्ग में राजकीयकृत+2 उच्च विद्यालय रमकंडा बना चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिला स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल अंडर-17 बालिका वर्ग फाइनल मैच में राजकीय कृत+2 उच्च विद्यालय रमकंडा ने राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, रंका को बेहद रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हराकर बालिका वर्ग का चैम्पियन बना। फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा पूरे निर्धारित समय तक दोनों ही टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और मुकाबला 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद मुकाबले का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें रमकंडा की टीम ने 4-3 से जीत दर्ज की। विजेता टीम राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय रमकंडा टीम को जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनुराग मिंज सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुलदीपक अग्रवाल फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा ट्रॉफी प्रदान किया। इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुये जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनुराग मिंज ने कहा कि इस जीत के साथ ही रमकंडा की टीम ने जिला स्तरीय खिताब अपने नाम कर लिया और अब वह गढ़वा जिले की ओर से प्रमंडलीय स्तर पर अंडर-17 बालिका संवर्ग में प्रतिनिधित्व करेगी।

इस मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अल्का लकड़ा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे संकुल प्रभारी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, एडमोन कच्छप चित रंजन कुशवाहा शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार तिवारी ,आलोक कुमार, शमशाद आलम सहित कई लोग शामिल थे।

**फुटबॉल प्रतियोगिता देर रात तक दूधिया रोशनी में खेला जा रहा है :** जिला स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता देर रात तक दूधिया रोशनी में खेला जा रहा है। जिले में पहली बार रात्रि फुटबॉल का आयोजन चल रहा है में इस प्रतियोगिता के दौरान रात्रि में खेलने को लेकर खिलाड़ियों काफी उत्सुक है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच रात्रि में दूधिया रोशनी में खेलना चाहते हैं, आयोजन कमेटी भी खिलाड़ियों की मांग को पूरा करते हुए रात्रि में स्टेडियम में लगे सभी लाइट को जलाकर रात्रि फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर जहां खिलाड़ियों में खेलने के प्रति जोश है। वहीं दूधिया रोशनी में खेले जा रहे हैं मैच का उठा रहे हैं।

## पुलिस ने 30 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ बाइक जब्त की

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। गुप्त सूचना के आलोक में मंगलवार की शाम भवनाथपुर थाना के एएसआई नारायण प्रसाद ने पुलिस बल के साथ कैलान के अमवाडीह में छापामारी अभियान चलाकर एक व्यक्ति को हिरासत में लेते हुए 30 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ उसका मोटरसाइकिल जब्त कर थाना लाया। पकड़ा गया आरोपी बरडीहा थाना क्षेत्र के आदर लेवाटाड निवासी बिजेंद्र उरांव है।


**कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, हजारीबाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**उद्यम पंजीकरण हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर**

प्रबंध निदेशक, जिडको, राँची के निदेशानुसार MSME इकाईयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 05.07.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से CMTC बिल्डिंग, राजा तालाब के पास, सहाना बैंक्वेट के बगल में, कोडरमा में निःशुल्क उद्यम पंजीकरण हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उद्यमियों का उद्यम निबंधन किया जाएगा।

अतः कोडरमा जिला के सभी उद्यमी/व्यवसायी निर्धारित तिथि को आयोजित जागरूकता शिविर में अपने उद्यम/इकाई के निबंधन हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर के साथ भाग लेंगे।

महाप्रबन्धक,
जिला उद्योग केन्द्र, हजारीबाग

PR 356446 Industries(25-26).D

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, राँची**

**-: पशुपालकों के लिए आम सूचना :-**

राँची जिला के इच्छुक दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड सरकार, राँची के राज्यादेश संख्या – 05 रा0 दिनांक–16.06.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के अन्दर दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। इच्छुक दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु पहचान पत्र (आधार कार्ड की छायाप्रति), एक पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम के बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति जिसमें खाता संख्या एवं IFSC कोड सुस्पष्ट हो, को साथ में लेकर आना अनिवार्य है। प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण संस्थान, धुर्वा, राँची तक आने–जाने का मार्ग भाड़ा) स्वयं वहन करना है, जिसकी प्रतिपूर्ति प्रशिक्षण सत्र के बाद उक्त संस्था द्वारा निर्धारित व्यय की राशि एवं दैनिक भत्ता 100/– (एक सौ) रू0 प्रतिदिन के दर से प्रशिक्षणार्थी को बैंक खाता के माध्यम से सीधे भुगतान कर दी जायेगी।

प्रशिक्षण हेतु निर्धारित लक्ष्य की विवरणी :–

| क्र0सं0 | प्रशिक्षण अवधि | OSP | | TSP | | SCSP | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | |
| 1 | 09.07.2025 से 14.07.2025 तक | 5 | 3 | 7 | 6 | 2 | 2 | 25 |
| 2 | 30.07.2025 से 04.08.2025 तक | 5 | 3 | 7 | 6 | 2 | 2 | 25 |
| 3 | 20.08.2025 से 25.08.2025 तक | 5 | 3 | 7 | 6 | 2 | 2 | 25 |
| 4 | 10.09.2025 से 15.08.2025 तक | 5 | 3 | 7 | 6 | 2 | 2 | 25 |
| 5 | 24.09.2025 से 29.09.2025 तक | 5 | 3 | 7 | 6 | 2 | 2 | 25 |
| 6 | 08.10.2025 से 13.10.2025 तक | 5 | 3 | 6 | 5 | 2 | 2 | 23 |
| 7 | 29.10.2025 से 03.11.2025 तक | 5 | 3 | 6 | 5 | 2 | 2 | 23 |
| 8 | 05.11.2025 से 10.11.2025 तक | 5 | 3 | 6 | 5 | 2 | 2 | 23 |
| 9 | 24.12.2025 से 29.12.2025 तक | 5 | 3 | 6 | 5 | 2 | 2 | 23 |
| 10 | 14.01.2026 से 19.01.2026 तक | 5 | 3 | 6 | 5 | 2 | 2 | 23 |
| कुल योग :– | | 50 | 30 | 65 | 55 | 20 | 20 | 240 |

शर्तें :–
1. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।
2. आवेदक संबंधित जिले के स्थायी निवासी एवं साक्षर पशुपालक हों जिनकी न्यूनतम उम्र 18 वर्ष एवं अधिकतम उम्र 55 वर्ष हो।
3. दुधारू मवेशी पालन करते हैं या करने के इच्छुक हैं एवं पूर्व के विगत तीन वर्षों में संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किये हो।
4. झारखण्ड मिल्क फेडरेशन के कार्य क्षेत्र/सरकार के द्वारा विशिष्ट योजनाओं के लिए चयनित ग्राम के पशुपालकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण भेजा जाएगा।
5. प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना होगा, जिसकी प्रतिपूर्ति प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची के द्वारा प्रशिक्षण उपरांत एवं दैनिक भत्ता 100 (एक सौ) रू0 प्रतिदिन के दर से उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से हस्तांतरित किया जाएगा।
6. प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता पासबुक की मूलप्रति प्रशिक्षण में अपने साथ लेकर जाना अनिवार्य होगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
राँची

PR 356406 Animal Husbandry (25-26)_D

**PUBLIC NOTICE**

**DEED OF REVOCATION OF POWER OF ATTORNEY**

As per Public Notice **GRN No. 2503111423 Date 01.07.2025**. Know All Men By These Presents That I **Samarendra Kumar**, UID No. 7981-3582-6340, R/o D- 16, Harmu Housing Colony Ranchi, Jharkhand, Hereby **Revokes** All My Previously Tendered Power Upon **Mr. Rajesh Kumar**, UID No. 4635-6810-1156, 5/0 Jawaharlal Gupta Rio 24. Kurmih, Bajrangi Nagar, Naer Mahatma Gandhi School, Railway Colony, Radha Nagar, Bokaro, Ranchi, Jharkhand, As My Appointed Attorney Vide The Previously Executed Power Of Attorney(s) Bearing **Government Reference Number (GRN Numbers)- 2320144068 ,2320144120 And 2320143744,** all Dated 12.11.2023 Where by I Had Appointed And Authorised Him To Act As My Agent And Attorney For The Purpose Of Conducting And Handling The Cases Which Are Pending Or Are Likely To Arise In The Court Of Ranchi, Jharkhand, Including Jharkhand High Court, Civil Courts & Khunti District Court And In Connection With The Same To Perform All Or Any Of The Following Acts, Deed And Things .i.e To Say:-

1. To Carry On Correspondence With All Concerned Authorities In Connection Any Cases / Application / Petitions.
2. To Appear For Me And On My Behalf In Matters Pending Before High Court Of Jharkhand Or Before Any Statutory Body Or Authority In Connection With Any Matter Pertaining To Me.
3. To Make, Sign, Verify, Present And File All Applications, Plaints, Petitions, Written Statement, Warrant Of Attorney, Notice/s, Vakalatnama Or Any Other Documents Including Counter-affidavits, Supplementary Affidavits, Rejoinders Etc. Expedient Or Necessary In The Opinion Of My Said Attorney Or Be Made, Signed, Executed, Verified, Presented Or To File Any Such Documents And Again To Receive Back The Same Related To Me.
4. Generally To Do And Perform All The Acts, Deeds, Matters And Things Necessary And Convenient For All Or Any Of The Purposes Aforesaid And For Giving Full Effect To The Authorities Hereinbefore Contained As Fully And Effectually As I Could In Person Do Except To Enter Into Any Compromise Or Settlement With Respect To Any Case Without Getting My Consent In Writing.

**Now Whereas,** In The Executed Power Of Attorneys I Had Reserved My Right To Revoke The Power Of Attorney Ay Any Time.

**Now Know** Ye All That By This Deed, For Personal Reason And Convenience I Cancel The Above Mentioned Power Of Attorney, Absolutely And Completely And Revoke All Power Or Authority Including But Not Limited To The Above Mentioned Powers Thereby And Thereunder Given To Him Before Revocation Either Expressly Or Impliedly To Do All Acts, Deeds, Intents And Purposes In Connection With Casses Pending Before Any Court In Jharkhand.

In Witness Whereof, I Put My Signatures On This Revocation Of General Power Of Attorney At Ranchi on this 01.07.2025.

Witnesses :
1. Anil
2. Ram Das

EXECUTANT

# लातेहार में झामुमो ने भाजपा का पुतला फूंका

**संथाल को मणिपुर बनने नहीं देंगे : बैद्यनाथ राम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय उपाध्यक्ष बैद्यनाथ राम ने भोगनाडीह की घटना को सुनियोजित साजिश बताया और कहा कि भाजपा संथाल परगना को मणिपुर की तरह दंगाग्रस्त बनाना चाहती है। गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बैद्यनाथ राम ने कहा कि भोगनाडीह की घटना अचानक नहीं बल्कि एक पूर्व नियोजित साजिश थी। उन्होंने दावा किया कि इसके पीछे गोड्डा के वर्तमान सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री सहित भाजपा के कई शीर्ष नेता शामिल हैं। उन्होंने इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित करने की मांग की। ताकि, घटना से जुड़े सभी तार सामने आ सकें। उन्होंने सवाल उठाया कि कोई राजनीतिक कार्यकर्ता आखिर अवैध हथियार लेकर राजकीय कार्यक्रम में क्यों पहुंचेगा। कहा कि गिरफ्तार लोग केवल मोहरे हैं, असली साजिशकर्ता पर्दे के पीछे हैं। कहा कि झामुमो, झारखंड को मणिपुर नहीं बनने देगी। शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। वहीं जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड सरकार को बदनाम करने की यह एक भाजपा की गंदी साजिश है, जिसका हम पदार्फास करके रहेंगे। प्रेस वार्ता के बाद झामुमो नेताओं ने समाहरणालय गेट के पास भाजपा का पुतला फुंका और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम, जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरूण दुबे, आर्सेन तिर्की, मनोज चौधरी रिंकू कच्छप, अंकित पाण्डेय, दीपक कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# लोहरदगा को मिलकर आदर्श जिला बनाना है : धीरज साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के सर्वांगीण विकास को लेकर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू गंभीर हैं। वह लगातार कई योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर प्रयास कर रहे हैं। स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यटन, खेल आदि क्षेत्रों में भी नई योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर प्रयासरत हैं। इस क्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद ने गुरुवार को लोहरदगा का उपायुक्त डॉक्टर ताराचंद और लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रिजवी से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद ने कई अहम मुद्दों को लेकर दोनों अधिकारियों के साथ चर्चा की। पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि समन्वय से ही विकास हो सकता है। हमें मिलकर लोहरदगा जिला को एक आदर्श जिला बनाना है। मोहर्रम का त्यौहार है, घूरती रथ यात्रा है, सभी त्योहारों को मिलजुल कर मनाना है।

सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाकर रखना है। उन्होंने कहा कि बीएस कॉलेज स्टेडियम में फ्लड लाइट लगाया जाना आवश्यक है। इसके अलावा बकसीडीपा में पर्यटन विकास की योजना के तहत रेस्ट हाउस का निर्माण कार्य भी करने को लेकर चर्चा की। लोहरदगा में हाल सर्वे में जमीन संबंधी जानकारी में हुई त्रुटि को लेकर सरकार के स्तर से बात कर इसमें सुधार करने को लेकर भी उन्होंने चर्चा की। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि विकास योजनाएं तभी कारगर साबित हो सकती हैं, जब वह उपयोगी हों। हमें ऐसी योजनाओं का क्रियान्वयन करना है, जिससे आम आदमी को सीधा लाभ हो। लोहरदगा जिला को पर्यटन के क्षेत्र में एक आदर्श जिला बनना है। इसके लिए यहां पर सुविधाओं को विकसित करना जरूरी है। उनसे जो भी सहयोग होगा, वह जिला प्रशासन का जरूर करेंगे। साथ ही सरकार के स्तर से भी संभव सहयोग दिलाने का प्रयास करेंगे। मौके पर डॉक्टर अजय शाहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, हाजी शकील अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

## महाकाल क्लब की कांवड़ यात्रा में मुख्य अतिथि होंगे धीरज साहू



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** महाकाल क्लब, चंद्रशेखर आजाद चौक, तेतरतर द्वारा आयोजित वार्षिक विशाल कांवड़ यात्रा में इस वर्ष पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। क्लब के पदाधिकारियों ने श्री साहू के आवास पर पहुंचकर उन्हें औपचारिक आमंत्रण सौंपा, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। पूर्व सांसद श्री साहू ने कहा कि महाकाल क्लब द्वारा आयोजित यह यात्रा न केवल लोहरदगा बल्कि पूरे क्षेत्र की सबसे भव्य और ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा बन चुकी है। क्लब के सभी पदाधिकारी इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को विगत 30 वर्षों से जीवंत बनाये रखने के लिए बधाई के पात्र हैं। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में आस्था, अनुशासन और सेवा भावना का संचार होता है, जो समाज को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मौके पर डॉ अजय शाहदेव, रितेश वर्मा, निश्चय वर्मा, विक्रम चौहान, सुमित घोष, हिमांशु केसरी, सचिन सिंघानिया, एवं अमित वर्मा आदि मौजूद थे।


## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर का समापन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद के निर्देश पर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की वैसी लाभुक जिनका आधार नंबर इनएक्टिव था, उनका आधार एक्टिव करने के लिए 1 और 2 जुलाई 2025 को सभी प्रखंडों के पंचायतों में और नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में शिविर का आयोजन किया। इसमें कुल 1634 लाभुकों का आधार नंबर एक्टिव किया गया। उपायुक्त, लोहरदगा ने अपील की है कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की वैसी लाभुक जिनका आधार नम्बर अब एक्टिव हो चुका है और एनपीसीआइ से मैप्ड नहीं है वे अपने संबंधित बैंक में जाकर अपना आधार को एनपीसीआइ से मैप करा लें ताकि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि निर्वाध रूप से बैंक खाता में क्रेडिट होती रहे।

# कुडू में झुंड से बिछड़े हाथी ने मचाया तांडव, लोग भयभीत

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू / लोहरदगा।** कुडू शहरी क्षेत्र के लोग इन दिनों एक अलग ही संकट से जूझ रहे हैं। इसका कारण कोई दूसरा नही बल्कि एक झुंड से बिछड़ा हाथी है, जो आए दिन शहर में घुसकर लोगों की नींद, संपत्ति और सुरक्षा सब छीन रहा है। स्थानीय लोगों को बुधवार की रात एक बार फिर वही डरावना मंजर देखने को मिला। कुडू पोस्ट ऑफिस के पीछे से गुजरता हुआ हाथी सबसे पहले दो चारदीवारी तोड़ता है और जमील खान के आम बगान में घुसकर पेड़ों में लगे आम को खा गया। वहां से निकलते ही धोबी टोला रामनगर में सन्नू बैठा के घर को तोड़ा, फिर बुनियादी विद्यालय के मुख्य द्वार को क्षतिग्रस्त कर और अंत में स्व. विजय वर्मा के आवास परिसर में आधे घंटे तक उत्पात मचाता रहा। इस दौरान एक गाय को घायल कर परिसर में लगे केले को चट कर गया। इस दौरान रात 10 बजे से तड़के 2 बजे तक लोग हाथी के खिलाफ जंग लड़ते रहे। कोई अस्पताल की छत पर चढ़कर, तो कोई मशाल जलाकर, तो कोई टायर फूंककर शोर मचाता रहा। लोगों ने वन विभाग की विशेष टीम को स्थायी रूप से कुडू में तैनात किये जाने और प्रभावित लोगों को तत्काल मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में मोपेड चालक घायल

**सेन्हा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव में शनिवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ मोपेड चालक नारायण साहू (55 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गये। वे टीवीएस मोपेड से साप्ताहिक बाजार से घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बॉक्साइट लदे ट्रक की चपेट में आ गये। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को निजी वाहन चालक बबलू अंसारी की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सेन्हा में भर्ती कराया। घायल की पहचान जोगना निवासी स्व. डोमना साहू के पुत्र नारायण साहू के रूप में हुई है। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ राजीव कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि घायल के माथे, हाथ और दोनों पैरों में चोटें आयी हैं, लेकिन उनकी स्थिति अब खतरे से बाहर है। चिकित्सक ने माथे का एक्सरे कराने की सलाह दी है और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

# हीरही बड़का टोली में झूलता तार बना खतरा शिकायत के बाद भी बिजली विभाग मौन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड क्षेत्र के हिरही बड़का टोली के ग्रामीणों ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बताया है कि बड़का टोली में 11,000 वोल्ट की विद्युत आपूर्ति तार पिछले कई दिनों से खुले में पोल से नीचे लटक रही है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग को इस बारे में कई बार मौखिक एवं लिखित सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। खास बात यह है कि तार के ठीक समीप एक कर्बला स्थल भी है, और उसी रास्ते से आसपास के गांवों के लोग रोजाना आवागमन करते हैं। इससे स्थानीय लोगों की जान पर संकट मंडरा रहा है। इस गंभीर विषय पर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच, लोहरदगा के जिला सचिव संजय विश्वकर्मा ने प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की मांग की है। मंच के अन्य प्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों में शमीम अंसारी, सोमा उरांव, अलीम अंसारी, वीरेंद्र भगत, गुलजार अंसारी, मकसूद अंसारी, हफीजुल अंसारी, रफीक अंसारी, फारूक अंसारी, आशिक अंसारी, जहांगीर अंसारी, खलील अंसारी, आफताब अंसारी, तथा राजेश्वर उरांव ने भी इस मुद्दे को लेकर जल्द समाधान की मांग की है।

ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि अगर जल्द इस समस्या को ठीक नहीं किया गया तो वे प्रशासनिक कार्यालयों का घेराव करने को बाध्य होंगे।

## लोहरदगा जय श्रीराम समिति ने मृतक के परिजनों को दी आर्थिक सहायता



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विगत दिनों सदर प्रखंड के अरकोसा नवाटोली निवासी महावीर ठाकुर के पुत्र का आकस्मिक निधन हो गया। पीड़ित परिवार मानसिक एवं आर्थिक रूप से इतने कमजोर थे कि अंतिम संस्कार की क्रिया भी संपन्न कर पाने में असमर्थ थे। ऐसी विकट परिस्थिति में जय श्रीराम समिति अरकोसा ने मानवीय पहल करते हुए तत्क्षण आर्थिक सहायता प्रदान कर परिवार की मदद की और मानवता की मिसाल पेश की। समिति के जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि सेवा ही मानव धर्म है। जो भी इस मार्ग पर चलता है, वही सच्चे अर्थों में इंसान कहलाता है। यह जीवन क्षणभंगुर है, इसलिए लोगों को सेवा की भावना से एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा रहना चाहिए। समिति सदस्य अंगद महतो ने कहा कि गरीबों की सेवा में जो आत्मिक संतोष और खुशी मिलती है, वह दुनिया की किसी भी चीज में नहीं मिल सकती। राजेश्वर महतो ने समाज में दिखावे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि शादियों में दिखावा और फिजूल खर्च करने से बेहतर है कि हम जरूरतमंदों की सहायता करें। यही सच्ची परोपकारिता है। समिति के सक्रिय सदस्य शुभम कुमार ने सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य सरकार की योजनाएँ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। एक गरीब व्यक्ति, जिसने अपने परिवार के सदस्य को खो दिया, उसकी अंत्येष्टि के लिए भटक रहा है और उसे कहीं से कोई सरकारी सहायता नहीं मिलती। ऐसे समय में सांसद, विधायक और प्रशासन को आगे आना चाहिए था। इस मौके पर राजा कुमार, अजय सोनी, शुभम कुमार समेत कई स्थानीय लोग मौजूद थे जिन्होंने समिति की इस पहल की सराहना की।


## मोहर्रम की सातवीं पर कर्बला में की गयी चादरपोशी, अकीदतमंदों की उमड़ी भीड़



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** मोहर्रम की सातवीं तिथि के अवसर पर बरवाडीह-मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित कर्बला परिसर में चादरपोशी का भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम हुआ सम्पन्न। इस मौके पर हजारों अकीदतमंदों की उमड़ी भीड़। वही कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह शामिल हुए, जिन्होंने श्रद्धापूर्वक चादरपोशी कर देश और राज्य की सुख-शांति की दुआ मांगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, स्थानीय पत्रकारों सहित सदर, जनरल खलीफा, सेक्रेटरी एवं विभिन्न अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। वही सभी विशिष्टजनों को आयोजकों द्वारा पगड़ी पोशी कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत फातिहा पढ़ने से हुई, जिसके पश्चात अकीदतमंदों ने देश, राज्य और समाज की तरक्की व अमन-चैन के लिए दुआएं मांगीं। कर्बला परिसर में मेले जैसा दृश्य दिखाई दिया, जहां महिलाओं और बच्चों की खास भागीदारी रही। मेले में लगी दुकानों पर खरीदारी को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। वही शहर के साथ-साथ दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोग कर्बला पहुंचे और अपनी मन्नतें मांगीं। मौके पर श्रद्धालुओं के बीच शिरनी का वितरण भी किया गया। संपूर्ण आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण और गहरी आस्था के साथ संपन्न हुआ।

# कार्ययोजना बनाकर संचालित योजनाओं को पूरा करें : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा से संचालित विभिन्न विकास योजना, आवास की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के अनुरूप राज्य सरकार के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं को गति के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं सुनियोजित तरीके से करायें ,ताकि सभी योग्य लोगों को इसका लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंडों में चल रहे योजनाओं के कार्य प्रगति की क्रमवार जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, अंबेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना की प्रगति की समीक्षा के क्रम में लंबित योजना में तेजी लाने तथा विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड स्तर पर माइक्रो प्लान बनाकर कार्य करने कि बात कही। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) कि समीक्षा के क्रम में उन्होंने नें कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर अपूर्ण आवास निर्माण कार्य को पूर्ण कराए। इस दौरान लंबित किस्तों (प्रथम/ द्वितीय/ तृतीय) का नियमानुसार यथाशीघ्र भुगतान करना का भी निर्देश दिया गया। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अन्य संबंधित जुड़े थे।

## वाहन की चपेट में आने से दो घायल



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** चट्टी-भंडरा मुख्य पथ स्थित कुंदो गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी। बता दें कि भंडरा थाना क्षेत्र के नगड़ी गांव निवासी लोंदया उरांव के पुत्र खेदुवा उरांव (22 वर्ष) अपने साढ़ू धोबाली गांव निवासी एतवा उरांव के पुत्र दीपक उरांव (25 वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल से चट्टी से अपने घर लौट रहे थे, तभी कुंदो गांव के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया।

## तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा अंबेरा गांव में तालाब में डूबने से बालक की मौत हो है। मृतक बालक की पहचान छोटा अंबेरा गांव निवासी दिलीप उरांव के पुत्र निखिल उरांव (5 वर्ष) के रुप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने बताया कि गांव में सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। संवेदक द्वारा छोटा अंबेरा तालाब के समीप बने गार्डवाल को तोड़ कर मिट्टी भर दिया गया है। जिसमें निखिल उरांव सड़क पार करने के दौरान गिर गया। इससे उसकी मौत हो गयी। जबकि संवेदक द्वारा गार्डवाल को नहीं तोड़ा जाता तो, घटना नहीं घटती। इस घटना के बाद से गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।

## भोलेनाथ कुटिया महादेव मंदिर में भंडारे का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शहर के महाराजा अग्रसेन पथ स्थित भोलेनाथ कुटिया महादेव मंदिर परिसर में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ के मौसीबाड़ी आगमन के उपलक्ष्य में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन भगवान जगन्नाथ स्वामी को मौसीबाड़ी आने के छठे दिन भोग प्रसाद अर्पित कर भंडारे के रूप में श्रद्धालुओं के बीच वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू विशेष रूप से उपस्थित हुए। मंदिर समिति द्वारा उन्हें पारंपरिक तरीके से चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उनके करकमलों से भंडारे का विधिवत उद्घाटन किया गया। भंडारा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चला, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति ने जानकारी दी कि भगवान के मौसीबाड़ी आगमन के बाद प्रतिदिन भंडारा एवं सुबह-शाम आरती-पूजन का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी दिनों तक जारी रहेगा। इस अवसर पर डॉ. अजय शाहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, उदय गुप्ता, निश्चय वर्मा, रितेश वर्मा, सुरेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, संजय शर्मा, रवि अग्रवाल, आयुष गोयल, सूर्या सिन्हा, हर्षित मित्तल, सुरेश प्रसाद अग्रवाल, शाश्वत जायसवाल सहित कई श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लोहरदगा कर्बला मैदान में मेला का भव्य आयोजन

**कर्बला सिर्फ गम का नहीं, सब्र और इंसाफ के लिए कुर्बानी का प्रतीकः अब्दुल रउफ अंसारी**

**मेला सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, हमारी तहजीब और एकता का आइनाः शाहिद अहमद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा और सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के संयुक्त तत्वावधान एवं निगरानी में समाहरणालय के समीप स्थित कर्बला मैदान में मेला कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अंजुमन इस्लामिया के सेक्रेटरी जनाब शाहिद अहमद उर्फ बेलू, कर्बला कमेटी के कन्वेनर मोहम्मद इब्राहिम अशरफी उर्फ कल्लू, सेराज अंसारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने फीता काट कर की। इस अवसर पर लोहरदगा के साथ-साथ लातेहार, गुमला, रांची एवं आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में जायरीन कर्बला मैदान पहुंचे। जायरीनों ने फातिहा पढ़ी दुआएं कीं और अपनी मिन्नतें मांगी। पूरा वातावरण इबादत और अकीदत से सराबोर रहा। मेला प्रबंधन की निगरानी खुद अंजुमन इस्लामिया के सदर जनाब अब्दुल रऊफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी और मेंबर कर रहे हैं। आयोजन के दौरान विधि-व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। चारों ओर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ वॉलंटियरों की टीम भी सक्रिय रही। मौके पर सदर अब्दुल रऊफ अंसारी ने कहा कि कर्बला सिर्फ गम का नहीं, सब्र और इंसाफ के लिए कुबार्नी का प्रतीक है। हम इस पैगाम को आने वाली नस्लों तक पहुंचाने के लिए वचनबद्ध हैं। सेक्रेटरी शाहिद अहमद उर्फ बेलू ने कहा कि यह मेला सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी तहजीब, एकता और भाईचारे का आईना है। हर साल इसे और बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं। मेला के दौरान सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद, कोषाध्यक्ष फिरोज शाह, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, इरशाद अहमद, भंडरा, किस्को और सेन्हा के सदर समेत अंजुमन इस्लामिया और सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के सभी पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में जायरीन, स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

## तेज बारिश से भंडरा में मिट्टी का घर ढहा



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में रोजाना हो रही तेज बारिश से कच्चे मकान ध्वस्त होने का सिलसिला नहीं थम रहा है। इससे कच्चे मकान में निवास करने वाले परिवार काफी चिंतित दिखायी दे रहे है। बुधवार की देर रात प्रखंड बस्ती निवासी सुशीला देवी का घर अचानक धराशाई हो गया। इससे पीड़ित परिवार को सर छिपाने के लिए जगह नहीं बची है। हालांकि घर के दीवार ध्वस्त हो जाने से किसी भी तरह की कोई हताहत नहीं हुआ है। पीड़िता सुशीला देवी ने बताया कि मिट्टी का दीवार तेज बारिश से पूरी तरह भींग चुका है। दीवार से पानी का रिसाव हो रहा है। बीती रात दीवार के अचानक ध्वस्त होने के बाद से स्वजन ठीक से सो नहीं पा रहे है। फिलहाल ध्वस्त दीवार की जगह प्लास्टिक डालकर रहने को मजबूर है। इसी तरह प्रखंड के चट्टी गांव निवासी मीना देवी का घर भी तेज बारिश के बाद ध्वस्त हो गया है। जिसकी सूचना पीड़ित परिवार ने प्रखंड कार्यालय को आवेदन देकर मुआवजा की मांग की है।

### वित मंत्री एवं पलामू सांसद ने किया रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज में मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्घाटन

# फैक्ट्री प्रबंधन को सामाजिक उत्तरदायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए : राधाकृष्ण किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने गुरुवार को रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज में मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि फैक्टरी प्रबंधन को व्यवसाय के अलावा अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए। हमें खुशी है कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज प्रबंधन अपने इस दायित्वा का ईमानदारी पूर्वक पालन कर रहा है। कहा कि 1980 में जब मैं पहली बार विधायक बना उसके बाद बिहार कास्टिक एंड केमिकल का 1983 में उद्घाटन करने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी आई थी। उस समय मैं यहां मौजूद था। उस समय और अब इस फैक्ट्री में काफी बदलाव आया है। कहा कि पूर्व की सरकार में हमारे विस क्षेत्र छतरपुर के कई मीडिल स्कूलों को दूसरे स्कूलों में मर्ज कर दिया था। जब मैं इस बार चुनाव जीता और मंत्री बना तो सबसे पहले हमारे विस क्षेत्र के जो मीडिल स्कूल दूसरी स्कूलों में स्थांतरित हुए थे उन्हें पुनः अपने मूल जगह पर ले आए। वित्त मंत्री ने कहा कि ग्रासिम प्रबंधन से अपने यहां के दो स्कूलों के जीर्णोद्धार से संबंधित बात किया। उसे प्रबंधन ने गंभीरता से लेते हुए उस पर काम चालू कर दिया जो बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सीएसआर द्वारा जो यह मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरूआत की गई है। उसमें एक कदम और आगे बढ़कर काम करने की जरूरत है, क्योंकि पलामू बहुत पिछड़ा इलाका है। इसमें मेरा एक सुझाव है कि पलामू जिले में कैंसर से पीड़ित लोगों का कोई डाटा नहीं है। अगर बड़े स्तर पर ना सही केवल विश्रामपुर प्रखंड में ही कैंसर डिडेक्ट करने की व्यवस्था हो जाए तो यहां के लोगों को काफी सहूलियत होगी। दूसरी ओर, मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर,पलामू सांसद विष्णु दयाल राम और ग्रासिम इंडस्ट्रीज इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद अतिथियों द्वारा बैडमिंटन कोर्ट में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। वहीं, दूसरी ओर, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज प्रबंधन का यह कदम स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिये बरदान साबित होगा। जबकि इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि स्वास्थ्य सेवा मरीजों के घर तक पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रमुख विकास कुमार ने किया। इस मौके पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, डॉ वीपी शुक्ला, शशिनाथ चौबे, ब्रजराज चौबे, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, संसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, आलोक शुक्ला, ब्रजकिशोर शुक्ला, बृजनंदन तिवारी, सुनील कुमार चौधरी, रामचंद्र दीक्षित, ईश्वरी पांडेय, लाइजन हेड नीतेश पांडेय, सीएसआर के अनिल गिरी, राजेश चौबे, छतरपुर से सुभाषचंद्र बोस, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष फंटुस जयसवाल आदि मौजूद थे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते वित्त मंत्री, पलामू सांसद, यूनिट हेड एवं अन्य लोग।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के रामबीघा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान सोनी कुमारी के रूप में हुई है। वहीं, नौडीहा बाजार निवासी मृतका के पिता संतोष केशरी ने अपने दामाद महावीर केशरी, ससुर संजय केशरी, सास लीलावती देवी और ननद नंदनी कुमारी को दहेज के लिए उनकी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए हुसैनाबाद थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। मृतका के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री सोनी कुमारी की शादी साल 2024 मे हिन्दू रीति रिवाज से रामबीघा गांव निवासी संजय केशरी के पुत्र महावीर केशरी के साथ किया था। शादी के बाद से ही ससुराल वाले पुत्री पर पांच लाख रुपया और बुलेट मायके से लाने का दबाव बना रहे थे। पांच लाख रुपया नहीं देने पर 26 जून को मेरी पुत्री सोनी की हत्या कर दी और इसकी जानकारी दिये बगैर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि मृतका के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं, दूसरी ओर, मृतका के पति महावीर केशरी ने बताया कि घर की सीढ़ी से उतरने के क्रम में गिर कर उसकी पत्नी सोनी अचेत हो गयी थी। उसे तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। महावीर ने बताया कि उसकी पत्नी सोनी गर्भवती थी। मेरे घर वालों ने इसकी सूचना मेरे ससुराल में दी। घटना की जानकारी मिलते ही सभी लोग घर पर पहुंचे और साथ में जाकर उसका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी स्थित मुक्तिधाम पर किया गया। घटना के छह दिन बीतने के बाद हमलोग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

## छतरपुर नपं में 3.60 करोड़ की लागत से लगेंगी तिरंगा स्ट्रीट लाइटें : वित्त मंत्री

### कहा- यह मेरे राजनीतिक जीवन का आखिरी चुनाव है

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से लगभग तीन करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से पूरे नगर में तिरंगा स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इस कार्य को आगामी चार माह में पूरा कर लेने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गुरुवार को तिरंगा स्ट्रीट लाइट का शिलान्यास राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कही। वह छतरपुर से विधायक भी हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि भव फैक्ट्री से रामगढ़ तक मुख्य सड़क, जपला मोड़ से मंदनपुर तक और सरैडीह मोड़ में मंदेया नदी तक स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। कहा कि धीरे-धीरे छतरपुर का विकास सबको नजर आएगा। अपने संबोधन में यह भी कहा कि यह मेरा राजनीतिक जीवन का आखिरी चुनाव है। आपने मुझे विधायक से मंत्री तक बनाया है, इसके लिए मैं सदैव आपका ऋणी रहूंगा। मंत्री जी ने कहा कि पहले छतरपुर पंचायत क्षेत्र में सौंदर्यीकरण का कोई काम नहीं हुआ था, लेकिन उनके मंत्री बनने के बाद से लगातार छतरपुर नगर के विकास और सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अशोक सोनी, मोहन जयसवाल, मिथिलेश, हरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।



## सरकार निगम वासियों को दुधारू गाय ना समझे : चेंबर अध्यक्ष

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने गुरुवार को चेंबर की बैठक कर सरकार की ओर से निगम के नाम पर पांच प्रतिशत बिजली में सर चार्ज लगाने का दिये प्रस्ताव पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। कहा कि झारखंड सरकार जनता को दुधारू गाय समझ रही है। एक ओर जनता टैक्स से परेशान है दूसरी और छोटे-छोटे व्यवसाई ऑनलाइन मार्केटिंग एवं बड़े-बड़े मॉल से परेशान है। जबकि सरकार क्वालिटी की बिजली नहीं दे पा रही और निगम की जनता को दुधारू गाय समझ कर पांच प्रतिशत बिजली में सर्विस चार्ज निगम के लिए लगाने की तैयारी में है, जिसका चेंबर पुरजोर विरोध करता है। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि अगर सरकार नहीं मानी तो राज्य स्तर पर आंदोलन होना तय है, जिसमें पलामू चेंबर भी शामिल होगा।



## पीएम आवास का निर्माण कार्य किये बिना सरकारी राशि की निकासी का खुलासा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लोटनिया पंचायत के पिपरडीह गांव में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य कराये बिना ही सरकारी राशि की निकासी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में मुखिया विनोद कुमार सिंह ने हुसैनाबाद बीडीओ को पत्र लिखकर इसका खुलासा किया है। उन्होंने प्रेषित पत्र में कहा है कि ग्राम पिपरडीह में श्याम नारायण पाल को वर्ष 2019-20 में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया था। जिसका रजिस्ट्रेशन जेएच-1279796 है। उन्होंने बिना आवास का निर्माण कार्य किए अपने भाई का निर्मित मकान का जियो टैग करा कर आवास योजना के पूरे पैसे की निकासी कर ली हैं। इस पैसे के निकासी में तत्कालिन मुखिया एवं पंचायत सचिव की भूमिका अहम है, जो जांच का विषय है। मुखिया विनोद सिंह ने बीडीओ से अनुरोध किया है कि इस मामले में निष्पक्ष जांच करते हुए श्यामनारायण पाल से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अवैध रूप से राशि निकासी की वसूली की जाए। ऐसा नहीं करने पर डीसी से भी शिकायत की जाएगी। इस पर बीडीओ सुनील वर्मा ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### मुहर्रम पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

# आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनायें मुहर्रम पर्वः डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में गुरुवार को जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक स्थानीय टाउन हॉल में हुई। जिसमें डीसी ने कहा कि किसी भी पर्व-त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में जिले का इतिहास सुखद रहा है। इसके लिये आप सभी बधाई के पात्र हैं।उ न्होंने शांति समिति के सदस्यों से पूर्व की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम का यह त्योहार आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सहयोग की अपील की। साथ ही समिति के सदस्यों के आग्रह पर सिविल सर्जन को मंच से ऑन कॉल एम्बुलेंस रेडी रखने को लेकर निर्देशित किया। वहीं, सहायक नगर आयुक्त को पर्व के दौरान शहर में विशेष साफ-सफाई रखने को लेकर डेडीकेटेड टीम तैयार रखने की बात कही। इसके अलावे टाउन थाने में फायर ब्रिगेड के एक वाहन को रेडी टू यूज की स्थिति में रखने पर बल दिया। कहा कि पलामू जिले में त्योहारों को भाईचारगी के साथ मनाने की परंपरा चली आ रही है, इसे कायम रखने में सभी लोगों का सहयोग अपेक्षित है। डीसी एवं एसपी ने संयुक्त रूप से सभी से सामाजिक समरसता, भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बैठक में आमलोगों की सुरक्षा, जुलूस मार्गो की सुरक्षा, ड्रोन एवं सीसीटीवी से निगरानी, अफवाहों की रोकथाम, सुगम यातायात व्यवस्था, भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, बिजली व्यवस्था, स्वास्थ्य, सफाई, पेयजलापूर्ति, सोशल मीडिया के सदुउपयोग आदि सुविधाओं को लेकर चर्चा की। साथ ही भड़काउ बयान या अश्लील गानों के प्रसारण की रोकथाम पर बल दिया। उधर, एसपी रीष्मा रमेशन ने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि शाम के वक्त जुलूस निकलेंगे, इसे खत्म होने के बाद ही बड़े वाहनों को जुलूस वाले मार्गों पर प्रवेश की अनुमति दें। वैसे थाना प्रभारी जिनके क्षेत्र की सीमा दूसरे राज्यों से लगती है,वे दूसरे राज्यों के नजदीकी थाने से बेहतर समन्वय रखें। जुलूस के साथ चलने वाले पुलिस पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि जुलूस जब किसी नदी या तालाब के समीप से गुजरे तो पूरी एतिहात के साथ गंतव्य तक पहुंचे।



## केंद्रीय टीम ने खाद्य-सार्वजनिक वितरण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग की ओर से संचालित विभिन्न क्रियान्वयन योजनाओं की समीक्षा के लिए गठित केंद्रीय दल का भ्रमण कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम केंद्रीय दल ने मेदिनीनगर में भारतीय खाद्य निगम के एफएसडी डीपो का निरीक्षण किया और खाद्यान्न के रख-रखाव के संदर्भ में जानकारी ली। इसी क्रम में केन्द्रीय दल ने चैनपुर व्यापर मंडल धान अधिप्राप्ति केंद्र का निरीक्षण किया और 2024-25 अंतर्गत धान क्रय, धान का उठाव, किसानों का राशी भुगतान की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी। वहीं, चैनपुर के ही दो जन वितरण प्रणाली विक्रेता का दूकान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्यान्न का उठाव, प्रतिमाह खाद्यान्न वितरण के सन्दर्भ में दूकान पर उपस्थित कार्डधारियों से जानकारी ली गयी। इसके अलावा चैनपुर प्रखंड के कटीन टोला के पीवीटीजी लाभुकों से प्रतिमाह खाद्यान्न प्राप्ति के सन्दर्भ में जानकारी ली गयी तथा माह अगस्त 2025 तक का राशन मिलने के बारे में कार्डधारियो से पूछताछ किया गया। जिसमें कार्डधारियों ने बताया कि प्रतिमाह उनके घर तक खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। इसके बाद परिसदन भवन में पीजी पोर्टल अंतर्गत शिकायतों के संदर्भ में शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित किया गया और उन्हें संतुष्ट रूप से अपने शिकायत के निराकरण के सन्दर्भ में जानकारी ली गयी। केंद्रीय टीम में गोकुल नागरकोटी, निदेशक पॉलिसी वन और एफडी थ्री के सेक्शन ऑफिसर रामानंद मीणा शामिल रहे।

# हूल दिवस पर भोगनाडीह में उपद्रव भाजपा का षड्यंत्र : संजय शर्मा

**हूल दिवस पर भोगनाडीह में हुई घटना के लिए झामुमो ने भाजपा को ठहराया दोषी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) देवघर जिला समिति की ओर से बैद्यनाथ बिहार होटल सभागार में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर हूल दिवस पर भोगनाडीह में हुए उपद्रव-हिंसा के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया गया। अपने संबोधन में झामुमो नेताओं ने भाजपा के कई कद्दावर नेताओं पर आरोप लगाया। कहा कि भाजपा ने हूल दिवस जैसे ऐतिहासिक और संवेदनशील मौके का राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास किया। कहा कि भाजपा के जिन नेताओं ने इस घटना को अंजाम दिया है इसकी उच्च स्तरीय जांच होगी और दोषी को सजा दिलाएंगे। इस तरह की घटना से झारखंडी अस्मिता और शहीदों के सम्मान को ठेस पहुंची है। झामुमो ने भाजपा पर जनभावनाओं से खिलवाड़ करने और सिदो-कान्हू जैसे आदिवासी नायकों के बलिदान को कमजोर करने का आरोप लगाया। कहा कि पार्टी इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएगी और भाजपा के इस दोहरे चरित्र को उजागर करेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि झामुमो आने वाले समय में जनजागरण अभियान चलाकर इस प्रकार की साजिशों का पुरजोर विरोध करेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष राहुल चंद्रवंशी, झामुमो नेता सुरेश शाह, परिमल सिंह और प्रमोद सिंह आदि उपस्थित रहे।




## नगर आयुक्त ने किया श्रावणी मेला क्षेत्रों का निरीक्षण

**देवघर (आजाद सिपाही)।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने नगर निगम की पूरी टीम के साथ गुरुवार को शहर के विभिन्न मेला क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई, निर्माण कार्यों एवं सार्वजनिक सुविधाओं की समीक्षा की। श्रावणी मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त एजेंसी द्वारा लगाए गए अतिरिक्त सफाई कर्मियों का भी निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने सफाई सामग्रियों के स्टॉक की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सफाई मित्रों को रेनकोट, पाचन पत्र, जूते एवं निर्धारित ड्रेस कोड अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। मंदिर पहुंच पथ एवं बाबा मंदिर के आस-पास चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त ने सहायक अभियंताओं को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। कुछ स्थानों पर कार्य की गुणवत्ता पर नाराजगी जताते हुए संवेदक को फटकार भी लगायी। इसके बाद शिवगंगा के चारों ओर सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि क्षेत्र में कहीं भी कूड़ा न दिखे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। अंतरराज्यीय बस अड्डा - बाघमारा निरीक्षण के दौरान बस अड्डा परिसर में पर्याप्त पानी टैंकर की उपलब्धता, कूड़ेदान की व्यवस्था एवं आसपास की झाड़ियों की कटाई का निर्देश दिया। वहीं, नाथवादी क्षेत्र में भी नगर निगम की ओर से सफाई कार्यों की समीक्षा की गई। नगर प्रबंधक प्रकाश मिश्रा को विशेष रूप से सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने का निर्देश मिला। वहीं, श्रद्धालुओं के लिए बन रहे शौचालयों एवं स्नान घरों में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी शौचालयों में साफ सीट एवं पानी की व्यवस्था अनिवार्य करने की जिम्मेदारी कनीय अभियंताओं को दी गई। नंदन पहाड़ के चारों ओर स्थित कांवरिया पथ में हो रही झाड़ी कटाई का जायजा लिया गया। नगर आयुक्त ने यह कार्य शनिवार तक पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। इस मौके पर सभी सहायक नगर आयुक्त, सहायक अभियंता पारस कुमार, नगर प्रबंधक सतीश कुमार, प्रकाश मिश्रा, कुणाल कुमार, विकाश मिश्रा, संबंधित कनीय अभियंता आदि मौजूद थे।

## डीसी ने की जिला खेल संचालन समिति की बैठक, दिया आवश्यक दिशा निर्देश




**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला खेल संचालन समिति की बैठक समाहरणालय में हुई। इस दौरान डीसी ने जिला खेल संचालन समिति के माध्यम से जिले में विभिन्न खेल को लेकर 15 स्वीकृत केंद्रों पर 39 कोच को शॉर्टलिस्ट है। साथ ही आवश्यक कारवाई के साथ साक्षात्कार के बाद कोच के चयन से जुड़े कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया, ताकि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। इसके अलावा मधुपुर प्रखण्ड के लिए फुटबॉल (बालक) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केंद्र, प्रखंड स्तरीय स्टेडियम, ताईक्वाण्डों (बालक) डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र, ताईक्वाण्डों (बालिका) डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र एवं कबड्डी (बालक) डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र प्रखंड स्तरीय स्टेडियम के लिए तीन प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वहीं, देवघर प्रखंड के लिए बैडमिंटन (बालक) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केंद्र, नेता जी सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम, कबड्डी (बालक) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केंद्र, नेता जी सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम, कबड्डी (बालिका) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केंद्र, नेता जी सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम, लॉनबॉल (बालक) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केंद्र स्पोंट्स कॉम्पलेक्स कुमैठा, लॉनबॉल (बालिका) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केंद्र स्पॉट्स कॉम्पलेक्स कुमैठा, बास्केटबॉल (बालक) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केंद्र स्पोंट्स कॉम्पलेक्स कुमैठा एवं बास्केटबॉल (बालिका) डी-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केंद्र सर्पोट्स कॉम्प्लेक्स कुमैठा के लिए कुल आठ प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा सारवां प्रखण्ड के लिए एथलेटिक्स (बालक) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र प्लस 2 राजकीयकृत उच्च विद्यालय, एथलेटिक्स (बालिका) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केंद्र प्लस 2 राजकीयकृत उच्च विद्यालय के लिए दो प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही सारठ प्रखण्ड के लिए तीरंदाजी (बालिका) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केंद्र प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम एवं तीरंदाजी (बालक) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केंद्र प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम के लिए दो प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इस मौके पर डीडीसी पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी दयानंद दुबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

## डीसी ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने गुरुवार को कल्याणपुर स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा,-विद्युत व्यवस्था, वीवीपीएटी हॉल, बीयू हॉल के साथ आवश्यक विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। साथ ही सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के अलावा भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित सभी मापदण्डों के अनुपालन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने वेयर हाउस गेट पर लगाये गये सील की जांच करते हुए परिसर में प्रतिनियुक्त जवानों के साथ परिसर एवं कमरों में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं अग्निशमन यंत्रों का अवलोकन करते हुए समय-समय पर फायरबॉक्स मशीनों की जांच करते रहने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस मौके पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, उप-निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं पुलिस पदाधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।



## पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दुधानी गांव में नवविवाहिता पत्नी की हत्या के आरोप में पुलिस ने पति पूरण मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बतातें चलें कि बुधवार को पुलिस ने 19 वर्षीय गौरी देवी का शव संदिग्ध हालत में बरामद किया था। मृतका के पिता छत्रु मंडल ने अपने दामाद पूरण के खिलाफ दहेज के लिए मारपीट कर प्रताड़ित करने एवं गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मधुपुर थाना में शिकायत दर्ज करायी थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया। बतातें चलें कि गौरी का विवाह एक साल पहले ही पूरण के साथ हुआ था।



## घाघरा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी चला रही 'मेरा घर संगम' कार्यक्रम



घाघरा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण विभाग के अहिंसा के रास्ते के द्वारा मेरा घर संगम कार्यक्रम चलता है। जिसमें विभिन्न प्रदेशों से कांग्रेस नेता कार्यकर्ता एवं गांधीवादी विचारधारा से प्रेरित सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धिजीवी भाग लेते हैं पांच दिवसीय शिविर में भाग दिए हैं। प्रशिक्षण सत्र में आये मेहमान स्थानीय अलग-अलग घरों में रात्रि विश्राम एवं भोजन करेंगे आदिवासी मूलवासी संस्कृति धार्मिक आर्थिक सामाजिक शैक्षणिक जीवन का मनन चिंतन ग्राम ब्राह्मण तन भक्तों विद्यालय भ्रमण संगोष्ठी सहित कई कार्यक्रम होंगे। मेहजबान बॉबी भगत प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वय, मध्य प्रदेश से मनीष, सुषमा, प्रेम सिंह गुर्जर उत्तर प्रदेश से अजय सिंह, गौरव राय, तमिलनाडु से चित्रा और अरुण कुमार महाराष्ट्र से अजीत राजस्थान से मीनाक्षी सेठी सहित स्थानीय कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे, अरुण पांडे, भोला कुमार, समीर भगत, संदीप कुमार, विजय किंडो, रमेश जायसवाल, जागीर खान, सुखदेव टाना भगत, अर्जुन उरांव, शुक्रा उरांव उपस्थित थे।

## नजरिया नक्शा और मैप को लेकर सुपरवाइजर और बीएलओ को मिला प्रशिक्षण



घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा ब्लॉक परिसर के सभागार में नजरिया नक्शा और मैप को लेकर सुपरवाइजर और बीएलओ कर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी चुनाव में मतदान केंद्रों के सटीक निर्धारण एवं व्यवस्थापन को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाना था। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर रवि कुमार, विकास शर्मा, अभिषेक सिंह द्वारा नजरिया नक्शा और की मैप के निर्माण की तकनीकी जानकारी दिया।यह भी बताया कि नजरिया नक्शा प्रत्येक मतदान केंद्र का 360 डिग्री दृश्य प्रस्तुत करता है। जिससे उस केंद्र तक पहुंचने के मार्ग भौगोलिक स्थिति आसपास की प्रमुख संरचनाओं आदि की स्पष्ट जानकारी मिलती है। वही की मैप के माध्यम से बूथ की स्थिति संबंधित पोलिंग स्टेशन और उनके दायरे में आने वाले क्षेत्रों को दर्शाया जाता है। नक्शों की सटीकता पर विशेष बल देते हुए कहा कि इससे न केवल मतदान कर्मी की सुविधा मिलेगी बल्कि मतदाताओं को भी केंद्र तक पहुंचने में सुलभ होगी। इसके साथ ही नजरिया नक्शा और की मैप का सत्यापन किया गया। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो सहित कई बीएलओ कर्मी, सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## मिशन बदलाव के प्रयास से प्रशासन ने 32 मजदूरों को खाद-बीज उपलब्ध कराया



गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने बताया रांची जिला के कांके प्रखंड में गुमला सदर प्रखंड के 32 मजदूर ईंट भट्ठा में काम के लिए गए हुए थे। वहां 6 महीना लगभग काम किया। काम करवाने के बाद ठेकेदार द्वारा मजदूरों का लगभग 8 लाख रुपए का बकाया देने में आना कानि करने लगा। मजदूरों ने बताया कि ठेकेदार ने लगभग 20 दिन बिता दिए हैं उसके बाद में भी लगातार मजदूरी के लिए टालमटोल कर रहे हैं। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने श्रम अधीक्षक को दूरभाष के माध्यम से मजदूरी के मामलों को लेकर अवगत कराया और गुमला डीसी से मज्दुर की समस्या को लेकर बात की। साथ ही डीसी को व्हाट्सएप और लेटर के माध्यम से सभी मामलों को लेकर अवगत कराया गया। डीसी ने मामलों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि रांची एसडीएम और कांके थाना प्रभारी को मामलों का समन्वय और मजदूरी दिलाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। भूषण भगत को डीसी ने दूरभाष पर मजदूरों का बकाया भुगतान दिलाने का प्रयास किए जाने की 3कही। डीसी ने कहा कि अलग जिला के होने के कारण मजदूरी दिलाने में विलंब हो रहा है। बहुत जल्द रांची जिला से समन्वय कर मजदूरों को मजदूरी दिलाई जाएगी। भूषण भगत ने बताया मजदूर बहुत गरीब हैं उनके पास दो वक्त का खाने के लिए भी अभी मोहताज है बहुत मुश्किल से अपने बच्चों की परवरिश कर रहे हैं खेती-बाड़ी करने के लाले पड़े हुए हैं अगर ठेकेदार ने पैसा नहीं दिया तो 32 मजदूरों का जीवन संकट परिस्थितियों में आ गया है। सभी मजदूरों का कहना है अगर ठेकेदार ने पैसा नहीं देता है तो हम सभी आत्मदाह भी कर सकते हैं।

## बीपीओ ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण, बच्चों की कम संख्या पर जतायी नाराजगी



कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बाकुटोली में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या अब दिन ब दिन घटते जा रही है। वहीं विद्यालय परिसर में घुमने वाले मुर्गियों की संख्या बढ़ते जा रही है। इस बात खुलासा गुरुवार को कामडारा के बीपीओ लाल चंद्रशेखर नाथ शाहदेव के द्वारा औचक निरीक्षण किये जाने के बाद हुई है। जानकारी के मुताबिक प्रखंड मुख्यालय से महज दो किमी की दूरी पर अवस्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बाकुटोली मे वर्ग प्रथम से लेकर कक्षा पांचवीं तक की पढ़ाई होती है। इस विद्यालय मे कुल नामांकित बच्चों की संख्या कुल 12 है। जबकि विद्यालय मे बच्चों को पढ़ाने के लिये दो पारा शिक्षक बुधेश्वर साहु और हीरामनी सुरीन को प्रतिनियुक्त किया गया है। इधर गुरुवार को दिन के लगभग दो बजे के आसपास कामडारा के बीपीओ चंद्रशेखर नाथ शाहदेव निरीक्षण के लिये जैसे ही विद्यालय परिसर के अंदर पहुंचे तो देखने को मिला कि विद्यालय के बरामदे पर बैठी एक शिक्षिका बाहर कुर्सी मे बैठकर गहरी निद्रा मे लीन थी। वही अंदर एक कमरे मे कुल नौ बच्चे बैठे हुए थे। जिसमें से कुछ पढ़ रहे थे तो कोई खेल रहा था। वहीं विद्यालय भवन के अंदर पुराने कीचन शेड मे मुर्गी रखने की जगह नजर आयी। जिसे देख बीपीओ काफी नाराज दिखे। इसके अलावे विद्यालय के अन्य कमरो की स्थिति काफी जर्जर है। कुल मिलाकर देखा जाय तो सरकारी विद्यालयों मे बच्चों के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिये सरकार के द्वारा सलाना करोड़ो रुपये खर्च की जा रही है। परंतु शिक्षकों की लापरवाही व मनमानी के कारण बच्चों की अच्छी शिक्षा नही मिल पा रही है। इधर बीपीओ ने कहा कि यह गंभीर विषय है। उक्त पूरे मामले की पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# जहरीला मशरूम खाने से एक ही परिवार के चार की हालत बिगड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत टकरमा गांव में जहरीला मशरूम खाने से एक ही परिवार के चार लोगों की हालत बिगड़ गयी। तत्काल परिजन सभी को रेफरल अस्पताल बसिया ले गये जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत चारों को गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं सदर अस्पताल में सभी का इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक टकरमा गांव निवासी 25 वर्षीय कलावती देवी, 50 वर्षीय द्रौपदी देवी, 5 वर्षीय शिवानी कुमारी और 3 वर्षीय शिवा महतो की हालत बिगड़ी है। श्रवण महतो ने बताया मेरी मां गुरुवार की सुबह खेत की ओर मशरूम खोजने गयी थी। मशरूम लेकर घर लौटी जिसके बाद उसे पकाया। गुरुवार दिन के करीब 11 मुझे छोड़कर सभी ने चावल के साथ मशरूम खाया इसके बाद दोनों बच्चे उल्टी करने लगे। वही सभी की हालत बिगड़ने लगी। सभी को चक्कर आने लगा। साथ ही पेट भी फुल गया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद दोनों बच्चे ठीक हैं जबकि दोनों महिला का इलाज चल रहा है।

## अवैध बॉक्साइट खनन पर कार्रवाई के लिए दिया जायेगा मांग-पत्र

गुमला (आजाद सिपाही)। बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति के पदाधिकारी द्वारा बिशुनपुर व घाघरा प्रखंड क्षेत्र में बॉक्साइट का हो रही अवैध खनन रोकने व कार्रवाई के लिए 7 जुलाई 2025 को जिला प्रशासन तथा स्पेशल टास्क फोर्स को मांग-पत्र की दी जायेगी। खनन विभाग द्वारा बॉक्साइट माइन्स क्षेत्र का भ्रमण नहीं किए जाने से बॉक्साइट का अवैध उत्खनन बड़े पैमाने पर बॉक्साइट माफियाओं द्वारा की जा रही है। इसके रोकथाम के लिए विभाग किसी भी प्रकार की कार्रवाई अपने स्तर से नहीं कर रही है जिससे हाल के दिनों में अवैध खनन आम हो गयी है। समिति द्वारा तय किया गया है कि बॉक्साइट का अवैध उत्खनन पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में गुमला उपायुक्त को मामले से अवगत कराते हुए विभाग के खिलाफ आंदोलन शुरू की जायेगी।

## युवक पर नाबालिग को भगाने का आरोप, गिरफ्तार

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला जिले के कुरूम गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुटमा गांव निवासी 20 वर्षीय से बंधा असुर को पुलिस ने हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवक पर नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप था। लड़की के भाई ने पिछले माह युवक पर अपनी बहन को भगाने का आरोप लगाते हुए कुरूम गढ़ थाना में मामला दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हिमाचल प्रदेश से दोनों को बरामद किया और गुरुवार की अपराह्न 4 बजे युवक को जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक युवक और किशोरी बचपन से एक ही स्कूल और एक ही क्लास में साथ पढ़ते थे। पांचवा क्लास से ही दोनों के बीच प्यार हो गया। धीरे-धीरे प्यार परवान चढ़ने लगा और दोनों ने एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खायी। बीते माह 17 वर्षीय किशोरी को युवक शादी की नीयत से भगाकर हिमाचल प्रदेश ले गया क्योंकि लड़की के परिजन अंतर जाति होने के कारण लड़के के साथ उसकी शादी करने को तैयार नहीं थे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया जायेगा बच्चों का जन्मदिन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के जन्मदिन सेलिब्रेट किया जाएगा। ताकि बच्चे उत्साहित हो सकें। कई आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चे फटी दरी में बैठने को विवश हैं। इस बात को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक में गुरुवार को रखा। उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि कि जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में दरी की स्थिति खराब हैं उन्हें यथाशीघ्र हटाएं। बच्चों को फटे पुराने दरी पर ना बिठाएं। उन्होंने कहा कि सेविका- सहायिका के चयन की प्रक्रिया को यथाशीघ्र पूर्ण करें। आमसभा कराकर सेविका सहायिका का चयन करें तथा किसी प्रकार की संशय की स्थिति में सीडीपीओ तथा महिला पर्यवेक्षिका से मंतव्य लेकर नियमानुसार नियुक्ति की प्रक्रिया को पूरा कर लें। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत एवं आधार सत्यापित लाभुकों की संख्या, वजन माप, एफआरएस, गृह भ्रमण, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, कुपोषण उपचार, सेविका/सहायिका की रिक्तियों, आंगनवाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना की बिंदुवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका से कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें,तभी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। महिला पर्यवेक्षिका द्वारा बताया गया कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में नेटवर्क सही नहीं रहने के कारण एफ आर एस करने में काफी कठिनाई होती है। श्रीमती दीक्षित ने पोषण ट्रैकर ऐप में डेटा को अद्यतन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सीडीपीओ तथा महिला पर्यवेक्षिका को विशेष निर्देश दिया कि सैम- मैम बच्चों का विशेष ध्यान दिया जाए। उपायुक्त ने कहा कि इन बच्चों को उचित पोषाहार प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सभी सैम /मैम बच्चों का एक प्रोफाइल कार्ड तैयार करें। हर माह उनकी अद्यतन स्थिति की जानकारी उसमें लिखें।साथ हीं बच्चों को साफ सफाई के लिए प्रेरित करें। उन्हें साफ कपड़े, छोटे नाखून इत्यादि के बारे में बतायें।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स ने एसडीपीओ और थाना प्रभारी को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** शहर में शांति व्यवस्था कायम करने हेतु गुमला पुलिस द्वारा किये गये कार्य, नशा पान के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान और उसमें विगत दिनों मिली बहुत बड़ी कामयाबी के साथ साथ चोरी की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाने जैसे उत्कृष्ट कार्यों के लिए गमला चेंबर ऑफ कॉमर्स ने गुमला पुलिस प्रशासन की भूरि भूरि प्रशंसा की और मौके पर उपस्थित गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव और गुमला थाना प्रभारी महेंद्र करमाली को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी ने कहा के नशा मुक्ति अभियान के तहत गुमला पुलिस ने जो कार्य किया है वह काफी सराहनीय है। बताते चलें कि सदर थाना के निकट स्थित गुमला पुलिस मेंस क्लब भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में गुमला अनुमंडल पदाधिकारी गुमला एसडीपीओ सहित कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। और चेंबर के तरफ सभी कई पदाधिकारी उपस्थित थे। जहां कई बिंदुओं पर चर्चा हो रही थी जिसमें शहर में शांति, नशा उन्मूलन अभियान और चोरी की घटनाओं में आई कमी प्रमुख रूप से चर्चा का केंद्र थी। मौके पर चेम्बर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा सचिव बबलू वर्मा मीडिया प्रभारी इम्तियाज मिनी आदि उपस्थित थे।

## घर पर गिरा आम का पेड़, छात्रा घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के खोरा पतरा टोली गांव में बुधवार की रात लगातार बारिश होने के कारण एक विशालकाय आम का पेड़ मनोहर साहू के घर पर गिर गया। घटना में मनोहर साहू की 14 वर्षीय पुत्री सुनीता कुमारी के सिर में चोट लगी। रात को ही उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज किया गया। घटना की जानकारी देते हुए मनोहर ने बताया कि घर के सामने एक पुराना विशालकाय आम का पेड़ था। इधर लगातार बारिश से पेड़ घर पर ही गिर गया। घटना के वक्त सुनीता पढ़ाई कर रही थी वही घर के अन्य सदस्य खाने-पीने की तैयारी में जुटे थे। घर में पढ़ाई कर रही सुनीता के सिर में एसवेस्टर गिरा और उसे गंभीर चोट लगी। वही घर में बंधे चार मवेशी को भी चोट लगी है।

## स्पोर्ट्स



दिन के आखिरी मुकाबले में हॉकी गुजरात ने हॉकी बंगाल को 3-0 से हराया। कप्तान आस्था टिंपले (25) ने पहला गोल दागा।

### सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप

# पहले दिन हिमाचल, असम, मणिपुर, कर्नाटक और गुजरात की धमाकेदार शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मारांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में शुरू हुई 15वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के पहले दिन खिलाड़ियों का जोश और प्रदर्शन देखने लायक रहा। पहले दिन कुल छह मुकाबले खेले गए, जिनमें से पांच में जीत दर्ज की गई जबकि एक मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ।

**डिवीजन 'सी' के मुकाबले:** दिन की शुरूआत धमाकेदार रही, जब हॉकी हिमाचल ने हॉकी राजस्थान को 7-0 से करारी शिकस्त दी। नवनीत कौर (17, 37, 55) ने शानदार हैट्रिक लगाई, वहीं रिया (9, 57) ने दो गोल दागे। इसके अलावा पलक चौधरी (28) और सोनम (31) ने भी गोल कर टीम को बड़ी जीत दिलायी।दूसरे मुकाबले में असम हॉकी ने गोवा हॉकी को 7-1 से हराया। रितिका टिग्गा (3, 44, 48) और जोशना एक्का (32, 49, 59) ने शानदार हैट्रिक लगाई। तान्या चौरसिया (37) ने भी एक गोल किया। गोवा के लिए कप्तान ऋद्धि हर्तीद्रनाथ हड़फकर (30) ने एकमात्र गोल किया। तीसरे मुकाबले में तेलंगाना हॉकी और जम्मू-कश्मीर हॉकी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला जो 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। जम्मू-कश्मीर के लिए अक्षरा दत्ता (11, 21) ने दो गोल किए, जबकि तेलंगाना के लिए पेंडेला हरिनी चंद्रा (31) और अनु कुमारी (52वें) ने गोल कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

**डिवीजन 'बी' के मुकाबले:** हॉकी कर्नाटक ने केरल हॉकी को 3-1 से हराकर अपना अभियान जीत के साथ शुरू किया। जीविथा एचएन (17), कप्तान पियरलिन पोनम्मा एजी (28) और शिल्पा मडिवालप्पा कनजनावर (39) ने गोल किए। केरल की ओर से शालिनी मुंगमुरी (52) ने एक गोल किया। मणिपुर हॉकी ने दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी को 3-0 से हराकर जीत दर्ज की। सेराम हेंथोई चानू (3), जरीना चोंगथम (13) और कप्तान देवी मोइरांगथेम प्रिंजा (20) ने गोल किये।

## पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में संचालित जतरा टाना भगत पुस्तकालय संचालन समिति का बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित किया गया। जहां पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने कहा कि पूरे झारखंड राज्य में सिर्फ गुमला जिला की एक ऐसा जगह है जहां सभी प्रखंड मुख्यालय में पुस्तकालय का संचालन हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय का संचालन होने से सभी प्रखंड के विद्यार्थियों को अपने प्रखंड मुख्यालय में ही पढ़ाई करने के लिए तमाम संसाधन एवं सुविधा उपलब्ध हो गया है। जिससे आने वाले दिनों में यहां के विद्यार्थी कई अच्छे जगह पर पहुंच पायेंगे। श्री मुंड़री ने कहा कि इस पुस्तकालय का संचालन के लिए समाज का सहयोग बहुत जरूरी है, बिना सामाजिक सहयोग के इसका संचालन नहीं हो पाएगा, सभी लोग इसका संचालन करने में आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग करें ताकि इसका बेहतर ढंग से संचालन हो सके और यहां के बच्चों का भविष्य बेहतर हो। मौके पर उन्होंने संचालन समिति से प्रखंड मुख्यालय के आसपास संचालित होने वाले सरकारी एवं गैर सरकारी छात्रावास से संपर्क कर विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने पर जोर दिया। इस मौके पर अंचल अधिकारी शेखर वर्मा संचालन समिति के अध्यक्ष रामप्रसाद बड़ाइक, अनिल भगत, सीताराम खेरवार सुधीर तिग्गा, संतोष उरांव अनिल असुर, राजू भगत, भीम बड़ाइक, प्रीति कुमारी संतोष साहू अमर चिक बड़ाईक सहित कइ संचालन समिति के मेंबर उपस्थित थे।

## संदिग्ध अवस्था में युवक का शव बरामद

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के गूंगा टोली गांव निवासी स्वर्गीय विनोद उरांव के पुत्र विवेक उरांव 23 वर्ष का शव उसके घर से ही संदिग्ध अवस्था में पुलिस ने बरामद कर पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेजा। बताया जाता है किविवेक की मां का पूर्व में देहांत हो गया था जिसके बाद उसके पिता ने दूसरी शादी कर ली। जो कुछ दिन रहने के बाद दूसरे युवक से शादी कर उसके घर चली गयी। जिसके बाद विवेक के पिता विनोद उरांव की भी मौत हो गयी। पिता के देहांत के बाद विवेक अकेले घर में पिछले कई वर्षों रह रहा था जबकि विवेक का छोटा भाई रितिक उरांव अपनी सौतेली मां एवं पिता के पास रहता था। बताया जाता है कि अपने पिता जो शिक्षक थे उनके देहांत के बाद अनुकंपा में नौकरी के लिए दोनों बेटों के द्वारा दावा किया जा रहा था। जिसको लेकर दोनों भाई एवं सौतेली व पिता में कई बार विवाद भी हो रहा था इसी दरमियान अचानक विवेक अपना गुगां टोली घर में बुधवार की रात खाना खाकर सोया और सुबह नहीं उठा तो। उसके चाचा एवं गांव के अन्य लोगों ने देखा कि दरवाजा का कुंडी खुला हुआ है और विवेक मृत अवस्था में अपना बेड पर पड़ा हुआ है। जिसको देखने पर ऐसा प्रतीत हो रहा है की गला दबाकर उसकी हत्या की गई है। जिसका गला में निशान भी था जिसकी जानकारी ग्रामीणों के द्वारा बिशुनपुर पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेजा। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने कहा कि गुगां टोली गांव से 23 वर्षीय युवक का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद किया गया है। ग्रामीणों से अन्य जानकारी प्राप्त होने के बाद पुलिस सभी मामलों में गंभीरता से जांच कर रही है पोस्टमार्टम उपरांत ही मौत का स्पष्ट कारन बताया जा सकेगा।

## शिविर में 80 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चीरोडिह, पंचायत में गुरुवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ सुलेमान मुंडरी, अंचलाधिकारी शेखर वर्मा एवं मुखिया रत्नीदेवी ने संयुक्त रूप से की। बुधवार को चीरोडिह, देवरागाणी, चातम, एवं गुरुवार को चंपाटोली, लोंगा, ओरया, आदि गांव में शिविर का आयोजन किया गया जहां विभिन्न गांव से पहुंचे ग्रामीणों ने मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंक, राजस्व, पेयजल स्वच्छता विभाग, खाद आपूर्ति, बाल विकास, आधार पंजीकरण, पेंशन, केसीसी, से संबंधित समस्या के समाधान के लिए लगाएं स्टॉल पहुंच कर अपने समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपा। आयोजित दो दिवसीय शिविर में कुल 150 आवेदन पड़े जिसमें 80 आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य शिविर सिकल सेल जांच की। बीडीओ ने कहा कि सरकार की यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसे जनजातीय बहुल क्षेत्र में जाकर उनकी समस्या का समाधान ऑन द स्पॉट करना एवं मूलभूत समस्याओं का समाधान करना ही मुख्य उद्देश्य है। जनजातीय बहुल क्षेत्र के लोग जागरूक हो हम लोग उनके गांव जाकर कार्यक्रम के माध्यम से उनकी समस्या समाधान के लिए काम कर रहे हैं। इस दौरान कार्यक्रम में अभिषेक कुमार मांझी जितेंद्र भगत सहित प्रखंड कर्मी व अंचल कर्मी शामिल थे।

## जनजातीय ग्राम उत्कर्ष शिविर में कई स्टॉल लगे



घाघरा (आजाद सिपाही)। देवाकी पंचायत के लेहा, देवाकी, कोटामाटी, माइल गांव में जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग सहित कई अन्य विभाग के स्टाल लगाये गये। जहां ग्रामीणों ने आवश्यकता अनुसार आवेदन भरकर जमा किया। मौके पर वीडियो दिनेश कुमार ने कहा कि जनजातीय समुदाय की सर्वांगीण विकास और उनके उत्थान को लेकर सरकार द्वारा उक्त शिविर का आयोजन कराया जा रहा है आप सभी ग्रामीण सरकार के महत्व कांची योजनाओं से लाभान्वित होने को लेकर आवेदन भर कर जमा करें। मौके पर मुखिया फूलमानी देवी, पंचायत सचिव किशोर तिर्की सहित कई कर्मी, पदाधिकारी, महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## कार्तिक उरांव पुस्तकालय में गुरु गोष्ठी



भरनो (आजाद सिपाही)। गुरुवार को स्थान बाबा कार्तिक उरांव पुस्तकालय,प्रखंड अंतर्गत सभागार में मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी भरनो ,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिधिकारी भरनो के द्वारा पुस्तकालय को बेहतर रूप से कैसे चलाया जाए यहां के छात्र छात्राएं कैसे बेहतर लाभ ले और अन्य सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना परचम कैसे लहराए तथा अपने प्रखंड, जिला तथा राज्य का नाम रौशन करें । साथ ही साथ विद्यालयों में चल रहे विभिन्न गतिविधियों को अग्रसर गति देने तथा स समय सभी कार्यों का निष्पादन हो इस पर प्रकाश डाला गया। गुरुगोष्टि में मुख्य रूप से बीइइओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआपी,लेखापाल आरटी तथा प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधान उपस्थित हुए।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


## बीसीसीएल को विस्थापन ही करना है तो चंडीगढ़ जैसा शहर बना कर लोगों को बसाये : राजीव शर्मा



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया कायलांचल में जमीन के अंदर 109 साल से आग लगी है। कई जिंदगी को अपने अंदर समा चुकी है, लेकिन अब इस शहर के आस पास रहने वाले लोगों के लिए सरकार ने एक मास्टर प्लान बनाया है, जिससे नर्क जैसी जिंदगी से बेहतर जीवन मिलने की उम्मीद सभी को जगी है। लेकिन विस्थापन एक ऐसा दर्द जिसकी दवा सिर्फ पुनर्वास है, लेकिन झरिया में लोग आग की आंच पर रह कर मौत की राह देख रहे। कब कहां जमींदोज हो जाए और मौत के आगोश में आ जाय कुछ कहा नहीं जा सकता है। एक तरफ केंद्र ने झरिया मास्टर प्लान के तहत सौगात दिया है तो वही दूसरी ओर बढ़ती भू धंसान की घटना से झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति के सदस्यों में चिंतित हैं। झरिया कोल्डफिल्ड बचाव समिति ने भी बीसीसीएल के कार्य को देखते हुए आपत्ति जाहिर की है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संगठन के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि जरेड़ा को स्वतंत्र प्रभार, बीसीसीएल के कर्मचारियों को हटाकर राज्य या केंद्र सरकार के कर्मचारियों द्वारा संचालित किया जाना चाहिए। बीसीसीएल अपनी मनमानी बंद करे और नागरिकों पर उनके द्वारा दर्ज कराये गये मुकदमे को न्यायिक आयोग प्रणाली का गठन कर विस्थापन और पुनर्वास से सभी मुकदमों को अविलंब खारिज कर सभी को बरी करे। कहा कि रैयतो, गैर रैयतो के साथ किरायेदार को भी सर्वे कराकर उचित मुआवजा देना होगा। चंडीगढ़ की तर्ज पर यहां के निवासिओं को एक जगह या छोटे-छोटे टाउनशिप बनाकर केंद्र सरकार लोगों को बसाए। ओबी डंप को समतल करके विस्थापितों की बसाया जाए और रैयत को 20 लाख रुपये का पैकेज दिया जाए।

## भोगनाडीह की घटना के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराकर झामुमो ने पुतला फूंका



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झामुमो ने जिला मुख्यालय के समक्ष गुरुवार को भाजपा का पुतला दहन किया। जिसका नेतृत्व पार्टी के जिलाध्यक्ष रतनलाल मांझी ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रतनलाल मांझी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि 30 जून को हूल दिवस पर भोगनाडीह में भाजपा की ओर से संथाल परगना को अस्थिर करने का षड्यंत्र रचा गया था। यह न सिर्फ झारखंड के शहीदों का अपमान है, बल्कि झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों को गुमराह करने की साजिश भी है। कहा कि यह घटनाक्रम दर्शाता है कि भाजपा अपने चाल-चरित्र के अनुरूप सत्ता पर काबिज होने के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती है। ऐसी स्थिति में झारखंड के आदिवासियों मूलवासियों में भाजपा के प्रति गहरा रोष है। वहीं, झामुमो के बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने भी भाजपा पर तीखा हमला बोला। कहा कि भाजपा झारखंड को मणिपुर बनाना चाहती है। पर झामुमो किसी भी सूरत में भाजपा का यह दोहरा चरित्र बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा के हूल दिवस पर किए गए कृत्य की निंदा करते हुए कहा कि इससे पूरे झारखंड की जनता आहत है। कहा कि भाजपा चाहती है कि हेमंत सरकार द्वारा राज्य में चौतरफा विकास का जो कार्य किया जा रहा है, वह सफल ना हो। अगर झारखंड प्रदेश का कोई भला कर सकता है तो वह एकमात्र नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार है। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य हीरालाल मांझी, अशोक मुर्मू, बीके चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष पंकज जयसवाल, जिला सचिव मुकेश महतो, प्रवक्ता आकाश टुडू, इमाम हसन, संजय केजरीवाल, विजय रजवार, बम पांडे, प्रमोद तापड़िया, रामदयाल सिंह भागीरथ शर्मा, आलोक सिंह, राकेश सिन्हा, पंकज मरांडी, लूदु मांझी, सोनाराम हेंब्रम सदानंद गोप, कालीपद महतो, अभिषेक पांडे, कन्हैया सिंह, दीपक बंसल, शांति सोरेन, कुसुम भारती आदि उपस्थित थे।

## अशोक नगर की जर्जर सड़क का जल्द किया जायेगा कायाकल्प : अनुपमा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अशोक नगर के स्थानीय निवासियों ने अनुपमा सिंह से मिलकर एवं आवेदन देकर जर्जर सड़क से हो रही परेशानी से अवगत कराया। साथ ही उक्त सड़क की मरम्मति करवाने की अपील की। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को वार्ड नंबर 33 अशोक नगर के नगर वासियों का प्रतिनिधि मंडल अनुपमा सिंह के निर्देश पर धनबाद के नगर आयुक्त रविराज शर्मा से मिला। इस दौरान अशोकनगर की जर्जर सड़क जो पिछले 20 -25 वर्ष से अधिक के समय से मरम्मत के अभाव में जीर्णशीर्ण अवस्था में उठे ठीक कराने की अपील की। बताया कि उक्त जर्जर सड़क के चलते राजकमल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पढ़ने वाले करीब चार से पांच हजार से अधिक बच्चे-बच्चियों के अलावा 15-20 हजार की आबादी वाला वार्ड भी बेहद परेशान है। बारिश से मौसम में सड़क पर जल जमाव एवं बदबूदार नालियों से निकलने वाला पानी के कारण पैदल चलना भी दूभर हो गया है। वहीं, कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने पोन पर वार्ता कर इस मामले को प्राथमिकता से जल्द कराने को कहा। जिसपर नगर आयुक्त ने बारिश खत्म होते ही उपरोक्त जर्जर सड़क के कार्य को करा देने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर कांग्रेस नेता सतपाल सिंह ब्रोका, 33 नंबर वार्ड के स्थानीय निवासी सरोज कुमार बोस, योगेश कुमार, तपस कुमार घोष, मन्नू द्विवेदी ,मनमोहन, मनजीत सिंह, महेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## होटल में छापामारी, आधा दर्जन लड़के-लड़कियां गिरफ्तार

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में पुलिस ने गुरुवार को छापामारी की। इस दौरान वहां से आधा दर्जन युवक-युवतियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए युवक-युवती से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने सभी के अभिभावकों को थाने बुलाया है। बताते चले कि सरायढेला पुलिस प्रिंस खान के गुर्गे के खिलाफ सर्च अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत ब्लू मून होटल में जांच के दौरान पता चला कि वहां सेक्स रैकेट चलाया जा रहा था। जिसके बाद होटल से कई युवक- युवती छापामारी के बाद पकड़े गए। इससे होटल संचालकों में हड़कंप मच गया। मालूम हो कि इन दिनों कुछ होटलो में अनैतिक और गैर कानूनी कार्य धड़ल्ले से हो रहे है। सरायढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी, एसएसपी साहब के निर्देश पर बाहर से आए हुए लोगों की जांच के लिए होटल का निरीक्षण किया गया।

# वेस्टमुडीडीह कोलियरी कार्यालय के समक्ष महिलाओं का प्रदर्शन

## बिजली कटौती और तीन कर्मियों के निलंबन से नाराजगी

- बिजली कटौती से नाराज भाजपा नेत्री गीता सिंह पहुंची कोलयरी कार्यालय, भागे कर्मी

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेतुलमारी/कतरास।** कांटा पहाड़ी विद्युत सब डिवीजनल कार्यालय में अभियंता रितेश सिंह के साथ मारपीट के मामले में प्रबंधक की ओर से तीन बीसीसीएल कर्मियों के निलंबित किये जाने के विरोध में वेस्ट मुडीडीह कोलयरी कार्यालय के समक्ष गुरुवार को भाजपा नेत्री गीता सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कोलयरी कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मियों को बाहर निकालकर गेट बंद कर दिया। इसके बाद बीसीसीएल प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी करने लगीं। भाजपा नेत्री गीता सिंह ने कहा कि अभियंता



वेस्टमुनुडीह कोलियरी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करती महिलाएं।

रितेश सिंह द्वारा वेस्टमुडीडीह कॉलोनियों की बिजली काट कर प्रोजेक्ट में दे दिया जाता है जिस कारण लोग इस भीषण गर्मी में रहने को मजबूर हैं। स्कूली बच्चे एवं महिलाएं घर में गर्मी के कारण बीमार पड़ रही हैं। घरों में हमेशा जहरीले सांप-बिच्छू का भय बना रहता है। समस्या का समाधान कराने की बात करने पर अधिकारी अभद्र भाषा का प्रयोग करते है। कुछ दिनों पहले भी बिजली व्यवस्था में सुधार करने की मांग को लेकर कॉलोनी के कुछ लोग अभियंता से बात करने अंगारपथरा विद्युत सब डिवीजन गए थे, जिससे नाराज होकर बीसीसीएल कर्मी विमला देवी, लालू रजक एवं सुबोध प्रसाद पर विभागीय कार्यवाई कर उन्हें निलंबित कर दिया गया। यही नहीं, उसके पुत्र पर प्राथमिकी भी दर्ज करा दी गयी है। उन्होंने कहा कि जब से उक्त अभियंता यहां आये हैं तब से मुदिदिह की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। 24 घंटे में महज 2-4 घंटे ही बिजली रहती है। मरम्मति की बात करने पर वे लोग विटामिन एम की मांग करते हैं। उधर, हंगामें की सूचना पाकर करीब 2 घंटे बाद तेतुलमारी पुलिस और सीआईएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे। फिर महाप्रबंधक से आंदोलनकारियों की फोन पर बात हुई जिसमें समस्या का समाधान करने की बात कही गयी। तब जाकर महिलाएं मानी और वापस चली गयी। इस मौके पर शकुंतला देवी, रीना देवी, सरिता देवी, कविता सिंह, राधा देवी, विन्दा देवी, सरोजनी देवी, रीता देवी, ममता देवी और माला देवी आदि मौजूद रहीं।

# घर में काम के दौरान मजदूर की मौत, आक्रोशित लोगों का झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग जाम कर हंगामा

- घर के दरवाजे पर ताला लगाकर भागी मकान मालकिन

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** थाना क्षेत्र के इंदिरा चौक स्थित खोखन दा के घर में काम करने के दौरान एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसकी पहचान किशोर भुइंया के रुप में हुई है। वह लोदना 12 नंबर रक्षा काली का रहने वाला था। उधर, परिजनों का आरोप है कि मकान मालकिन ने किशोर भुइयां की मौत से संबंधित हमें कुछ नहीं बताया। बिना बताए आनन-फानन में इलाज कराया। जहां उसकी मौत हो गई। किशोर भुइंया की मौत हो जाने के बाद हमें सूचना दी गयी। दूसरी ओर, घटना के बाद



मालकिन घर में ताला लगाकर फरार हो गई। इससे आक्रोशित परिजनों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया। परिजनों की मानें तो किशोर पिछले एक साल से उस घर में काम करता था। घटना के बाद मालकिन ताला लगाकर फरार हो गई, जिससे मामला और भी रहस्यमयी बन गया है। उधर, घटना की खबर मिलते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर झरिया-इंदिरा चौक मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इस कारण सड़क पर यातायात बाधित हो गया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। लोग मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और महिला की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। उधर, घटना की सूचना पाकर झरिया पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों एवं प्रदर्शनकारियों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, स्थानीय लोगों का आरोप है कि मजदूर की मौत लापरवाही से हुई है। घर की मालकिन की भूमिका भी संदिग्ध है। इस पर पुलिस ने आश्वासन दिया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## परिजन गये पूजा करने, युवती ने घर में लगा ली फांसी

**झरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ऊपर राजबाड़ी में बुधवार की रात 22 वर्षीय युवती द्वारा घर में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान साक्षी वर्मा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, साक्षी के परिवार के सभी सदस्य हजारीबाग से ग्रामीण पूजा कर घर लौटे थे। रात को भोजन के बाद साक्षी ऊपर वाले तल्ले में चली गई। हालांकि काफी समय तक जब वह नीचे नहीं उतरी तो परिजन को संदेह हुआ। वे लोग उसे देखने उसके कमरे में गये, तो वहां का दृश्य देखकर होश उड़



गए। साक्षी फंदे से लटकी हुई थी। सूत्रों की मानें तो मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है, हालांकि अभी तक इसकीआधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही झरिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वहीं, झरिया पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मोबाइल डेटा खंगाले जाने के बाद ही आत्महत्या के पीछे की असली वजह सामने आ सकेगी।

## जीतपुर कोलियरी में दूसरे दिन धरना जारी

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। सेल जीतपुर कोलियरी खदान को प्रबधन की ओर से पूर्ण रूप से बंद किए जाने से राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के नेतृत्व में दूसरे दिन धरना शुरू किया गया है, जो गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहै। मजदूरों ने कोलियरी के मुख्य गेट पर प्रदर्शन करते हुए प्रबंधन विरोधी नारे लगाए। वहीं उत्पन्न हालात को देखते हुए प्रबंधन की ओर से पुलिस को तैनात कर दिया गया है। राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के शाखा सचिव रंजीत यादव उर्फ गुड्डू यादव ने कहा कि कोलयरी को एक साजिस के तहत बंद किया गया है जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। प्रबंधन को उक्त कोलियरी को खोलना ही होगा।**

## डीएमटीएफ समिति की बैठक में डीसी ने दिये जरूरी निर्देश

# अवैध खनन में संलिप्त धंधेबाजों में प्रशासन का भय होना जरूरी: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिले में अब खनन से जुड़े धंधेबाजों की खैर नहीं। उन्हें हरगिज बख्शा नहीं जाएगा। धंधे से जुड़े वाहनों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। जिला प्रशासन अवैध खनन पर हर हाल में अंकुश लगाने को कृतसंकल्प है। एसपी कार्यालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स समिति (डीएमटीएफ) की गुरुवार को हुई बैठक में डीसी अजय नाथ झा ने इसके संकेत दिए। उन्होंने अवैध खनन से जुड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि धंधेबाजों में प्रशासन का खौफ होना चाहिए। प्रशासन की कार्रवाई दिखनी भी चाहिए, ताकि जनता का भरोसा कायम हो। इसके लिए थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्रों में



### सामूहिक समन्वय से कार्रवाई को बनाये असरदार

**डीसी ने सामूहिक समन्वय से कार्रवाई को असरदार बनाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने परिवहन विभाग, खनन विभाग एवं मोटरयान निरीक्षक को एकजुट होकर अभियान चलाने का निर्देश दिया। लगे हाथ जब्त खनिजों के सुरक्षित भंडारण के लिए स्टॉक यार्ड की भूमि चिन्हित करने का निर्देश सीओ को दिया।साथ ही अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस की जिला प्रशासन के प्रतिबद्धता दोहराया। बैठक में एसपी हरविंदर सिंह, अपर समाहर्ता मोहम्मद मुमताज अंसारी, एस डी एम चास सुश्री प्रांजल ढंडा, डीएसपी मुख्यालय, सिटी डीएसपी आदि पदाधिकारी मौजूद थे।**

नियमित गश्त करें। अवैध खनन कारोबार से जुड़े वाहनों के मालिकों पर भी प्राथमिकी दर्ज. कर कार्रवाई होनी चाहिए। डीसी ने एसडीओ-एसडीपीओ को इसकी निगरानी करने का निर्देश दिया।

# हिलटॉप परियोजना पर संग्राम



- रैयतों का आरोप- गिरिडीह के मसले पर जबरन प्रभाव जमाने की कोशिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** कोयलांचल की धरती पर एक बार फिर विकास बनाम राजनीति की टकराहट साफ दिख रही है। बाघमारा अंचल अंतर्गत बाबूडीह गांव के समीप प्रस्तावित हिलटॉप एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की आउटसोर्सिंग परियोजना को लेकर जहां प्रशासनिक अमला जमीन मापी जैसे संवेदनशील कार्य को निष्पक्षता से संपन्न कराने में जुटा है, वहीं यह मसला अब औद्योगिक निवेश से आगे बढ़कर झारखंड की राजनीति के नए मोर्चे के रूप में सामने आ रहा है। गुरुवार को सीओ के निर्देश पर भूमि मापी के लिए अमीनों, बीसीसीएल, हिलटॉप प्रतिनिधियों एवं भारी पुलिस बल की उपस्थिति ने प्रशासन की गंभीरता को दर्शाया, लेकिन इस बीच स्थानीय रैयत महिलाओं और पुलिस के बीच हुई कहासुनी की खबर ने जमीनी हालात की संवेदनशीलता को भी उजागर कर दिया। हालांकि प्रशासन ने कहासूनी होने की कोई भी बात से साफ इंकार किया हैं। राजनीतिक हलकों में इस मामले ने तब और ज्यादा तूल पकड़ लिया जब यह खबर आई कि शुक्रवार को भूमि मापी के दौरान धनबाद सांसद ढुल्लू महतो भी मौके पर पहुंच सकते हैं। स्थानीय रैयतों के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि यह हस्तक्षेप केवल एक सांसद की क्षेत्रीय सीमाओं से बाहर निकलकर राजनीतिक वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश है।

**गिरिडीह बनाम धनबाद : सीमाएं धुंधली, राजनीति स्पष्ट**

बताते चलें कि हिलटॉप परियोजना जिस क्षेत्र में स्थित है वह गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां से सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी पहले से ही विस्थापन, पुनर्वास एवं भूमि अधिग्रहण जैसे मुद्दों को लेकर बीसीसीएल और हिलटॉप प्रबंधन से वार्ता कर चुके हैं। ऐसे में धनबाद सांसद की उपस्थिति को राजनीतिक अतिक्रमण के रूप में देखा जा रहा है। यह टकराव केवल दो सांसदों या दो राजनीतिक दलों के बीच का नहीं, बल्कि यह झारखंड की औद्योगिक नीति बनाम जमीनी राजनीति का नया उदाहरण बनता जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा नुकसान उन स्थानीय ग्रामीणों और रैयतों को होगा, जिनके सामने एक ओर पुनर्वास और रोजगार का आश्वासन है, वहीं दूसरी ओर राजनैतिक खींचतान की आग में जलती जमीन। यदि ऐसी परिस्थितियां बनी रहीं तो न केवल हिलटॉप परियोजना का भविष्य अधर में रहेगा, बल्कि गिरिडीह जैसे संसाधन संपन्न क्षेत्र में कोई भी कंपनी निवेश करने से कतराएगी। यह औद्योगिक विकास की संभावनाओं को गहरी चोट पहुंचा सकता है। गौरतलब हो कि झारखंड के बाघमारा में औद्योगिक निवेश और विकास की राह हमेशा से कठिन रही है, लेकिन जब यह राह राजनीतिक टकराव का अखाड़ा बन जाए, तब नुकसान सिर्फ परियोजनाओं का नहीं होता, बल्कि जनता का भविष्य भी दांव पर लग जाता है। ऐसे में समय की मांग है कि राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन और सभी संबंधित जनप्रतिनिधि इस मुद्दे को राजनीति से ऊपर उठकर जनहित और विकास की दृष्टि से सुलझाएं।

## 9 जुलाई को आहूत बंद को सफल बनाने के लिए बीसीकेयू ने रामकनाली में निकाला जुलूस




**कतरास (आजाद सिपाही)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बिहार कोलियरी कामगार यूनियन कतरास क्षेत्रीय समिति के तत्वावधान में गुरुवार को रामकनाली कोलियरी कार्यालय से जुलूस निकाला गया। जो विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए रामकनाली पहुंची। वहां राजेंद्र प्रसाद राजा की अध्यक्षता में एक सभा भी की गयी ।अपने संबोधन में वक्ताओं ने 9 जुलाई को राष्ट्रीय व्यापी मजदूरों की हड़ताल को सफल बनाने कि अपील की। सभा को बीसीकेयू कतरास क्षेत्रीय समिति के कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक महतो, क्षेत्रीय सचिव सुनील महतो, संजय महतो,रोबिन महतो, मो.रिजवान,अमृत महतो, लवकुमार रवानी, सुभाष राजवार,लेखराज,राजु राजवार,सीपी लहरे, युधिष्ठिर बाउरी, राजेश पासवान, विनोद कुमार, पिंटू विश्वकर्मा, रामदास भुइंया ने भी संबोधित किया। इस अवस रप सीटू झारखंड राज्य सचिव राजेंद्र प्रसाद राजा ने कहा कि चार लेबर कोड़ मजदूरों की गुलामी का दस्तावेज है। मजदूरों को इससे बचाने के लिए हड़ताल बुलायी गयी है।

झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
विद्युत आपूर्ति अंचल, राँची।
रजि० ऑफिसरू कुसई कॉलोनी, डोरण्डा, राँची पिन न०-834002,

सूचना

मुहर्रम कार्यक्रम/जुलुस आयोजकों एवं आम जनता से अपील

दिनांक 06.07.2025 (रविवार) को मुहर्रम कार्यक्रम/जुलुस के दौरान विद्युत आपूर्ति बन्द नहीं की जाएगी।अतः जुलुस के दौरान सुरक्षा के दृष्टीकोण से निम्नलिखित सावधानी/नियमों का अनुपालन करना आवश्यक है:-

1. जुलुस में निकलने वाले ताजिया, वाहनों पर साउण्ड सिस्टम(DJ) एवं झाँकियों की अधिकतम ऊँचाई 4 मीटर (13 फीट) तक सीमित हो।
2. बसों एंव अन्य बड़ी वाहनों के छतों पर कोई व्यक्ति न बैठे एवं उस पर किसी तरह की कोई ऊँची सामग्री/ ऊँचा ताजियालगा न हो जिससे जमीन से कुल ऊँचाई 4 मीटर (13 फीट) से ज्यादा न हो।
3. समितियों द्वारा पर्याप्त संख्या में volunteers की तैनाती रखनी होगी।जुलुस के दौरान समिति के volunteersजुलुस के साथ चल रहे आम जनता पर लगातार विशेष निगरानी रखेगें जिससे किसी के भी लापरवाही/गलती से कोई दुर्घटना न हो।
4. आम जनता तथा जुलुस में सम्मलित व्यक्ति मार्ग में पड़ने वाले बिजली के पोल, तार एवं अन्य बिजली केउपकरणों को छुने अथवा किसी डंडे या अन्य माध्यम से भी सम्पर्क करने की कोशिश न करें।
5. जुलुस में बड़ी/ऊँची वाहनों का प्रयोग न करें।
6. मुहर्रम के दौरान किसी भी तरह की विद्युत से संबंधित समस्या होने पर निम्नलिखित दुरभाष सं0 पर सम्पर्क किया जा सकता है:-

| | |
|---|---|
| विद्युत नियंत्रण कक्ष, कुसई कॉलोनी | – 9431135682 |
| विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत आपूर्ति अंचल, राँची | – 9431135662 |
| विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल राँची (केन्द्रीय) | – 9431135613 |
| विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल डोरण्डा | – 9431135608 |
| विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल न्यु कैपिटल | – 9431135620 |
| विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल राँची (पूर्वी) | – 9431135614 |
| विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल राँची (पश्चिमी) | – 9431135664 |
| विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल कोकर | – 9431135615 |
| विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल खूँटी | – 9431135616 |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

ह०/-
विद्युत अधीक्षण अभियंता
विद्युत आपूर्ति अंचल, राँची

PR.NO.356436 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26):D

# भारत में लोकतंत्र सिस्टम नहीं, संस्कार है: मोदी

- प्रधानमंत्री ने घाना की संसद को संबोधित किया
- घाना में नेशनल अवॉर्ड मिलना सम्मान की बात

एजेंसी

**एक्रॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना की संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है। यह लोकतंत्र की भावना से भरी हुई धरती है। घाना पूरे अफ्रीका के लिए प्रेरणा का केंद्र है। मोदी ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। यह हमारे लिए एक सिस्टम नहीं, बल्कि संस्कार है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत दुनिया के लिए शक्ति का स्तंभ है। एक मजबूत भारत एक स्थिर और समृद्ध दुनिया में योगदान देगा। बताते चलें कि प्रधानमंत्री 2 जुलाई से 10 जुलाई तक विदेश



यात्रा पर हैं। इस दौरान वे 5 देशों में जायेंगे। घाना उनका पहला पड़ाव है। प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार को घाना का सर्वोच्च सम्मान 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' दिया गया था। दोनों देशों ने 4 अलग-अलग समझौते (एमओयू) भी साइन किये।

### 140 करोड़ लोगों की ओर से धन्यवाद

मोदी ने कहा कि घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा से नेशनल अवॉर्ड मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत के 140 करोड़ लोगों की ओर से मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं। हमारी दोस्ती आपके मशहूर शुगर लोफ अनानास से मीठी है।

### भारत की फिलॉसिफी ह्यूमैनिटी फर्स्ट

प्रधानमंत्री ने कहा कि घाना जी20 का स्थायी सदस्य बना। यह भारत की प्रेसीडेंसी में मुमकिन हुआ। भारत की फिलॉसिफी ह्यूमैनिटी फर्स्ट है। हम सभी के खुश रहने में यकीन रखते हैं। हमें घाना में एक ऐसा देश दिखायी देता है, जो साहस के साथ हर चुनौती का बहादुरी से सामना करता है। हम एक उज्ज्वल और टिकाऊ भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अफ्रीका के डेवलपमेंट फ्रेमवर्क का समर्थन करते हैं।

### दोनों देशों के बीच ये चार एमओयू हुए

- विदेश मंत्रालय लेबल पर जॉइंट कमीशन बैठक की स्थापना करना।
- पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में दोनों देश एक्सपर्ट्स की ट्रेनिंग और एक्सपीरियंस शेयर करेंगे।
- कल्चरल एक्टिविटी से जुड़ा है, जिससे सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
- स्टैंडर्ड सेटिंग (प्रोडक्ट और सर्विस के लिए गुणवत्ता नियम तय करना) करना, जिससे आर्थिक सहयोग बढ़ेगा।

# पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर दिल्ली हाइकोर्ट की रोक

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली हाइकोर्ट ने गुरुवार को पतंजलि को निर्देश दिया है कि वह डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भी नकारात्मक या भ्रामक विज्ञापन न दिखाए। यह आदेश जस्टिस मिनी पुष्करणा ने डाबर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। डाबर ने कोर्ट में तर्क रखा कि इस तरह के विज्ञापन न सिर्फ उनके उत्पाद को बदनाम करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को गुमराह भी करते हैं। च्यवनप्राश एक पारंपरिक आयुर्वेदिक औषधि है, जिसे ड्रग्स और कॉस्मेटिक एक्ट के तहत नियमानुसार ही बनाना होता है। ऐसे में अन्य ब्रांड्स को सामान्य कहना गलत, भ्रामक और नुकसानदायक है।

# शमिक भट्टाचार्य निर्विरोध चुने गये बंगाल भाजपा के अध्यक्ष

- कमान संभालते ही तृणमूल को सत्ता से उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प
- कहा- अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में तृणमूल का विसर्जन तय

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में साल 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश भाजपा को गुरुवार को नया अध्यक्ष मिला। राज्यसभा सदस्य एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता शमिक भट्टाचार्य (61) को आधिकारिक तौर पर बंगाल भाजपा का नया अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। कोलकाता के साइंस सिटी में इस दिन दोपहर में आयोजित भव्य अभिनंदन समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं बंगाल भाजपा अध्यक्ष चुनाव के केंद्रीय प्रभारी रविशंकर प्रसाद ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की और उन्हें अध्यक्ष पद पर चुने जाने का प्रमाण पत्र सौंपा। शमिक



### कंधे से कंधा मिला कर लड़ेंगे : सुकांत

इस दौरान सुकांत ने उन्हें कमान सौंपते हुए कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में शमिक भट्टाचार्य के नेतृत्व में हम सभी कंधे से कंधे मिला कर लड़ेंगे और तृणमूल को सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे। मालूम हो कि शमिक को बंगाल भाजपा की कमान ऐसे समय में मिली है, जब राज्य में अगले साल की शुरुआत में ही विधानसभा चुनाव होने हैं।

### शमिक भट्टाचार्य का संक्षिप्त परिचय

पांच नवंबर 1963 को जन्मे शमिक भट्टाचार्य का अभी बंगाल से भाजपा के राज्यसभा सदस्य हैं। अप्रैल 2024 में उन्होंने पहली बार राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली थी। आरएसएस की पृष्ठभूमि से आने वाले शमिक 2020 से अभी तक प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। एक बार उपचुनाव में जीत दर्ज कर साल 2014 से 2016 तक वे उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं।


निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं, क्योंकि बुधवार को किसी अन्य उम्मीदवार ने इस पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मुझे बहुत प्रसन्नता है कि सर्वसम्मति से शमिक भट्टाचार्य का चुनाव हुआ है, उन्हें बहुत बधाई देता हूं।

शमिक ने सुकांत मजूमदार की जगह ली है, जो सितंबर, 2021 से ही प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालते आ रहे थे।

वहीं, अध्यक्ष की कमान संभालते ही शमिक ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को बंगाल की सत्ता से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। शमिक ने कहा, पूरे बंगाल के लोगों का एक ही मूड है - ममता बनर्जी सरकार का विसर्जन और यही हमारा नारा है- 2026 का निर्वाचन, तृणमूल का विसर्जन। हमें विश्वास है कि इस बार कोई गलती नहीं होगी, नये मतदाता सूची पर चुनाव होंगे और बंगाल के लोग मतदान के लिए बाहर निकलेंगे और तृणमूल को उखाड़ फेंकेंगे। अभिनंदन समारोह में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सुकांत मजूमदार, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी, बंगाल भाजपा के केंद्रीय प्रभारी सुनील बंसल व मंगल पांडेय मौजूद थे।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**